* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

31 मार्च, 2024
चैत्र, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 159

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


हेमंत सोरेन समेत पांच के खिलाफ आरोप पत्र दायर




CELEBRATING 26th YEARS OF EXCELLENCE

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

Ranked
No. 1 Institute
of Eastern India
(By India Today Survey)





GOAL - The Result Factory

## *Thank you Jharkhand for trusting us*
### *and making GOAL the most trusted and reputed Institute of Eastern India.*

*17000+ Medicos, Doctors & Engineers in last 26 years.* | *Most of the Top Rankers of Jharkhand are from GOAL.*

*Goal Education Village - The ideal and unique campus of Eastern India for Preparatory education.*

Most of the **NEET 2023** TOPPERS of **JHARKHAND** in all Categories are from **GOAL Institute**




**Scholarship Test EVERYDAY (2 PM to 4 PM)** for All Courses of Medical & Engineering | UPTO **100%** SCHOLARSHIP | **40%** Additional Early Admission Rebate *valid till 15th April 2024 | **17000+** Doctors/Medicos & Engineers | **1.6 Lakh+** Satisfied Guardians | FACILITIES: LIBRARY, HOSTEL, TRANSPORT

Scan QR Code to know more about GOAL

**GOAL's Result Oriented Courses**

- FOUNDATION PROGRAM (for 10th Passed/Appeared)
- TARGET PROGRAM (for 12th Passed/Appeared)
- FRESHER PROGRAM (for 11th Passed/Appeared)
- TEST & DISCUSSION PROGRAM (for 12th Passed/Appeared) Starts from July
- ACHIEVER PROGRAM (for 12th Passed/Appeared)
- PRE-FOUNDATION PROGRAM for Class 9th & 10th Studying Students

**RANCHI (LALPUR) :** 504, 5th Floor, R.S. Tower, Near Pantaloons, Lalpur, Ranchi | **RANCHI (HINOO) :** 302, 303, 3rd Floor, Indira Palace, Main Road, Hinoo, Ranchi
**DHANBAD (Office & Classroom) :** GOAL Empire, Memko More, Dhaiya, Dhanbad, Mob. : 9334098595, 9308057050

**OTHER GOAL CORPORATE BRANCHES :**
**DELHI :** 7564900045, **PATNA :** 0612-3508700, **BHILAI :** 07884013502, 09826943595, **RAIPUR :** 07714060711, 07415884100

7564900041/ 42 / 43    www.goalinstitute.org    Follow us on

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 31 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in



# झारखंड में अपनी सबसे सुरक्षित सीट पर विवाद में भाजपा

## ■ धनबाद के पार्टी उम्मीदवार को लेकर उठने लगे विरोध के स्वर

## ■ विरोधियों पर हमला करने के पहले सौ बार सोचना पड़ेगा भाजपा को

## ■ विपक्ष के तमाम उम्मीदवारों पर जितने मामले दर्ज होंगे, उनसे अधिक अकेले ढुल्लू महतो पर चल रहे हैं

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड में भाजपा के लिए सबसे सुरक्षित मानी जानेवाली धनबाद लोकसभा सीट पर दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी गंभीर विवाद में फंस गयी है। लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी ने धनबाद से हैट्रिक लगा चुके सांसद पीएन सिंह का टिकट काट कर बाघमारा के बाहुबली विधायक ढुल्लू महतो को टिकट देकर मैदान में उतारा है। इसके बाद से ही सियासी सरगर्मी तेज हो गयी है। धनबाद में भाजपा तो दो धड़ो में बंट ही गयी है, यहां के लोग और खासकर व्यवसायी वर्ग भ पार्टी प्रत्याशी का खुल कर विरोध करने लगे हैं। भाजपा ने ढुल्लू महतो को धनबाद से उम्मीदवार क्यों बनाया है, इस बारे में अब तक आधिकारिक रूप से कोई जानकारी सामने नहीं आयी है, लेकिन कहा जा रहा है कि पार्टी को ओबीसी के साथ अपनी नजदीकी साबित करने के लिए ही ढुल्लू महतो जैसे नेता पर दांव लगाना पड़ा है। पार्टी नेतृत्व को शायद यह पता नहीं था कि उसके द्वारा घोषित उम्मीदवार अपने खिलाफ दर्ज गंभीर अपराधों के मामलों में हाफ सेंचुरी लगाने से बस कुछ ही कदम दूर हैं। अब तो धनबाद में यह बात भी कही जा रही है कि यदि ढुल्लू महतो को ही उम्मीदवार बनाये रखा गया, तो भाजपा को अपनी सबसे सुरक्षित सीट पर भी परेशानी झेलनी पड़ सकती है, क्योंकि ढुल्लू महतो से समाज का एक बड़ा तबका नाराज भी है, प्रताड़ित भी। हालांकि पार्टी आलाकमान ने धनबाद में पैदा हुई स्थिति के डैमेज कंट्रोल की कोशिश शुरू कर दी है, लेकिन इसका कितना असर होगा, यह अभी देखना बाकी है। क्या है धनबाद में ढुल्लू महतो को लेकर विवाद और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

भाजपा ने झारखंड की 14 में से 13 लोकसभा सीटों के लिए जिन प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की है, उनमें बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। वह ऐसे शख्स हैं, जिनका 49 आपराधिक मामलों में नाम आया। उनकी पहचान एक बाहुबली नेता के रूप में होती है। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में उनका सिक्का चलता है। भाजपा ने उन्हें झारखंड में अपनी सबसे सुरक्षित मानी जानेवाली सीट धनबाद से टिकट दिया है, लेकिन इससे गंभीर विवाद पैदा हो गया है। यहां यह उल्लेखनीय है कि धनबाद को छोड़ कर किसी और सीट पर भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ विरोध के ऐसे स्वर नहीं सुनाई दिये।

### कौन हैं ढुल्लू महतो

ढुल्लू महतो बाघमारा के चिटाही गांव के हैं। उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई की है। महेशपुर कोलियरी में मजदूर के रूप में काम शुरू किया, लेकिन उनकी महत्वाकांक्षा बड़ी थी। उनको रास्ता दिखाया समरेश सिंह जैसे नेता ने। ढुल्लू महतो ने 'टाइगर फोर्स' के नाम से एक संगठन बना कर मजदूरों के हक की आवाज बुलंद की। इनका भाग्योदय झारखंड विकास मोर्चा से हुआ, जिसका विलय भाजपा में हो चुका है। वह 2009 में बाघमारा से प्रत्याशी बन गये और जलेश्वर महतो जैसे कद्दावर नेता को हरा कर अपनी पहचान बना ली। जीत मिलते ही उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया और उसके बाद 2014 और 2019 का चुनाव भाजपा की टिकट पर जीत गये। राजनीति के दांव-पेंच सीख चुके ढुल्लू महतो ने ऐसी फील्डिंग लगायी कि उन्हें पार्टी ने धनबाद से भाजपा का प्रत्याशी बना दिया।

### 2019 के विधानसभा चुनाव में 824 मतों से जीते थे

जिस ढुल्लू महतो को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है, वह वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में महज 824 मतों के अंतर से विजयी हुए थे। ढुल्लू महतो के प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवार जलेश्वर महतो ने उन्हें कड़ी टक्कर दी थी। जलेश्वर महतो ने ढुल्लू महतो की जीत को न्यायालय में चुनौती देते हुए पुनर्मतगणना कराने की भी मांग की है। इस तरह ढुल्लू महतो के लिए लोकसभा चुनाव 2024 चुनौती भरा हो सकता है। उन्हें प्रत्याशी बनाये जाने का पार्टी के अंदर भी एक गुट की ओर से विरोध किया जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी को चुनाव में पटकनी देकर धनबाद सीट पर जीत हासिल करना चुनौतीपूर्ण होगा।



### ढुल्लू महतो तोड़ेंगे पीएन सिंह का रिकॉर्ड!

धनबाद लोकसभा सीट से पिछले तीन बार से भाजपा के पशुपतिनाथ सिंह लगातार जीत हासिल कर रहे हैं। 2014 में 2.93 लाख और 2019 के चुनाव में 4.86 लाख वोटों के अंतर से जीतने वाले पीएन सिंह के इस रिकॉर्ड को ढुल्लू महतो क्या तोड़ पायेंगे? यह सवाल सभी के मन में है।

### सरयू राय ने भी खोला है मोर्चा

भितरघात और नाराजगी झेल रहे ढुल्लू महतो के खिलाफ जमेशदपुर पूर्वी के विधायक सह भाजमो सुप्रीमो सरयू राय ने भी मोर्चा खोल दिया है। राय ने कहा है कि चुनाव लड़ना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है, लेकिन यदि धनबाद की जनता को जरूरत पड़ी कि यहां बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधेगा, तो मैं इसके लिए तैयार हूं। चुनाव मैदान में भी उतर कर ऐसे तत्वों के खिलाफ लड़ाई लड़ूंगा। इससे संकेत मिलता है कि सरयू राय धनबाद लोकसभा सीट से ढुल्लू महतो के खिलाफ चुनाव लड़ने का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा कि वह चुनाव आयोग और इडी से शिकायत कर ढुल्लू महतो की संपत्ति की जांच करने की मांग करेंगे, ताकि चुनाव के दौरान धनबल का खेल न हो। वैसे माना जा रहा है कि मोदी लहर में लोकसभा चुनाव में इस बार भी भाजपा उम्मीदवारों की नैया पार लग जायेगी, लेकिन सवाल यह है कि क्या धनबाद सीट पर भी ऐसा ही होगा, क्योंकि ढुल्लू महतो को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है। ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाये जाने के साथ ही उनके समर्थकों में खुशी का माहौल है, जबकि उनके राजनीतिक विरोधी ढुल्लू महतो पर दर्ज विभिन्न मुकदमों को चुनाव में मुद्दा बनाने की कोशिश में लगे हैं। चुनाव का परणाम चाहे जो हो, लेकिन इतना तय है कि इस चुनाव में भाजपा के नेता भ्रष्टाचार और अपराध पर विपक्ष के नेताओं पर तीर नहीं चला सकेंगे। इसका मुख्य कारण यह है कि विपक्ष के तमाम उम्मीदवारों पर जितने मुकदमे दायर होंगे, सब मिला कर उससे अधिक मुकदमे सिर्फ ढुल्लू महतो पर चल रहे हैं। इसमें आर्थिक अपराध से लेकर रंगदारी, लूट, मारपीट, जानलेवा हमले जैसे संगीन मामले शामिल हैं।

### धनबाद में हो रहा है ढुल्लू महतो का विरोध

उम्मीदवार बनाये जाने के बाद से ही धनबाद में ढुल्लू महतो का विरोध शुरू हो गया है। धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को पत्र लिख कर ढुल्लू महतो को टिकट दिये जाने पर कई सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के क्रियाकलापों का पत्र में उल्लेख किया है। पत्र जारी होने के बाद भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो और कृष्णा अग्रवाल के बीच कभी नरम तो कभी गर्म बातचीत का एक ऑडियो भी वायरल हुआ है। इसके अलावा ढुल्लू महतो के खिलाफ मोर्चा लेनेवाले बियाडा प्रमुख विजय झा और धनबाद संसदीय क्षेत्र के तमाम कारोबारियों ने ढुल्लू महतो को उम्मीदवार बनाये जाने का विरोध किया है। धनबाद संसदीय क्षेत्र के आम लोग भी भाजपा प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। धनबाद की मौजूदा स्थिति यह है कि भाजपा के नामचीन चेहरे तो पार्टी आलाकमान के निर्णय का विरोध नहीं कर रहे, ढुल्लू महतो जब जा रहे हैं, तो वे मिल भी रहे हैं, लेकिन अंदरखाने की खबर यह है कि उनके खिलाफ आग सुलग रही है। उनके खिलाफ एक योग्य उम्मीदवार को खड़ा करने की तैयारी चल रही है। उनमें सरयू राय का भी नाम सामने आ रहा है। अभी तक धनबाद के पांच सौ से ज्यादा नामचीन लोगों, संगठनों और एनजीओ में कार्यरत लोगों ने सरयू राय से चुनाव लड़ने का आग्रह किया है।

# हाफ सेंचुरी से मात्र एक कदम दूर

### ■ हत्या के प्रयास के 21, रंगदारी के 13 और आर्म्स एक्ट-विस्फोटक के 15 मामले

### ■ चार में सजा हो चुकी है, 17 में हो चुके हैं बरी, 28 मामले विचाराधीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धनबाद संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवार बनाये गये बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो अपने खिलाफ दर्ज मामलों की हाफ सेंचुरी लगाने से महज एक कदम दूर हैं। इसके बावजूद इस बार उन्होंने ऐसी फील्डिंग सजायी कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें झारखंड की अपनी सबसे सुरक्षित सीट से उम्मीदवार बना दिया। ढुल्लू महतो को दो मामलों में सजा मिल चुकी है, जबकि 14 में वह बरी हो गये हैं। बाकी मामलों में ट्रायल चल रहा है। चार साल पहले पुलिस हिरासत से वारंटी को छुड़ाने और पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ने के मामले में उन्हें डेढ़ साल की सजा हुई थी। ढुल्लू महतो कई बार अलग-अलग मामलों में जेल जा चुके हैं। उन्हें कई मामलों में जमानत मिली हुई है। कई बार पुलिस से बचने के लिए फरार रहे हैं।

इन पर एक महिला नेत्री ने यौन शोषण का आरोप लगाया था। साल 2015 के मामले में हाइकोर्ट के कहने पर अक्टूबर 2019 में प्राथमिकी और फरवरी 2020 में 164 के तहत महिला का बयान भी दर्ज हुआ था, लेकिन बाद में महिला अपने बयान से मुकर गयी थी। इस वजह से ढुल्लू महतो को कोर्ट ने बरी कर दिया था।

### ढुल्लू महतो पर लगे हैं कई गंभीर आरोप

ढुल्लू महतो पर हत्या, हत्या की कोशिश, यौन शोषण, आर्म्स एक्ट, एससी-एसटी एक्ट, सरकारी काम में बाधा डालने, सरकारी कर्मियों के साथ मारपीट, अपराध के षडयंत्र में शामिल, शांति भंग करने जैसी गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। इसके अलावा जमीन लूटने, डराने-धमकाने, रंगदारी मांगने और हत्या के प्रयास के साथ अपहरण के मामले भी लंबित हैं। इसी साल फरवरी में सात ग्रामीण परिवारों ने प्रशासनिक अधिकारियों से मिल कर ढुल्लू महतो के अत्याचार से बचाने की गुहार लगायी थी। ग्रामीणों का आरोप था कि ढुल्लू महतो रामराज मंदिर के लिए ग्रामीणों पर जबरन पुश्तैनी जमीन दान में देने का दबाव डालते हैं। मंदिर के बाहर मौजूद ग्रामीणों की दुकान को बांस से घेरवाकर पर्दा डलवा दिया, ताकि कारोबार ना हो सके।

## भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू पर दर्ज मुकदमों का विवरण

ढुल्लू महतो के खिलाफ पहली प्राथमिकी 26 मार्च 1997 को बाघमारा के बरोरा थाना में दर्ज हुई थी। इसके बाद से उनके खिलाफ अब तक कुल 49 मामले दर्ज हो चुके हैं। ढुल्लू महतो पर दर्ज आपराधिक कांड का विवरण कुछ इस प्रकार है:

| थाना | कांड संख्या-धारा | अद्यतन स्थिति |
|---|---|---|
| 1. बरोरा | 63/97-147, 148, 149, 323, 307, 326, 325, 506 | 2011 में रिहा |
| 2. बरोरा | 199/2000-341, 323, 379, 384, 504, 34 | विचाराधीन |
| 3. बरोरा | 81/01-341, 323, 324, 504 | विचाराधीन |
| 4. बरोरा | 230/01-147, 148, 149, 323, 324, 325, 307, 385, 427 | विचाराधीन |
| 5. बरोरा | 91/2003-385, 3(2डी) प्रिवेंशन ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट, 1984 | 2006 में रिहा |
| 6. बरोरा | 97/2003-385, 3(2डी) प्रिवेंशन ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट, 1984 | जुलाई 2011 में रिहा |
| 7. बरोरा | 272/03-147, 148, 149, 341, 427, 323 और आर्म्स एक्ट की धारा 27 | जुलाई 2006 में रिहा |
| 8. बरोरा | 274/03-147, 148, 149, 448, 506, 379, 427, 341, 342 | विचाराधीन |
| 9. बरोरा | 27/04-143, 341, 3(2डी) प्रिवेंशन ऑफ पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट, 1984 | जुलाई 2011 में रिहा |
| 10 गोविंदपुर (बरवड्डा) | 225/04-143, 341, 353 | सितंबर 2011 में रिहा |
| 11. बरोरा | 343/04-379, 341, 323 | सितंबर 2006 में रिहा |
| 12. बरोरा | 165/05-147, 379, 323, 341, 504, 427 | प्रतिवेदन समर्पित |
| 13. महुदा | 242/05-147, 148, 149, 332, 333, 341, 342, 353, 504, 291 | 25 फरवरी 2016 को सजा |
| 16. बरोरा | 133/06-143, 144, 341, 353, 504, 290 | सजा |
| 17. बरोरा | 149/06-147, 148, 149, 341, 342, 379, 307, 323, 504 | मार्च 2019 में रिहा |
| 18. बरोरा | 150/06-147, 148, 149, 341, 342, 379, 307, 323, 504 | विचाराधीन |
| 19. बरोरा | 307/06-147, 149, 353, 332, 224, 511 | जनवरी 2016 को सजा |
| 20. बरोरा | 105/07-147, 148, 149, 323, 341, 307, 504 | जनवरी 2016 में रिहा |
| 21. बरोरा | 105/08-147, 149, 341, 323, 325, 379, 307, 504 | दिसंबर 2014 में रिहा |
| 22. बरोरा | 114/08-147, 148,149, 341, 323, 504, 307, 506, 379, 356 | जुलाई 2015 में रिहा |
| 23. कतरास (रामकनाली) | 39/09-147, 148, 149, 341, 323, 387, 307, 27 आर्म्स एक्ट | विचाराधीन |
| 24. बरोरा | 207/10-147, 148, 149, 323, 341, 342, 353, 383, 186, 504, 506 और लोक संपत्ति निवारण अधिनियम | 2017 में रिहा |
| 25. धनबाद | 343/11-341, 323, 353, 504 | सितंबर 2015 में रिहा |
| 26. बरोरा | 226/11-341, 323, 504, 307, 506, 120बी, 34 | जनवरी 2015 में रिहा |
| 27. लोयाबाद | 46/12-147, 148, 324, 326, 307, 302, 27 आर्म्स एक्ट और 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम | अगस्त 2018 में रिहा |
| 28. बरोरा | 25/13-147, 148, 149, 447, 448, 341, 323, 324, 326, 307, 120बी, 27 आर्म्स एक्ट | विचाराधीन |
| 29. कतरास | 61/13-341, 342, 323/34 | विचाराधीन |
| 30. कतरास (बरोरा) | 120/13-147, 148, 149, 323, 353, 332, 290, 427, 283, 224, 225, 504 | सजा |
| 31. लोयाबाद | 149/14-147, 148, 149, 427, 307, 27 आर्म्स एक्ट और 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम | अप्रैल 2015 में रिहा |
| 32. कतरास | 106/18-147, 148, 149, 341, 323, 324, 427, 120बी, 27 आर्म्स एक्ट | विचाराधीन |
| 33. कतरास | 178/19-354, 376, 511, 506/34 | पीड़िता के बयान से मुकरने पर बरी |
| 34. बरोरा | 11/20-147, 148, 341, 323, 307, 353, 504, 506, 427/34 | विचाराधीन |
| 35. बाघमारा | 17/20-341, 323, 504, 506, 379/34 और 27 आर्म्स एक्ट | विचाराधीन |
| 36. धनबाद | 85/20-385, 504, 506 | विचाराधीन |
| 37. बरोरा | 13/20-147, 148, 149, 341, 323, 504, 506, 386/34 और 27 आर्म्स एक्ट | विचाराधीन |
| 38. बरोरा | 17/20-147, 148, 149, 341, 504, 506 और एसटी-एससी एक्ट | विचाराधीन |
| 39. बरोरा | 18/20-147, 148, 149, 341, 504, 506 और एसटी-एससी एक्ट | विचाराधीन |
| 40. बरोरा | 20/20-147, 148, 149, 341, 323, 385, 386, 307, 504, 506 और 27 आर्म्स एक्ट | विचाराधीन |
| 41. बरोरा | 65/20-147, 148, 149, 386, 379, 504, 506, 27 आर्म्स एक्ट | अनुसंधान जारी |
| 42. बरोरा | 21/21-147, 148, 149,324, 427, 120बी, 307, 3/4 बिहार पदासीन अधिनियम | विचाराधीन |
| 43. बरोरा | 39/21-341, 387, 504, 506 | विचाराधीन |
| 44. बरोरा | 13/22-147, 148, 149, 341, 323, 307, 354, 427, 379 | विचाराधीन |
| 45. लोयाबाद | 59/21-147, 148, 149, 120बी, 504, 506, 27 आर्म्स एक्ट, 3/4 बिहार पदासीन अधिनियम | विचाराधीन |
| 46. राजगंज | 15/22-147, 148, 149, 379, 384, 385, 427, 120बी और 27 आर्म्स एक्ट | विचाराधीन |
| 47. बरोरा | 54/22-147, 148, 149, 341, 324, 386, 307, 120बी, 27 आर्म्स एक्ट | अनुसंधान जारी |
| 48. केंदुआडीह | 132/2022-147, 148, 149, 341, 323, 307, 120बी, 504, 27 आर्म्स एक्ट | अनुसंधान जारी |
| 49. जोगता | 11/2024-147, 148, 149, 341, 323, 379, 307, 387, 120बी, 27 आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 | अनुसंधान जारी |

www.epaper.azadsipahi.in

31 मार्च, 2024
चैत्र, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 159




# हेमंत समेत पांच के खिलाफ आरोप पत्र दायर

- इडी ने पांच हजार पन्नों से अधिक का दस्तावेज पेश किया
- जमीन घोटाला मामले में किया गया था गिरफ्तार
- इडी ने 8.5 एकड़ भूमि भी कुर्क की है

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के बड़गाईं अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत पांच लोगों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में आरोप पत्र दायर किया। इस मामले में एजेंसी ने जांच लगभग पूरी कर ली है। इडी एक बक्शे में दस्तावेज लेकर कोर्ट पहुंची थी। सूत्रों के मुताबिक इडी ने 5500 पन्नों का दस्तावेज पेश किया है। इसमें विस्तृत जानकारी दी गयी है कि लैंड स्कैम के जरिये हुए मनी लांड्रिंग में किसकी क्या भूमिका है। इडी ने कोर्ट को बताया है कि इस मामले में 8.5 एकड़ भूमि भी कुर्क की गयी है।

गौरतलब है कि इडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। उनकी 60 दिन की न्यायिक हिरासत शनिवार को पूरी हुई। इस दौरान इडी उनको 13 दिनों की रिमांड पर लेकर लंबी पूछताछ कर चुकी है। नियम के तहत किसी अभियुक्त की गिरफ्तारी के 60 दिन के भीतर आरोप पत्र फाइल करना अनिवार्य होता है। इसी को देखते हुए इडी ने हिरासत के आखिरी दिन कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। हेमंत सोरेन के अलावा राजकुमार पाहन, विनोद सिंह, भानू प्रसाद, हिलारियस कच्छप के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल किया गया है।

## कोर्ट में इडी ने मामले के बारे में बताया था

इडी ने जिस मामले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है, उसका जिक्र पहले ही पीएमएलए कोर्ट में किया जा चुका है। कोर्ट में दिये आवेदन में इडी ने बताया था कि पूर्व में जमीन घोटाले में गिरफ्तार बड़गाईं के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के ठिकाने से बरामद दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य से यह साबित हुआ था कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 8.46 एकड़ विवादित जमीन को हड़पने के लिए उस पर बाउंड्री करवा दी थी। अब कागज में हेराफेरी होनी थी कि इडी का छापा पड़ गया और पूरे मामले का भंडाफोड़ हो गया।

**क्या है जमीन घोटाला मामला :** जिस जमीन घोटाला मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया है, वह 8.46 एकड़ है। यह जमीन बरियातू डीएवी के पीछे है। पूरी जमीन 12 प्लॉट में बंटी हुई है। इडी के मुताबिक इसी जमीन को हेमंत सोरेन ने अपने नाम से लिया था। जमीन खरीदने में कागजात की हेराफेरी की गयी थी। तत्कालीन आयुक्त की रिपोर्ट के आधार पर इडी ने जांच शुरू की। जमीन घोटाला मामले में 14 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है।

# माले ने कोडरमा लोस सीट से विनोद सिंह को टिकट दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सीपीआइएमएल की ओर से शनिवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्याशी की घोषणा की गयी। पार्टी की ओर से विधायक विनोद सिंह को कोडरमा सीट से टिकट दिया गया है। इस संबंध में पार्टी की ओर से प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य जनार्दन प्रसाद, राज्य सचिव मनोज भक्त और शुभेंदु सेन मौजूद रहे। नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि इंडिया गठबंधन की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 में माले को कोडरमा से चुनाव लड़ने पर सहमति बनी है। ऐसे में पार्टी ने विनोद सिंह को पार्टी से टिकट दिया है, जिसमें इंडिया गठबंधन पार्टियों की सहमति है। इसके साथ ही पार्टी की ओर से संकल्प पत्र भी जारी किया गया। इसमें विभिन्न राजनीतिक और आम मुद्दे शामिल किये गये हैं।

# केजरीवाल की पत्नी से मिलीं कल्पना सोरेन



- आप की रामलीला मैदान में रैली आज
- गठबंधन दल के नेता होंगे शामिल

अजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। यह मुलाकात कई मायनों में अहम है। दरअसल, कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल दोनों का दर्द एक जैसा है। हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री रहते कल्पना सोरेन राज्य की राजनीति से अलग ही रहतीं थीं, उसी तरह जब तक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी इडी ने नहीं की थी, तब तक सुनीता केजरीवाल अपने घर को संभालने में लगी थीं। लेकिन दोनों की गिरफ्तारी के बाद कल्पना और सुनीता ने राजनीतिक जिम्मेवारी संभालना शुरू कर दी है। गौरतलब है कि रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में आम आदमी पार्टी (आप) ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ महारैली का आयोजन किया है। इसमें कल्पना सोरेन शामिल होंगी। इसके अलावा आइएनडीआइए गठबंधन के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, महाराष्ट्र से शरद पवार और उद्धव ठाकरे आदि के शामिल होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में भी कल्पना सोरेन शामिल हुईं थीं। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ उस कार्यक्रम में भाग लेने मुंबई गयी कल्पना सोरेन ने तब अपने संबोधन में भाजपा, प्रधानमंत्री और इडी पर कटाक्ष किया था, साथ ही साथ उन्होंने कहा था कि झारखंड झुकेगा नहीं।

# भुरकुंडा के कुलजीत सिंह बने करोड़पति

## ड्रीम 11 में पाया पहला स्थान, बधाइयों का तांता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** देश में ऑनलाइन गेम का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। खास कर क्रिकेट प्रेमियों के लिए यहां ऑनलाइन क्रिकेट खेलने का शौक पूरा हो रहा है। इसके लिए कई गेमिंग एप हैं, जिन्हें लोग मोबाइल पर डाउनलोड कर अपनी टीम बनाते और मैच खेलते हैं। लोग इस पर थोड़े पैसे भी लगाते और इनाम भी जीतते हैं। इन दिनों आइपीएल मैच चल रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों से लोग विभिन्न एप पर टीम बना कर मैच खेल रहे। इन्हीं लोगों में एक जुबिली कालेज बीए सेमेस्टर-2 का छात्र कुलजीत सिंह मल्होत्रा है। वह भी पिछले कुछ दिनों से ड्रीम 11 पर टीम बना कर मैच खेल रहा था। आखिरकार शुक्रवार को उसे सफलता मिल गयी। उसने 1.31 करोड़ का पहला इनाम जीता।

कुलजीत भाजपा नेता राजू मल्होत्रा का पुत्र है। उसकी मां का नाम अमृता कौर है। वह भुरकुंडा का रीवर साइड निवासी हैं। कुलजीत ने बताया कि मैं कुछ दिनों से ड्रीम 11 पर टीम बना कर गेम खेल रहा था। शुक्रवार की रात कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम बैंगलोर टीम के बीच मैच होना था। मैंने ड्रीम 11 पर टीम बनायी और सफलता हाथ लग गयी। उसने बताया कि 59 रुपये की दो, 39 की एक और 33 की एक कुल चार टीमें बनायी थी। इसमें 59 रुपये की कंटेस्ट में तीन लोग पहला रैंक पर पहुंचे थे। उनमें मुझे प्रथम पुरस्कार जीतने का अवसर मिला। कुलजीत की जीत पर माता-पिता सहित कोयलांचलवासियों में हर्ष का माहौल है। वहीं बधाइयों का तांता लगा हुआ है।



## कोडरमा में मनीष जायसवाल का स्वागत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदू गुप्ता और मुख्य संस्थापक राजीव जायसवाल और महिला नेत्री सुषमा सुमन के नेतृत्व में रामगढ़, हजारीबाग, रांची और कोडरमा के समाज के साथियों के द्वारा बरही विधानसभा के बेलादोहर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को 51 किलो का माला पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष रवि साहू, महासचिव रविन्द्र साहू, केंद्रीय उपाध्यक्ष बालगोविंद साहू, रामगढ़ जिला अध्यक्ष अनिल प्रसाद, कोडरमा जिलाध्यक्ष प्रदीप सुमन, वरिष्ठ नेता शिव शंकर साहू विजय कुमार बरनवाल छोटेलाल मोदी विनय मोदी सहित समाज के कई साथी उपस्थित थे।

## ईद के लिए सज गयी सेवई की दुकानें



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** रमजान माह में प्रखंड से लेकर ग्रामीण इलाकों के चौक चौराहों पर सजी सेवइयों की दुकानें बरबस ही लोगों को आकर्षित कर रही हैं। बाजारों में दुकानों पर सेवई खरीदने वाले दिल खोलकर खरीदारी कर रहे हैं। रमजान माह में सेवई खाने की परंपरा होने कारण इसका अलग ही स्थान है। मरकच्चो प्रखंड के बंधन चौक, मरकच्चो बाजार, ब्लॉक चौक, जामु, नावाडीह1, महूंगाय, दरदाही, मरकच्चो बाजार में दुकानों पर सेवईं खरीदने वालों की भीड़ देखी जा रही है। सेवईं की दुकान लगाने वाले स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि अब ग्राहक बाहर से आने वाली सेवइयों को ज्यादा पसंद करते हैं। पटना, आसनसोल, कानपुर, दिल्ली और वाराणसी से आने वाली सेवई की बाजार में काफी मांग है। खूबसूरत डिब्बों में पैक बनारसी सेवईं 150 रुपये किलो से लेकर 250 रुपये किलो तक बाजारों में उपलब्ध है। लच्छा सेवई 120 रुपये से 400 रुपये तक बिक रही हैं। सेवई कारोबारी मकबूल भाई ने बताया की जैसे-जैसे इद नजदीक आ रही है। बाजार में सेवई की बिक्री बढ़ रही है। रमजान में लोग सिर्फ अपने ही इस्तेमाल के लिए नहीं बल्कि अगल बगल व गरीब गुरबों को देने के लिए भी खूब सेवइयां खरीद रहे हैं।

## बैंक में केवाइसी नहीं होने से लोग परेशान

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के नासरगंज व बासोडीह बैंक आफ इंडिया के ग्राहकों को इन दोनों काफी परेशानियों का सामना झेलनी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर बैंकों में पैसा नहीं रहने और केवाईसी के चक्कर में सैकड़ो ग्राहक परेशान है। सतगावां प्रखंड में बैंक आफ इंडिया का दो ब्रांच है साथ ही साथ एक ब्रांच खूंटा के नाम पर झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक है जो बासोडीह में संचालन की जा रही है इन तीनों बैंकों में केवाईसी खाता बंद होने वहां कार्यों के लिए प्रतिदिन सैकड़ों से ऊपर लोग यहां बैंक का चक्कर लगा रहे हैं। सुनीता देवी, कारी देवी, शकुंतला देवी, शोभा देवी विमला देवी आदि ने बताया कि केवाईसी के लिए लगभग बीस से पच्चीस दीन पूर्व फॉर्म में दिए हैं आज तक खाता चालू नहीं हुई है। त्यौहार है साथ ही साथ शादी विवाह का लग्न भी है जिसके चलते पैसा बहुत जरूरी है और जरूरी कामों के लिए रखा हुआ पैसा समय पर नहीं निकलने से हम लोग परेशान हैं। ज्ञात हो कि लोग अपने-अपने कमाई के पैसे बैंक में रखते हैं ताकि पैसा सुरक्षित रहे और समय पर काम आवे लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि अपने पैसे समय पर नहीं मिलने के बाद परेशानी बढ़ जाती है।

## कोडरमा में स्वीप कोषांग की बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में आज स्वीप कोषांग की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित स्वीप कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी से लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। मौके पर उप विकास आयुक्त ने सप्ताहवार तैयार की गई अनुसूची के अनुसार सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मियों को कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही जागरूकता अभियान में सबों की सहभागिता की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस जेवियर एक्का और अन्य पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

## लोस चुनाव को लेकर बूथों का निरीक्षण



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरभ कुमार, अंचलाधिकारी ओमप्रकाश बड़ाइक ने के समलडीह, रामडीह , बासोडीह और कलीडीह में स्थित विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए आवासीय सुविधा जैसे शौचालय, बिजली, फर्नीचर पेयजल और भवन की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारी सौरभ कुमार ने बताया कि सभी बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय, आवागमन के लिए सड़क आदि की सुविधा को लेकर बूथों का निरीक्षण किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में वोट डालने आने वाले मतदाताओं और मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसको लेकर पंचायत सचिव और बीएलओ को दिशा-निर्देश दिये गये हैं। कुछ बूथों पर साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। मौके पर पंचायत सचिव प्रसादी यादव, राजस्व कर्मचारी दिवाकर यादव, मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, प्रभारी शिक्षक दीपक साव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी, विजय यादव आदि उपस्थित थे।

## सतगावां में सोलर जलमीनार की देखरेख के लिए ग्रामीणों की बैठक

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शिवपुर में निरंकार बाबा के समीप शनिवार को ग्रामीणों की एक बैठक तारिणी सिंह की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निरंकार बाबा के समीप लगे चापानल में सोलर जलमीनार का देखरेख करने के लिए 25 रुपये की राशि ग्रामीणों से ली जायेगी। इस राशि से निरंकार बाबा के पास साफ-सफाई करने के लिए एक युवक को रखा जाएगा जो प्रतिदिन वहां साफ-सफाई करेंगे। साथ ही वहां लगे जल मीनार में किसी भी प्रकार की कोई भी खराबी आने पर उसी राशि से मरम्मत कराई जायेगी। राशि जमा करने के लिए नीतीश कुमार का नाम दिया गया है। बैठक का संचालन पुरुषोत्तम सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सुरेन्द सिंह, राकेश कुमार, राजेश कुमार, अमरेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार, नरेश सिंह, संजय सिंह, अजय सिंह, छोटन रविदास, प्रदीप रविदास, वीरू मुसहर, विजय सिंह आदि दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# चोरी का हाइवा समेत छह गिरफ्तार

**ये सभी अपराधी अंतरराज्यीय गिरोह से संबंध रखते हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के छह अपराधियों को दबोचा है। ये अपराधी हाइवा समेत अन्य गाड़ियों को चुरा कर झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों में बेचते हैं। एसपी अरविंद सिंह ने बताया की 26 मार्च को बड़कागांव थाना क्षेत्र के 14 माईल बरवाडीह के पास से अज्ञात अपराधियों के द्वारा रात्रि में हाइवा जे एच 02 एवाइ 9338 की चोरी कर ली गयी थी। वादी संतोष कुमार यादव पिता-नागों गोप ग्राम गोसाई बलिया थाना बड़कागांव के आवेदन पर बड़कागांव थाना में काण्ड दर्ज कर पुलिस खोजबीन में जुट गयी। इस क्रम में बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया। टीम ने कोर्रा थाना क्षेत्र के हुडहुडू पतरातु गैरेज से चोरी गयी। हाइवा को बरामद किया। इस दौरान छापेमारी टीम ने अन्य पांच को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर कांड के मुख्य अभियुक्त मो रफीक अंसारी पिता उसमान अंसारी जो पलामू के हरिहर गंज थाना क्षेत्र के चेपटवार में गैरेज चलाता है उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पुलिस को बताया की ये सभी गाड़ी चोरी कर झारखंड, बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में बेच देते हैं। ये सभी अपराधी अंतरराज्यीय गिरोह से संबंध रखते हैं।

छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी कुलदीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, मुकेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी बड़कागांव थाना के अलावा थाना रिजर्व गार्ड और विशेष छापामारी दल शामिल हैं।



### गिरफ्तार अपराधियों के नाम

बिनय कुमार पासवान, पिता-परमेश्वर पासवान, थाना-पदमा ओपी, श्रवन कुमार, पिता-मिनेश्वर पासवान, सा-जरगा, थाना-दारू, विकास कुमार, पिता शिबु महतो, ग्राम-झरपो, थाना-टाटीझरिया, संतोष महतो, पिता-गुरुदयाल महतो,-जरगा, थाना-दारू सभी जिला-हजारीबाग, बिनय कुमार राणा, पिता-निरंजन राणा, ग्राम-केन्दीनगर, थाना-राजपुर, जिला-चतरा और मो रफीक अंसारी, सिवान, बिहार वर्तमान चेपटवार, थाना हरिहरगंज, जिला पलामू शामिल हैं।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की चुनावी तैयारियों की समीक्षा

**चुनाव कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं: के. रवि कुमार**

**सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता: होमकर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में कोई कोर - कसर नहीं छोड़ी जाये। चुनाव की तैयारियों के बाबत मुस्तैदी से काम करना जरूरी है और शिथिलता की कोई गुंजाइश नहीं है। जहां भी कोई कमी नजर आये तो तत्काल उनका कमियों को दूर करें। उन्होंने सभी उपस्थित पदाधिकारियों से पूरी जिम्मेवारी के साथ कर्तव्य निर्वहन की अपेक्षा करते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अक्षरशः अनुपालन करने हेतु निदेशित किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार शनिवार को हजारीबाग समाहरणालय के सभाकक्ष में हजारीबाग, रामगढ़, और कोडरमा जिले में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उक्त समीक्षा बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ लोकसभा निर्वाचन -2024 की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गयी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन के पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने कहा कि आपराधिक घटनाओं के लिए संबंधित पदाधिकारी जिम्मेवार होंगे।

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने जिलों के चिन्हित क्रिटिकल और वर्नरेबल मतदान केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखते हुए जरूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने उत्पाद अधीक्षक और पुलिस पदाधिकारियों को समन्वय कर 7 दिनों के अंदर सभी अंतरराज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में छापेमारी कर अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा के अलावा उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग की आयुक्त सुमन कैथरिन किस्पोट्टा, आईजी, डीआइजी, हजारीबाग, रामगढ़ और कोडरमा जिले जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक, सीआरपीएफ के कमांडेंट सहित अन्य उपस्थित थे।




### सोशल मीडिया सेल को सक्रिय रखें

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड ने सोशल मीडिया सेल को सक्रिय करते हुए सोशल मीडिया पोस्टों पर गहनता से ध्यान रखने और आपत्तिजनक पोस्ट पर कार्रवाई का निर्देश दिया।

### चेक पोस्ट पर जांच में सख्ती बरतें

अंतरराज्यीय और जिला चेकपोस्ट पर सख्ती से जांच करने और आपराधिक और असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया। चेक पोस्ट पर पर्याप्त बल और दंडाधिकारी की नियुक्ति कर सघन जांच अभियान चलाकर अवैध शराब और शस्त्र की आवाजाही पर पूर्णतया रोक लगाने का सख्त निर्देश दिया।

# झामुमो का स्थापना दिवस होगा ऐतिहासिक : संजीव

**कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और कल्पना सोरेन मुख्य रूप से होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** चार अप्रैल को हजारीबाग शहर के गांधी मैदान में आयोजित झामुमो का स्थापना दिवस को सफल बनाने को लेकर हीराबाग पार्टी कार्यालय में बैठक हुई। अध्यक्षता केंद्रीय सचिव सह संयोजक मंडली के मुख्य सदस्य संजीव बेदिया और संचालन नीलकंठ महतो ने किया। इस दौरान संजीव बेदिया ने कहा की झामुमो का स्थापना दिवस ऐतिहासिक होगा। इस बार 20 से 25 हजार कार्यकर्ता स्थापना दिवस कार्यक्रम में जुटेंगे। कार्यक्रम को लेकर पूरे जिले में प्रचार प्रसार की जा रही है। साथ ही कहा की कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन उपस्थित होंगी। साथ ही झारखंड सरकार के कई मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक के साथ मंत्री का दर्जा प्राप्त फागू बेसरा और अन्य केंद्रीय नेता शामिल होंगे। जनता भाजपा के षड्यंत्र को समझ चुकी है की कैसे हमारे पूर्व मुख्यमंत्री को फंसाया है। लोग कल्पना सोरेन और चंपई को सुनने बड़ी संख्या में आयेंगे। वहीं संजय सिंह ने कहा की स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में है। गांधी मैदान में कार्यक्रम आयोजित है। सबसे बड़ी बात है की स्थापना दिवस कार्यक्रम में पुरूषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल होंगी। मौके पर झामुमो नेत्री रुचि कुजूर, यशोदा देवी, रवि सिंह, मनोहर राम, दिगंबर मेहता, रामप्रवेश सिंह, प्रयाग मेहता, रणदीप मेहता, सुनील कुमार, मो यासीन अंसारी, प्यारी देवी, उमेश गुप्ता, वीरेंद्र राणा, राम लखन महतो, कुदुस अंसारी, संजय प्रजापति, राजा राम, मुकेश रावत, कपिल देव चौधरी, कलाम कुरैशी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो की चोरी

**दारू/ हजारीबाग (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत दारू बख्सीडीह निवासी सुमित कुमार वर्मा पिता शंकर प्रसाद सोनी का स्कॉर्पियों शुक्रवार रात्रि चोरी हो गयी। इस संदर्भ में सुमित ने बताया कि मैं अपने सफेद रंग का स्कॉर्पियों जिसका नंबर जेएच 02 बीएफ 7591 है इसे अपने घर के सामने खड़ा कर अपने कमरे में सोने चला गया। लगभग 3:00 बजे सुबह जब मेरी नींद खुली तो मैं शौच के लिए बाहर निकला तो देखा कि मेरी गाड़ी नहीं है तत्पश्चात मैंने तुरंत घर वालों को बताया और खोजबीन शुरू किया। इसके बाद तुरंत दारू थाना को भी सूचित किया। खोजबीन के दौरान मैंने देखा कि मेरे घर के बाहर लगी दो सीसीटीवी कैमरे भी टूटी हुईं है, इसके बाद मैं बगोदर तक अपनी गाडी खोजने के लिए निकला परंतु कुछ हाथ नहीं लगा। चोरी के संदर्भ में दारू थाना प्रभारी सफीक खान ने कहा कि लोग जैसे-तैसे वाहन चौक चौराहे पर लगाते है जिससे चोरी की घटना की संभावना बढ़ जाती है। स्कॉर्पियों चोरी मामला को लेकर मैने 16/2024 प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जांच जारी है, जल्द हीं इसका निस्पादन किया जायेगा।**

# मनीष जायसवाल ने किया सात पंचायतों में जनसंवाद

**मिल रहा है जनता का आशीष, मतदाता कह रहें हैं जीतेंगे मनीष**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मनीष जायसवाल चिलचिलाती गर्मी और प्रचंड गर्मी के बाद भी अहले सुबह से देर रात तक निर्बाध रूप से ताबड़तोड़ तूफानी जनसंपर्क अभियान चला रहें हैं। शनिवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सदर प्रखंड स्थित 7 पंचायतों के 32 जगहों पर जनसंवाद और जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें मंडई खूर्द, सिंदूर, नगवां, बड़ासी, अमनारी, हुटपा, अमृतनगर पंचायत के कोलघट्टी, मंडई कला, मंडई खुर्द, सिंदूर, महेंद्र कॉलोनी, सियारी, मेरावल, करकरी, सिंदूर बस्ती, प्रेम नगर, नगवां, चुरचू, जगदीशपुर, बडासी, सेखा, डंडईकला, डंडईखूर्द, तरवा-खरवा, बानाहप्पा, हुटपा, चाया, लखैया, नूतननगर, रोला, अमृतनगर सहित अन्य क्षेत्रों का सघन दौरा किया। उनके जनसंवाद और जनसंपर्क से क्षेत्र के हर वर्ग और समुदाय के लोग जुड़ रहें है और गाजे-बाजे, ढोल-ताशे के साथ उनका अपने-अपने क्षेत्र में अभूतपूर्व स्वागत कर रहें हैं। चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें अपार जनसर्थन और जन आशीष मिल रहा है, मतदाता खुद से कह रहें हैं 2024 में देश के लिए मोदी और हजारीबाग के लिए मनीष जरूरी है।

**नेता नहीं बेटा बनकर सेवा किया, मौका दें तो बड़े मुद्दों को लेकर संसद में आपकी आवाज बनूंगा: मनीष जायसवाल:** तूफानी जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा सांसद प्रत्याशी सह हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने क्षेत्र के लोगों से कहा की आपके बीच 10 साल तक बतौर विधायक नेट नहीं बेटा और भाई बनकर सेवा और विकास के कार्य में तत्पर रहा। आपके अगाध प्रेम, स्नेह और आशिर्वाद ने ही नया मुकाम दिलाया है अब इसे बरकरार रखने की जिम्मेवारी आप सभी की है। भाजपा ने हजारीबाग लोकसभा से मुझ पर विश्वास जताया है इस विश्वास को कायम रखने के लिए हमें अपने बहुमूल्य मतों से आशिर्वाद दें तो निश्चित रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बड़े मुद्दे को लेकर देश की सर्वोच्च पंचायत लोकसभा में आपकी आवाज बनकर गुजूंगा ।



### मौके पर ये लोग रहे मौजूद

मौके पर विशेषरूप से भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, हजारीबाग के जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष शिवशंकर गुप्ता, जिला मंत्री अरविंद कुमार, सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, सदर भाजपा मंडल अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव, कृष्णा मेहता, अनूप कुमार, मनोरमा राणा, भानुमती पासवान, नंदलाल मेहता, अनिल पांडेय सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## गोंदलपुरा में सरहुल मिलन समारोह



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गोंदलपुरा पंचायत के सेहदा में जाहेर आयो सरना समिति सेहदा, गोंदलपुरा बड़कागांव के तत्वावधान में बहा पोरेब सह सरहुल मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद और विशिष्ट अतिथि मुखिया बासुदेव यादव शामिल हुए। लोगों ने अतिथियों का स्वागत मांदर की थाप पर सरहुल गीत गाकर स्वागत किये। वहीं अतिथियों ने प्रकृति पर्व सरहुल की लोगों को बधाई दी। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति को संरक्षण करने संदेश देता है उसमें साल वृक्ष की पूजा-अर्चना कर प्रकृति और ईश्वर से सुख समृद्धि की कामना की जाती है। विधायक ने इस दौरान अपने संबोधन में पर्यावरण की रक्षा करने व महुआ चुनने के दौरान जंगल में आग नहीं लगाने की अपील भी की। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने ग्रामीणों के साथ खुशियां भी साझा की और महिलाओं के साथ झूमती हुई नजर आयी। मौके प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया बासुदेव यादव, पूर्व उप मुखिया सुबोध यादव, मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार, कांग्रेस कमेटी के सचिव उपेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य मनोज सोरेन, चुरामण गंझू, केतर महतो, सरहुल कमेटी का अध्यक्ष महादेव हांसदा, सचिव ऐतलाल बास्के, कोषाध्यक्ष दासो सोरेन, महेंद्र सोरेन उप सचिव, सुखदेव हांसदा, सदस्य किशोर सोरेन, महादेव हसदा, सुनील मरांडी, रामलाल हांसदा, सुमित सोरेन, दिनेश मरांडी आदि अन्य सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे।

## छात्रों के बीच बांटे गये शैक्षणिक किट



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोरहर में पढ़ने वाले छात्रों को शैक्षणिक किट दिया गया। विद्यालय के पहली कक्षा से आठवी कक्षा तक के 513 छात्र-छात्रों को रबर, कटर, पेंसिल दिया गया। शैक्षणिक कीट मिलने पर छात्रों के बीच उत्साह देखा गया। छात्रों को बेहतर पढ़ाई करने के लिए सम्मानित भी किया गया। मुखिया प्रेमिका देवी ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए बहुत जरूरी है। शिक्षा के बिना हम सभी का जीवन अधूरा है। स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। मौके पर प्रधानाध्यापक रासबिहारी पांडेय, सुखदेव, लक्ष्मण महतो, उमा कुमारी, चंपा कुमारी, प्रदीप महतो, भीम महतो, समाजसेवी छोटन कॉल, अध्यक्ष देवा महतो, शिक्षक और शिक्षिका प्रियांशु कुमार, सुभाष कुमार, शीला कुमारी, अमन कुमार, सूरज कुमार समेत सभी छात्र उपस्थित थे।

## तारकेश्वर जेबीकेएसएस छोड़ कांग्रेस में हुए शामिल



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** खरकी पंचायत के सिमरबेडा निवासी तारकेश्वर महतो भारतीय जनता पार्टी का प्राथमिक सदस्यता त्याग कर जेबीकेएसएस में शामिल हुवे थे। अब जेबीकेएसएस को त्याग कर इंडिया गठबंधन जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में काम करने की बात कही।

## सड़क दुर्घटना में मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत मेहता घायल

**इचाक (आजाद सिपाही)।** रांची पटना मार्ग पर बुलेट सवार के द्वारा जोरदार टक्कर मारने से मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता घायल हो गये। उनका दायां हाथ टूट गया। जबकि बाएं हाथ, कंधा और कमर में गंभीर चोट लगी है। घटना शनिवार को करीब 11 बजे दिन घटी। मुखिया रंजीत कुमार मेहता ने बताया कि वह अपने गांव सिझूआ से मोटरसाइकिल से इचाक मोड जाने के क्रम में सर्विस रोड के किनारे रुके हुए थे। इसी बीच तेज रफ्तार में आ रहा बुलेट सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर पड़े। घटना में दायां हाथ टूट गया जबकि बाएं हाथ में गंभीर चोटे लगी है। लोगों ने बुलेट को अपने कब्जे में ले लिया। मौके पर जिप अध्यक्ष उमेश मेहता, पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता, कांग्रेस नेत्री रेणु कुमारी समेत कई लोग अस्पताल पहुंच कर मुलाकात की।

## बाइक की चपेट में आने से व्यक्ति घायल

**दारु (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया की दारु शाखा के सामने बासोबार मोड के पास शनिवार की दोपहर के समय एक बाइक की चपेट मे आने से घायल हो गये। इस घटना मे घायल ब्यक्ति नबलू खान, पिता ओहदली मियां भटवीघा दारु निवासी है जो सड़क पार करने के दौरान तेज गति से आ रहे काले रंग की अपाची बाइक की चपेट मे आने से घायल हो गया। इस घटना मे टक्कर मारने के बाद बाइक मौका से फरार होने मे सफल रहा। घायल ब्यक्ति के माथा मे गंभीर चोट आयी और काफी खून निकल रहा था जिसे 108 एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।

## सतगावां में बने 17 नये बूथ

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को बीएलओ, सुपरवाईजर, पदाधिकारी व राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक की अध्यक्षता में की गयी बैठक में उपस्थित भू अर्जन पदाधिकारी गिरिजाशंकर महतो ने सभी उपस्थित बीएलओ, राजनीतिक दल के कार्यकताओं व सुपरवाईजर को सतगावां में नए 17 बूथ बनाये जाने की जानकारी देते हुए कहा कि बूथ नंबर 5 उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचौरी, बूथ नम्बर 18 प्राथमिक विद्यालय मकतब शिवपुर पश्चिमी, बूथ नंबर 21, प्राथमिक विद्यालय चांद डीह, बूथ नंबर 26 प्राथमिक विद्यालय सरवाहना, बूथ नंबर 34 उत्क्रमित मध्य विद्यालय राउतडीह, बूथ नंबर उत्क्रमित उच्च विद्यालय मरचोई पश्चिमी, बूथ नंबर 44 उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोहनपुर, बूथ नंबर 50 उत्क्रमित मध्य विद्यालय डेवोडीह पूर्वी, बूथ नंबर 52 मध्य विद्यालय नावाडीह पश्चिमी, बूथ नंबर 56 पंचायत भवन खुट्टा, बूथ नंबर 59 उत्क्रमित मध्य विद्यालय गाजेडीह पश्चिमी, बूथ नंबर 61 उत्क्रमित मध्य विद्यालय मथुराडीह, बूथ नम्बर 63 उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलीडीह, बूथ नंबर 65 प्राथमिक विद्यालय नंदुडीह बालक, बूथ नंबर 69 उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोठियार पश्चिमी, बूथ नंबर 74 पंचायत भवन अम्बाबाद, बूथ नंबर 76 उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुरिया टोला खबासडीह को नया बूथ बनाया गया। वहीं प्राथमिक विद्यालय खैराकला मतदान केंद्र को परिवर्तन करते हुए प्राथमिक विद्यालय खैराकला पश्चिमी किया गया है। साथ ही साथ सतगावां में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बीएलओ, सुपर वाईजर व सभी राजनीतिक दल को सहयोग करने की अपील की। मौके पर बीडीओ सौरव कुमार, सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक, सुपर वाईजर बालेश्वर यादव, प्रसादी यादव, किशुन यादव, श्रवेश कुमार, कुलदीप पासवान, बीएलओ सविता देवी, सुनैना कुमारी, जनक दुलारी देवी, सुषमा देवी, करुणा कुमारी, बिंदु कुमारी, सुषमा कुमारी, कुमारी वंदना, सोनी कुमारी, पिंकी कुमारी, उषा देवी, संगीता कुमारी के अलावा बीस सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष सूरज सिंह यादव, गणेश राय, तारिणी सिंह, सीपीआई के नेता धनंजय यादव, रामावतार चौधरी उपस्थित थे।

## टेरर फंडिंग मामले में एनआइए कोर्ट ने अनिश्चय गंझू को जमानत देने से किया इंकार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोयला परियोजना से टेरर फंडिंग मामले में जेल में बंद अनिश्चय गंझू की जमानत याचिका एनआइए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने खारिज कर दी है। बता दें कि स्पेशल एनआइए कांड संख्या 2018 से जुड़े मामले में 6 जून 2020 से जेल में बंद है। बता दें कि इससे पूर्व याचिका पर सुनवाई के दौरान एनआइए की ओर से दलीलें दी गयी थी। एनआइए ने अपनी दलील में कहा, 'याचिकाकर्ता टीपीसी के लिए कोयला खनन क्षेत्र से जबरन वसूली के माध्यम से नाजायज स्रोतों से धन एकत्र किया करता था और अन्य सदस्यों के साथ मिल कर टीपीसी उग्रवादी के नाम पर भय पैदा कर स्थानीय व्यापारियों और डीओ धारकों से लेवी वसूलने में संलिप्त था। वहीं याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि इसी मामले के आरोपियों को ऊपरी अदालत से जमानत मिल चुकी है। याचिकाकर्ता का मामला सह-अभियुक्त व्यक्तियों की तुलना में बेहतर स्थिति में है। दोनों का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका खारिज कर दी।

## पीएलवी ने चलाया जागरूकता अभियान



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा वाजपेई के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव के द्वारा प्रखंड के तिलहेत पंचायत अंतर्गत बैजनाथपुर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में विद्यालय के शिक्षक और बच्चों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कई नि:शुल्क कानूनी जानकारी स्कूली बच्चों को दिया गया। शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम, बाल विवाह सहित अन्य ये विषयों पर कानून की जानकारी दी गयी।

## जोरी में करंट लगने से युवक की मौत

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जोरी काली मंदिर के समीप शनिवार को करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक युवक कारू साव का 40 वर्षीय पुत्र संजय साव है। संजय साव अपने घर के पानी मोटर को ठीक कर रहा था। इसी दौरान मोटर में करंट प्रवाहित हो गया और करंट की चपेट में संजय साव आ गया। घरवालों के द्वारा लाइन कटा गया और अचेता अवस्था में संजय साव को चिकित्सकों के पास इलाज के लिए ले जाया गया। जहां संजय साव को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद वशिष्ठ नगर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों के करुण चित्कार से पूरा माहौल गमगीन बना हुआ है।

## चंद्रप्रकाश चौधरी को पुन: एनडीए उम्मीदवार बनाना स्वागत योग्य: नीरज कुमार



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से पुन: एनडीए गठबंधन के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी का नाम घोषित करने पर स्वागत करते हुए खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन के अध्यक्ष नीरज कुमार मंडल ने कहा कि आजसू पार्टी ने विकास पुरूष, संघर्षशील और जुझारू सांसद को उम्मीदवार बनाकर सरहनीय कार्य किया है। वो हमेशा झारखंड की जनता के हित में आंदोलन करते आये हैं और पुरे दम खम के साथ चुनाव मैदान में खड़े हैं। एनडीए गठबंधन की 14 सीट में जीत निश्चित है और गिरिडीह लोकसभा की देव तुल्य जनता राष्ट्रीय निर्माण और विकास के प्रति इस बार नया आयाम लिखने का कार्य करेंगे। साथ ही रिकॉर्ड मतों से विजई दिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का कार्य करेंगे। हर्ष व्यक्त करने वालों में अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव संजय कुशवाहा, कोषाध्यक्ष राजा सोनकर, अजय महतो, नंदू महतो शामिल है।

## इंडियन जेम्स और जेमोलॉजिकल लैब का उद्घाटन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अग्रसेन पथ सेठ मुहल्ला रामगढ़ में इंडियन जेम्स एंड जेमोलॉजिकल लैब का भव्य उद्घाटन किया गया। रामगढ़ स्वर्ण व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार के द्वारा फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। साथ ही संचालक को बधाई देते हुए कहा कि विगत एक दशक से जिस तरह लोगों में रतन को धारण करने को लेकर जागरूकता आयी है। ऐसे में रामगढ़ को रतन की प्रमाणिकता की जांच के लिए एक ऐसे लैब की नितांत आवश्यकता थी। जो आज पूरी हो गयी। उक्त प्रतिष्ठान में नई तकनीक के उपकरणों व कंप्यूटर के नवीनतम तकनीक से विभिन्न रतन के प्रमाणिकता मानकता और सत्यता की जांच अब अपने रामगढ़ में ही आसानी से हो सकेगी। आईजीएल में लगी नवीनतम उपकरणों के द्वारा हीरा पन्ना मानिक पुखराज मोती गोमेद और अन्य प्रकार की रतन की पहचान और सत्यता की पुष्टि प्रमाण पत्र के साथ की जायेगी। आईजीएल के संस्थापक अजय कुमार सोनी ने इस निमित्त हैदराबाद और जयपुर के प्रतिष्ठित संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त किया। ताकि शहर के लोगों को रतन की सत्यता और प्रमाणिकता कीजांच की सुविधा अब अपने रामगढ़ में ही प्राप्त होगी। इस अवसर पर सीता देवी, संचालिका जसबीर कौर, सतीश सोनी, रानी, खुशी सोनी, शुभम सोनी, आइशा सोनी,रिद्धि, सिद्धि, अनन्या, पीहू, तेजस, श्यामकिशोर प्रसाद, राजेश अग्रवाल, अशोक अग्रबाल, राहुल कलाल, मनोज अग्रवाल, टिंकू प्रसाद, रितिक गांधी, सागर गांधी, सृष्टि सिंह, अभिषेक, मुकेश वर्मा, अलोक वर्मा, कुमार ज्ञानी, आनंद वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## युवक ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के पारसोतिया करमटोली निवासी 19 वर्ष यश कुमार पिता युगल कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना शनिवार की है। इस संबंध में थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली कि एक युवक ने गोहाल में आत्महत्या की है। इस सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जा में लिया। शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंपा गया है। कहा कि मामले को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस बल पर हुआ पथराव इंस्पेक्टर सहित कई घायल

**पदमपुर में बन रहे बाउंड्रीवाल रोकने गये थे ये लोग**

**पांच हमलावर गिरफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता



### पांच हमलावर गिरफ्तार

**पदमपुर में पुलिस हमला में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इसमें मोहन राणा, पिंटू दास बिनोद राम, रितेश कुमार और रूपलाल राणा का नाम शामिल हैं। इंस्पेक्टर के अनुसार आरोपियों में ठेकेदार किशोर रजक का नाम भी शामिल हैं। जो फरार है।**

**टंडवा।** टंडवा थाना क्षेत्र के पदमपुर पंचायत में पूर्व में विद्यालय प्रांगण की जमीन विवादित रहा है। उस जमीन पर आस-पास के रैयतों का बॉउंड्रीवाल बनने से रोड पर जाने का रास्ता बंद हो जायेगी। इस बड़ी समस्या के समाधान के बिना उत्क्रमित मीडिल स्कूल पदमपुर में बाउंड्रीवाल का काम किया जा रहा था। जिसके कार्य को पुलिस रोकने के लिये गयी। तब ठेकेदार के समर्थकों ने पुलिस बल लाठी डण्डा व पथरबाजी कर हमला बोल दिया। जिसमें इंस्पेक्टर अनिल उरांव समेत तीन चार जवान चोटिल हुए हैं। इस संबंध में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। जानकारी के अनुसार पदमपुर स्कूल का 60 लाख की लागत से चारदीवारी निर्माण कार्य हो रहा था। बताया गया कि जिस जमीन पर चारदीवारी हो रहा था। वह जमीन स्व भगवान सिंह के खतियानी जमीन निकल गया, जिसका खाता संख्या 01 प्लांट 102 रकवा 12.25 एकड़ है। इसके बाद भी जमीन मालिकों ने गांव के विकास के लिए लगभग 22 कट्ठा जमीन छोड़ दिया। जमीन मालिक बरूण सिंह का कहना है कि ठेकेदार जोर जबरजस्ती करते हुए लगभग दो एकड़ में बाउंड्रीवाल का काम आगे और बढ़ाना चाहा। इधर सीओ के आदेश पर शुक्रवार की दोपहर इंस्पेक्टर अनिल उरांव दल बल के साथ काम रुकवाना चाहे। पर ठेकेदार के समर्थक और कुछ ग्रामीणों ने विरोध करते हुए अधिकारियों के साथ धक्का मुक्की किया और उपद्रव मचाया। वही इंस्पेक्टर ने घायलावस्था में भी साहस दिखाते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार कर मामला शांत किया। इस घटना में सीओ राजेन्द्र दास, इंस्पेक्टर, महिला जवान और एक जवान को चोटें आयीं। इधर इस मामले में सीओ के ब्यान पर कुछ नामजद समेत 60 से 70 आरोपी बनाये गये है। घायल इंस्पेक्टर ने बताया कि अधिकारियों के आदेश पर चारदीवारी का काम रूकवाने गये थे। जिसमें ठेकेदार के समर्थकों ने घटना का अंजाम दिया। इस मामले में डीएसपी प्रभात रंजन ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बूथ केंद्रों का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने मांडू प्रखंड के विभिन्न बूथ केंद्रों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों संग राजकीय मध्य विद्यालय ओरला में बूथ संख्या 218, 219, 220 व 221केन्द्र का निरीक्षण कर एमएमएफ का सर्वेक्षण सहित एएसडी लिस्ट, होम वोटिंग रजिस्टर का अवलोकन किया। साथ ही, बूथ में शौचालय, पेयजल और रैंप की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने 85 वर्ष से उपर मतदाता व दिव्यांग लोगों को घर पर वोटिंग कराने को लेकर बीडीओ से विस्तृत चर्चा की। मौके पर बीडीओ संजय कोनगाडी, सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी, प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी ज्ञानी प्रताप भारती सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

## एक माह बाद सऊदी से शव पहुंचा, गांव में पसरा मातम

**गोला (आजाद सिपाही )। गोला थाना क्षेत्र के सोसो कलां गांव निवासी अब्दुल वकील 37 वर्ष पिता हाजी खलील का शव शनिवार को गांव पहुंचा। अंतिम संस्कार स्थानीय कब्रिस्तान में किया गया। बताया गया कि वकील सऊदी अरब में मस्जिद मदरसा में हफीजकारी थे। विगत एक माह पूर्व उनका तबियत खराब होने से निधन हो गया था। इसके बाद लगातार शव को गांव लाने का प्रयास जारी था। शनिवार को सऊदी से शव कोलकाता विमान से पहुंचा। इसके बाद एम्बुलेंस से गांव शव गांव लाया गया।**

## जमीन धोखाधड़ी के संबंध में सौंपा ज्ञापन

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)। गोला रोड चट्टी बाजार निवासी पंकज महतो पिता कालेश्वर राम दांगी ने शनिवार को डीसी को पत्र सौंपा है। पत्र में कहा गया है कि रामगढ़ अंचल के मौजा कैथा खाता नंबर 35, 4, 51 प्लाट नंबर 2116, 2118, 2117, 2119, 2123 कुल रकवा 42 डिसमिल खातियानी रैयत बालकिशुन महतो के नाम पर रैयती जमीन कायम है। इस जमीन को धोखाधड़ी कर राजकुमार बरेलिया पिता स्व गंगाधर बरेलिया के द्वारा पुराना जाली दस्तावेज बनाकर जमीन का अपने खानदान के नाम पर उलट फेर कर उक्त जमीन कोयला व जमीन माफिया बालेश्वर प्रताप सिंह के पास बेच दिया गया और उक्त जमीन को मूल रैयत से वंचित रखा गया। उन्होंने डीसी से गुहार लगाते हुए कहा कि सभी कागजातों का जांच करते हुए सभी दाखिल खारिज रद्द करते हुए मूल रैयत को जमीन सौंपा जाए, ताकि जमीन माफिया का मनोबल टूट जाये। उन्होंने इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।**

## घर में आग लगाने और जान से मारने की कोशिश का पड़ोसी पर लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** चंदा विवाद के बाद ग्राम बरकट्ठी निवासी अंजुमन सचिव फैयाज अंसारी पिता इब्राहिम मियां ने घर मे आगजनी और जान मारने का प्रयास करने को लेकर कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें गांव के ही निसार अंसारी पिता क्यूम अंसारी, अमीन अंसारी पिता स्व.शमीम अंसारी, बबलू अंसारी व इसराइल अंसारी दोनों पिता महफूज अंसारी पर जान से मारने, मां-बहन के अभद्र व्यवहार करने व अगवा कर लेने आदि धमकी देने व घर में आगजनी के मामले में नामजद आरोपी बनाया है। आवेदन में लिखा है कि गत 27 मार्च को कमिटि के चंदे के दौरान गांव के ही अमीन अंसारी, बबलू अंसारी से विवाद हुआ था। जहां उन्होंने जान से मारने, अगवा कर लेने आदि की धमकी दी थी। उसी रात करीब 11 बजे मेरे घर में आग लग गई। जिसे देखकर मैं बाहर निकला तो अमीन अंसारी को दीवार फांद कर भागते हुए देखा। जिसके दूसरे ही दिन 28 मार्च को दिन में ही गांव के ही निसार अंसारी पिता क्यूम अंसारी, अमीन अंसारी पिता स्व.शमीम अंसारी, बबलू अंसारी व इसराइल अंसारी आदि ने लाठी डंडे के साथ मेरे घर को घेर कर गाली गलौज करते हुए हमें घर से बाहर निकालने और जान से मारने की धमकी दी। साथ ही घर की महिलाओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने ओपी प्रभारी से जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## पोस्टल बैलट से मतदान को लेकर डीसी ने की बैठक, कहा

# मतदान करने से रोकने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**आकस्मिक सेवाओं के अधिकारियों सहित विभिन्न कार्यालय प्रधानों को निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर पोस्टल बैलट के द्वारा मतदान को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आकस्मिक सेवाओं और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान पोस्टल बैलट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों की पुनः सभी को जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान आवश्यक सेवाओं में कार्यरत व्यक्ति, ऐसे अधिकारी/कर्मी जो मतदाता सूची में नामांकित है और जिन्हें मतदान की तिथि पर ड्यूटी पर होने के लिए प्रमाणित किया जायेगा वे आवश्यक सेवाओं की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं (अब्सेंटी वोटर एसेंशियल सर्विस) के रूप में डाक मत पत्र द्वारा अपना वोट डालने के पात्र होंगे। वहीं उन्होंने पोस्ट वॉलेट के माध्यम से मतदान करने हेतु भरे जाने वाले प्रपत्र 12 डी के संबंध में भी सभी को जानकारी देते हुए प्रपत्र में भारी जाने वाली आवश्यक जानकारियां भी सभी को दी।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने आवश्यक श्रेणी में आने वाले विभिन्न अधिकारियों और कर्मियों का मतदान लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान सुनिश्चित कराने को लेकर आकस्मिक सेवाओं के अधिकारियों सहित विभिन्न कार्यालय प्रधानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों और कार्यालय प्रधानों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्वाचन के दौरान आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत आने वाले सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का पूरा मौका मिले। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्वाचन संबंधित विभिन्न प्रावधानों, नियमों आदि की जानकारी देते हुए कहा कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें उनका हक है अगर किसी भी क्षेत्र से ऐसी सूचना प्राप्त होती है कि मतदान के दिन किसी व्यक्ति के वेतन में कटौती की गयी है अथवा किसी तरीके से मतदाता को मतदान करने से रोका गया है तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। पोस्टल बैलट के अलावा बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने आकस्मिक सेवाओं अंतर्गत विभिन्न अधिकारियों को मतदान के दिन सभी तरह की आकस्मिक सेवाएं पूरी तरह से बहाल रखने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी और अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार के द्वारा भी पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये गये।

## कुजू में सोने की चेन की छिनतई



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाइकर्स गैंग दिनदहाड़े एक महिला को अपना शिकार बनाते हुए गले से सोने की चेन की छिनतई कर फरार हो गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से स्थानीय लोग और भुक्तभोगी महिला हतप्रभ है। इधर, घटना की सूचना बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाई करते हुए आसपास के कई सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। मामला ओपी क्षेत्र के पूराना एनएच 33 सड़क कुजू बस्ती स्थित एक आवास की है। इधर, भुक्तभोगी महिला ने कुजू ओपी में लिखित आवेदन देकर उचित कार्रवाई की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार, भुक्तभोगी महिला कुजू बस्ती निवासी अनिता देवी पति स्व प्रदीप प्रसाद ने आवेदन में लिखा है कि शनिवार की सुबह करीब 9 बजे देवी मंडप कुजू स्थित अपने नये आवास से टेंपो पर सवार होकर पुराना घर कुजू बस्ती जा रही थी। इस बीच टेंपो से उतर कर जैसे ही मैं अपने आवास के ग्राउंड पहुंची वैसे ही अपाची बाइक सवार हेलमेट पहने हुए दो लोगों ने पता पूछा और अचानक झपट्टा मारकर गले से सोने का चेन छिनते हुए मुझे धक्का मारकर बाइक से फरार हो गये। इधर, मामले की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सड़क के किनारे एक पेट्रोल पंप और एक व्यवसायी के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला। भुक्तभोगी महिला के अनुसार चैन की कीमत करीब एक लाख रुपये है। उन्होंने पुलिस से छानबीन कर कार्रवाई की मांग की है।

## चार वर्षो से फरार वारंटी गिरफ्तार



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पुलिस ने चार वर्षो से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मामले पर ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू विरेन्द्र कुमार राम को गुप्त सूचना मिली कि पतरातू/भुरकुंडा ओपी थाना कांड सं0 327/2017 धारा 419/420/406 भादवि, जीआर नंबर 1337/2017 में फरार वारंटी पटेलनगर गायत्री मंदिर निवासी चंदन कुमार अपने घर में है। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू विरेन्द्र कुमार राम के नेतृत्व में गठित टास्क फोर्स ने छापामारी कर पिछले 4 वर्षो से फरार वारंटी 32 वर्षीय चंदन कुमार को गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापामारी अभियान में पतरातू पुलिस निरीक्षक योगेन्द्र सिंह, ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार, पुअनि अविनाश कुमार, पुअनि निर्भय कुमार गुप्ता, पुअनि कुणाल कुमार दलबल के साथ शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में छात्र घायल

**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ बोकारो एनएच 23 डीवीसी चोक हनुमान मंदिर के समीप शनिवार की सुबह हुई सड़क दुर्घटना में एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर किया गया है। घटना के सम्बंध में बताया गया कि जांगी गांव निवासी जितेंद्र करमाली, पिता काशी करमाली प्रत्येक दिन की तरह स्कूल जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया है। इधर वाहन चालक भागने में सफल रहा।

## ग्रामीणों ने उपायुक्त को लिखा पत्र

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू रेलवे क्रॉसिंग में प्रस्तावित ओवर ब्रिज निर्माण स्थल के पूर्व और पश्चिम दिशा में निर्मित आवास और व्यवसाय अवरुद्ध होने से बचाने को लेकर पतरातू मेन रोड के ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर उपायुक्त को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि आम ग्रामीण खरीदेगी भूमि पर आवास बना कर रह रहें हैं, और व्यवसाय शांतिपूर्वक रहकर जीविकोपार्जन करते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने ओवर ब्रिज निर्माण का समर्थन करते हुए कहां है कि प्रभावित व्यवसाय और आम जनता के आवागमन को ध्यान में रखते हुए रोड के पूर्व पश्चिम ओवर ब्रिज निर्माण स्थल के प्राक्कलन में परिवर्धन और परिवर्तन कर आम लोगों को सुविधा मुहैया कराने के दिशा में रोड के दोनों तरफ पूर्व और पश्चिम उत्तर से दक्षिण ओवरब्रिज के लिए पिलर के द्वारा निर्मित कर ओवर ब्रिज बनाकर आम जनता को राहत देने की दिशा में अपील किया है। ताकि ग्रामीणों के आवास और व्यवसाय अवरुद्ध होने से बचाया जा सके।

## घुटुवा थाना चौक में वाहन जांच अभियान



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग घुटुवा थाना चौक में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जॉच के दौरान दोपहिया वाहनों में हेलमेट और कागजात की जांच की गयी। वही चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट और कागजात की जांच की गयी। मौके पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया की वाहन जांच के दौरान ऑनलाइन सहित कुल बीस हजार रूपए का चालान काटा गया है। उन्होंने बताया कि कई वाहन चालकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों का पालन करने की बात कही।

## हत्या के आरोप में पिता-पुत्र को जेल

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झंडा चौक वैष्णो देवी गली निवासी 40 वर्ष बैजू साह 40 वर्ष पिता जगदीश साह की हत्या मामले में कांड संख्या 83/24 अंकित करते हुए पुलिस ने आरोपी चाचा कैलाश साह व बेटा सूरज साह को शनिवार को जेल भेज दी है। इस मामले में मृतक बैजू साह की पत्नी रेखा देवी ने रामगढ़ थाना में हत्या का प्राथमिकी दर्ज करायी है।

## लोस चुनाव को लेकर की गयी बैठक

**केरेडारी (हजारीबाग)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को लोकसभा चुनाव अचार सहिंता को लेकर प्रशासन ने राजनीतिक दलों, बुथ सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता सीओ रामरतन वर्णवाल ने की। इस बैठक में बीडीओ अमित कुमार उपस्थित थे। इस बैठक में एक से 108 बूथो के बीएलओ को लोकसभा चुनाव में मतदाताओं सुविधा से सम्बंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में बीडीओ और सीओ ने सभी सुपरवाइजर और 1 से 108 बूथो के बीएलओ को बूथों में बिजली, पानी, शौचालय, फर्नीचर की पूर्ण व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वही 376 मतदाता 85 वर्ष के ऊपर उम्र के वृद्ध और दिव्यांगों मतदाताओं को घर से ही पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा दी जाने वाली को सर्वे करने को कहा गया है। ताकि उसको पोस्टल बैलेट मत देने की सुविधा बनाया जा सके या मतदान केंद्र में भी जाकर मतदान कर सकते हैं। जिसके लिए निर्वाचन आयोग के द्वारा वाहन सुविधा और मतदान केंद्र पहुंचने पर लोगों का स्वागत किया जा सके। वही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने और 80 प्रतिशत से अधिक मतदान कराने का लक्ष्य पर जोर दिया गया। प्रखंड में 108 बूथ बनाये गये हैं इसमे तीन बूथो में असुविधा होने के कारण बदल देने की जानकारी दी गयी। बीडीओ सीओ ने चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर सुपरवाइजर और बीएलओ को बैठक कर बुथ केंद्रों मे समस्याओं को दूर करने पर जोर देने को कहा गया है। इस बैठक में राजनीतिक दल से बैजनाथ महतो, बद्रीनारायण सिंह, कर्मचारी साव, अमित प्रसाद गुप्ता, पेरू प्रताप राम, पर्यवेक्षक प्रवीण कुमार, रोहित राज, ब्रजकिशोर महतो, अजमेरी खातून, शिवचरण साहू, सरिता देवी, अंजू देवी, रेणु देवी, सीमा कुमारी आदि दर्जनों बीएलओ उपस्थित थे।

# बिगड़े बोल ठीक नहीं

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ यह बात जाहिर थी कि एक-दूसरे के खिलाफ राजनीतिक टीका-टिप्पणी अब ज्यादा चुभने वाली होगी। लेकिन, बात बढ़ कर जिस तरह महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी और सोशल मीडिया पोस्ट तक जा पहुंची, वह न सहने लायक है और न ही उस पर चुप रहना चाहिए। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के ट्विटर हैंडल से बीजेपी उम्मीदवार और बॉलिवुड अभिनेत्री कंगना रनौत पर आपत्तिजनक कमेंट किया गया, जबकि पश्चिम बंगाल में बीजेपी नेता दिलीप घोष की जुबान सीएम ममता बनर्जी पर बोलते हुए फिसल गयी। इन दोनों मामलों में अच्छी चीज यह हुई कि अपमानजनक भाषा को बदजुबानी मान लिया गया और दोनों नेताओं पर एक्शन लेने में देरी नहीं की गयी। बीजेपी ने भी दिलीप घोष से जवाब-तलब किया, जबकि सुप्रिया को यूपी की उस महाराजगंज सीट से टिकट नहीं मिला, जहां से वह पिछले लोकसभा चुनाव में खड़ी हुई थीं। दोनों दलों ने कदम उठाने में जो तेजी दिखायी, वह सराहनीय है। इससे सख्त संदेश गया कि चुनाव के बहाने कुछ भी कह कर बचा नहीं जा सकता। यह कोई पहली बार नहीं है, जब महिलाओं को लेकर नेताओं की जुबान फिसली हो। पिछले आम चुनाव को ही याद करें, तो पोशाक से लेकर चेहरे-मोहरे तक, राजनेताओं ने बिगड़े बोल में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक 2019 लोकसभा चुनाव में करीब 14% ट्वीट आपत्तिजनक थे। यह आंकड़ा ही अपने आप में सारी कहानी कह देता है। जब सुप्रिया की पोस्ट वायरल हुई, तो कई लोगों ने कंगना के पुराने ट्वीट निकालने शुरू कर दिये। कंगना ने बॉलिवुड अभिनेत्री और कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ीं उर्मिला मातोंडकर को लेकर कुछ ऐसा कहा था, जो उन्हें नहीं कहना चाहिए था। पुराने ट्वीट को निकालने का मकसद था यह बताना कि देखो, आपने भी तो गड़बड़ी की थी। लेकिन, यह याद रखना चाहिए कि दो गलत चीजें मिल कर एक सही चीज नहीं बना सकतीं। देखा गया है कि अमर्यादित बोल ज्यादातर महिलाओं को लक्ष्य करके ही बोले जाते हैं और बोलने वालों में महिलाएं भी होती हैं। कई बार तो राजनेताओं को पता ही नहीं चलता कि अपनी रौ में बहते हुए वे कहां से कहां पहुंच गये। पिछले साल बिहार के सीएम नीतीश कुमार का विधानसभा में दिया बयान इसकी बानगी है। इसकी बड़ी वजह है संवेदनहीनता। समाज में प्रचलित धारणाएं और पूर्वाग्रह भी अक्सर नेताओं पर हावी हो जाता है। लेकिन, उनका कहा-किया एक बड़े तबके पर असर डालता है। इसलिए उन्हें ज्यादा संवेदनशील होने की जरूरत है। साथ ही, राजनीतिक दलों की ओर से भी ऐसे नेताओं पर सख्ती की दरकार है।

**देखा गया है कि अमर्यादित बोल ज्यादातर महिलाओं को लक्ष्य करके ही बोले जाते हैं और बोलने वालों में महिलाएं भी होती हैं। कई बार तो राजनेताओं को पता ही नहीं चलता कि अपनी रौ में बहते हुए वे कहां से कहां पहुंच गये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत मौजूदा समय में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इस देश में 1962 लोकसभा चुनाव के मुकाबले वोटर्स की संख्या में चार गुना इजाफा हुआ है। भारत निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल भारत में लगभग 94.5 करोड़ वोटर्स रजिस्टर्ड हुए, इनमें से एक तिहाई लोगों ने लोकसभा चुनाव 2019 में अपने मत का उपयोग ही नहीं किया। अब देश में एक बार फिर 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव आयोग ने तारीखों का एलान कर दिया है।**

# 1962 लोकसभा चुनाव के मुकाबले वोटर्स की संख्या में चार गुना इजाफा



सुखदेव वशिष्ठ

चुनाव आयोग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चुनाव में भारत के करीब एक तिहाई लोगों ने अपने मत का उपयोग नहीं किया था। वोट न करने वालों में युवा, अमीर और शहरी जनसंख्या वाले लोग शामिल थे। भारत मौजूदा समय में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इस देश में 1962 लोकसभा चुनाव के मुकाबले वोटर्स की संख्या में चार गुना इजाफा हुआ है। भारत निर्वाचन आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल भारत में लगभग 94.5 करोड़ वोटर्स रजिस्टर्ड हुए, इनमें से एक तिहाई लोगों ने लोकसभा चुनाव 2019 में अपने मत का उपयोग ही नहीं किया।

अब देश में एक बार फिर 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव आयोग ने तारीखों का एलान कर दिया है। पूरे देश में 19 अप्रैल से 1 जून 2024 तक 7 चरणों में चुनाव कराये जायेंगे। 4 जून को लोकसभा चुनाव 2024 का चुनाव परिणाम जारी किया जायेगा।

**युवा और शहरी अमीरों की नहीं है वोटिंग में रुचि?**

भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक भारत के लगभग 30 करोड़ लोगों ने लोकसभा चुनाव 2019 में अपने मतदान-महादान का उपयोग नहीं किया था। चुनाव आयोग ने भी माना कि शहरी क्षेत्र के लोग पिछले लोकसभा चुनाव में बड़ी संख्या में वोट डालने बूथों पर नही गये थे। इतनी बड़ी संख्या में लोगों को वोट डालने नहीं जाना, भारत जैसे बड़े लोकतंत्र के लिए बिल्कुल भी अच्छा संकेत नहीं है। पिछले लोकसभा चुनाव में वोटर्स की दूरी के चलते चुनाव आयोग ने अवेयरनेस कैंपेन के जरिए वोटर टर्नआउट को 75 से 80% तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

**पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त एसके श्रीवास्तव का कहना है कि देश हमारा है, जनतंत्र हमारा है। इस जनतंत्र में वोट की ताकत सबसे बड़ी होती है।**

**राजनीति का स्तर उठे तो खुद बढ़ेगा मतदान**

मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई विषयों पर एक साथ जोर देना होगा। मतदाताओं को जागरूक करने के साथ-साथ राजनीति का स्तर भी ऊंचा करना होगा। ये दोनों एक-दूसरे से जुड़े विषय हैं।

चुनाव जीतने के बाद नेता पाला बदल लेते हैं। जिस पार्टी के विरोध में नेता चुनाव लड़ते हैं, जीतने के बाद उसी पार्टी के साथ मिल कर सरकार बना लेते हैं। जिस नेता की दिन-रात आलोचना करते हैं, कुर्सी पाने के लिए उसी को अपना नेता मान लेते हैं। देश के भीतर ऐसा लगातार हो रहा है। नेता सार्वजनिक रूप से यहां तक कहने से परहेज नहीं करते हैं कि राजनीति में सब कुछ चलता है। क्या सत्ता पाने के लिए विचारों को तिलांजलि देना राजनीति है? रातों-रात या कुछ पल में ही दल-बदल कर लेना या गठबंधन बना लेना राजनीति है? पांच साल या 10 साल तक एक नेता किसी पार्टी में रहकर सत्ता का स्वाद चखता है। जब उसे लगता है कि आगे चुनाव हार जाएंगे तो वह पार्टी बदल लेता है। फिर जिस पार्टी में एक दशक तक रहा, उसकी आलोचना करना शुरू कर देता है। इससे मतदाताओं का विश्वास नेताओं के ऊपर से कमजोर हुआ है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सुखद संकेत नहीं है।

**राजनीति में सिद्धांत को ऊपर लाना होगा**

लोगों में मतदान के लिए उदासीनता दूर करने के लिए राजनीति में सिद्धांत को ऊपर लाना होगा। राष्ट्र को ध्यान में रख कर राजनीति करनी होगी, दल-बदल करने से पहले सोचना होगा जिसने मुझे मत दिया है, उसके मन-मस्तिष्क पर क्या प्रभाव पड़ेगा। नेता एक पल में बदल जाते हैं लेकिन मतदाताओं को बदलने में बहुत समय लग जाता है। मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि नेता मतदाताओं की भावनाओं का सम्मान करें। उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ न करें।

**तोड़नी होगी उदासीन रवैये की कड़ी**

पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त एसके श्रीवास्तव का कहना है कि देश हमारा है, जनतंत्र हमारा है। इस जनतंत्र में वोट की ताकत सबसे बड़ी होती है। इस वोट की ताकत से हम अपना और अपने बच्चों का भविष्य चुनते हैं। इसलिए मतदान करना 18 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। वोट नहीं देने का मतलब है कि अपने लोकतांत्रिक दायित्व से पीछे हट रहे हैं। इसलिए चुनाव को गंभीरता से लेकर हर मतदाता को उसमें हिस्सा लेना चाहिए। जिस तरह हम सब अपने दैनिक कामकाज से समय निकाल कर अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार धार्मिक स्थलों पर जाते हैं और सुख समृद्धि के लिए कामना करते हैं। इसी तरह संसद हमारे लोकतंत्र का मंदिर है। यह चुनाव इस लोकतंत्र का पर्व है। इसी भांति इस जिम्मेदारी को भी पूरा करना चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघ चालक मोहन भागवत के शब्दों में, उदासीनता को त्यागकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में होनेवाले सभी प्रयासों में चुनाव करानेवाली व्यवस्थाओं व व्यक्तियों से हमारा सहयोग होना चाहिए। लेकिन चुनाव में मतदान करनेभर से और सारा भार चुने हुए लोगों के सिर पर डाल देने से हमारा कर्तव्य समाप्त नहीं हो जाता, वरन चुनाव के बाद प्रत्याशी के कार्यों पर नजर रखते हुए उसे सीधे पटरी पर बनाए रखने की जिम्मेदारी भी जनता की होती है।



**पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त एसके श्रीवास्तव का कहना है कि देश हमारा है, जनतंत्र हमारा है। इस जनतंत्र में वोट की ताकत सबसे बड़ी होती है। इस वोट की ताकत से हम अपना और अपने बच्चों का भविष्य चुनते हैं। इसलिए मतदान करना 18 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।**

## जमशेदपुर की खबरें

# 25 लाख रुपये रंगदारी नहीं देने पर व्यापारी रवि अग्रवाल की पत्नी की गोली मार कर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल थाना क्षेत्र के कांदरबेड़ा गांव के पास सोनारी के रहने वाले व्यापारी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति अग्रवाल की गोली मार कर हत्या कर दी गयी। घटना शुक्रवार देर रात की है। बता दें कि व्यापारी रवि अग्रवाल से कुछ दिनों से रंगदारी मांगी जा रही थी। आशंका जतायी जा रही है कि रंगदारी नहीं देने पर ही उनकी पत्नी की हत्या की गयी है। चांडिल थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। पुलिस इस बात को लेकर जांच कर रही है कि मामला रंगदारी से ही जुड़ा है या फिर कोई दूसरा विवाद है। घटना की जानकारी मिलने पर सांसद विद्युत वरण महतो टीएमएच पहुंचे। उन्होंने घटना को काफी गंभीर बताते हुए एसएसपी से पूरे मामले की जांच की मांग की है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी टीएमएच पहुंचे। उन्होंने कहा कि एसएसपी को निर्देश दिये गये हैं कि पूरे मामले की फौरन जांच कर हत्यारों को गिरफ्तार किया जाये। एसएसपी किशोर कौशल और सिटी एसपी मुकेश लुणायत भी टीएमएच पहुंचे।

**पत्नी के साथ हाईवे से घर लौट रहे थे व्यापारी**

ज्योति अग्रवाल अपने पति रवि अग्रवाल के साथ नेशनल हाईवे की तरफ एक न्यू पंजाब रेस्टोरेंट में खाना खाने गई थीं। जब वह सोनारी वापस लौट रही थीं। तो नेशनल हाईवे के कांदरबेड़ा मोड़ के पास ज्योति अग्रवाल को उल्टी आने लगी। इस पर रवि अग्रवाल ने गाड़ी रोक ली। तभी वहां बदमाश आए और घटना को अंजाम दिया। बदमाशों ने रवि अग्रवाल पर गोली चलाई, लेकिन फायर मिस हो गया। दूसरी तरफ से दूसरे बदमाश ने गोली चलाई जो ज्योति अग्रवाल के सर पर लगी। हत्या की इस घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश फरार हो गए।

**टीएमएच में घोषित किया गया मृत**

पति रवि अग्रवाल अपनी पत्नी ज्योति अग्रवाल को लेकर फौरन टीएमएच पहुंचे। लेकिन, डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ज्योति अग्रवाल का मायका जुगसलाई में है। घटना की जानकारी मिलने पर शहर के कई व्यापारी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका समेत कई व्यापारी टीएमएच पहुंचे। बताते हैं कि रवि अग्रवाल का प्लाई का बिजनेस है। सीताराम डेरा के भुइयांडीह इलाके में उनकी लकड़ी की टाल भी है।

**25 लाख रुपये की मांगी जा रही थी रंगदारी**

प्लाई वुड के कारोबारी रवि अग्रवाल से 25 लाख रुपये की रंगदारी मांगी जा रही थी। रवि अग्रवाल की सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के स्लैग रोड पर प्लाईवुड की दुकान है। उनके दुकान के बाहर उनकी गाड़ी पर 27 फरवरी और 28 फरवरी को 2 दिन लगातार किसी ने रंगदारी मांगने का पत्र रख दिया था। उसमें कहा गया था कि 25 लाख रुपये सोनारी के दो मोहानी में पहुंचा दो। रंगदारी मांगे जाने के बाद उन्हें धमकी भी दी गई थी। इसके बाद उन्होंने सीतारामडेरा थाने में 29 फरवरी को मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। इसी बीच उनकी पत्नी की हत्या कर दी गई। हत्या की इस घटना को अंजाम दिए जाने से पूरा परिवार दहशत में आ गया है। घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# प्रदेश की सभी 14 लोकसभा सीटों पर खिलेगा कमल: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा जिला कार्यालय मे लोकसभा चुनाव की तैयारी व रणनीति पर मंथन किया गया। शनिवार को महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सांगठनिक चर्चा के संग चुनावी कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान शुक्रवार देर शाम सोनारी निवासी कारोबारी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति अग्रवाल की अपराधियों के द्वारा की गई हत्या का सभी ने निंदा की। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने शहर में कानून-व्यवस्था के बिगड़ते हालात पर चिंता जताते हुए जिला प्रशासन की कार्यशैली पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा जिले में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सभी वाहनों की चेकिंग की जा रही है। ऐसे में अपराधी हथियार लेकर घटना को अंजाम दे रहे हैं। शहर के नागरिकों के जान-माल की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है। बैठक में भाजपा नेताओं ने हत्या में शामिल अपराधियों को 48 घंटे में गिरफ्तारी की मांग की।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी पहुंचे जमशेदपुर, कार्यकर्ताओं से की मुलाकात।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी व झारखंड के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी शनिवार को साकची भाजपा महानगर के जिला कार्यालय पहुंचे। महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में भाजपा जिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया। बाबूलाल मरांडी ने सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक कार्यों की जानकारी ली। साथ ही चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया। वही रविवार को जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा की बैठक में भाग लेने आये भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने सभी कार्यकताओं से बारी-बारी मुलाकात कर सांगठनिक कार्यों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिला अध्यक्ष गुंजन यादव, चंद्रशेखर मिश्रा, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, नीरज सिंह, डॉ राजीव, कुलवंत सिंह बंटी, जटाशंकर पांडेय, संजीव कुमार, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, अनिल मोदी, मंजीत सिंह, पप्पू सिंह, जितेंद्र राय, विजय तिवारी, राजीव सिंह, प्रेम झा, कौस्तव रॉय, धर्मेंद्र प्रसाद, अमित अग्रवाल, बिनोद राय, हन्नु जैन, बजरंगी पांडेय, हलदर नारायण साह, अमरजीत सिंह राजा, अभिमन्यु सिंह, चंदन चौबे, संतोष कुमार, तन्मय झा, सुशील पांडेय, प्रकाश दुबे, चिंटू सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, अमर सिंह, अभिषेक डे, महावीर सिंह, संजीत चौरसिया, गणेश मुंडा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टेल्को श्री राम सेना की कोर कमिटी ने मुख्य संरक्षक से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टेल्को श्री राम सेना के कोर कमिटी ने मुख्य संरक्षक दिग्विजय सिंह से उनके आवास पर मुलाकत की। बीते वर्ष के जैसे इस वर्ष भी हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में नवसंवत्सर यात्रा के लिए दिशा निर्देश प्राप्त किया। गोविंदपुर निवासी मुख्य संरक्षक दिग्विजय सिंह राष्ट्रीय स्तर के समाज सेवी हैं। उन्होंने बीते वर्ष जो भी यात्रा में शामिल थे सभी को धन्यवाद दिया। वही इस वर्ष भी भव्य यात्रा निकालने के लिए निर्देश दिया। साथ ही सभी राम भक्तों को शामिल होने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा यात्रा में अनुशासन का पूरा पालन होगा। यात्रा में शामिल होने वाले महिलाओं के लिए विशेष सुविधा का इंतजाम किया जायेगा। वही कोर कमिटी ने दूसरे मुख्य संरक्षक टाटा मोटर्स यूनियन के महामंत्री आर के सिंह से निर्देश प्राप्त कर कार्यक्रम के लिए रूप रेखा पर चर्चा की। महामंत्री ने सभी लोगों से यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा हिन्दू नव वर्ष के अवसर पर सभी को बढ़ चढ़ के भाग लेना होगा। इसका जुड़ाव सीधे हमारे संस्कृति से है। कार्यक्रम का संचालन श्री राम सेना टेल्को के संस्थापक सोनू सिंह व अध्यक्ष धीरज प्रताप सिंह ने किया। मौके पर कमिटी के उपाध्यक्ष श्रीराम सिंह ,जुगनू वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पप्पू मिश्रा, उपाध्यक्ष अमित सिंह ,कोषाध्यक्ष बम भोला सिंह,कल्याण माल, मीडिया प्रभारी नवीन सुलंकी,रवि सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों में अजय सिंह, अभय प्रताप, पंकज, कुमार, प्रिन्स सिंह,विकास शर्मा, अभय कुमार, पंकज मिश्रा,शशि ,मधुकर , विष्णु नाग, टीपू मिश्रा, विनोद, जितेंद्र सिंह , अधिराज तिवारी, सूरज थापा और दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# महिलाओं के साथ अमानवीय ढंग से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो को भेजा जेल

कांके(आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के कांके इलाके में महिलाओं के साथ अमानवीय ढंग से मारपीट की गयी थी। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को जेल भेज दिया है। जेल भेजे गये व्यक्ति का नाम शकिब मंसूरी और आकिब मंसूरी है। आपको बता दें कि सुकुरहुटू गांव में कपड़ा चोरी के आरोप में तीन महिलाओं और एक पुरुष को बुरी तरह पीटा और चारों को जूतों की माला पहना कर पूरे गांव में करीब दो घंटे तक घुमाया। घटना का वायरल वीडियो गुरुवार को रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा तक पहुंचा। उन्होंने नोटिस लेते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया था। इसके बाद कांके थाने की पुलिस ने पीड़ित महिलाओं का बयान लिया। पिटाई के कारण बुरी तरह से जख्मी हुई महिलाएं घटना सोमवार 25 मार्च की बतायी जा रही है। वीडियो में लाठी-डंडे से महिलाओं की पिटाई का दृश्य स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है। वीडियो में स्पष्ट देखा गया कि कुछ लोग महिला का हाथ खंबे में पकड़ कर खड़े हैं और एक व्यक्ति लाठी से उसकी पिटाई कर रहा है। महिला चिल्ला रही है, लेकिन उसका कोई असर पीटनेवाले व्यक्ति पर नहीं पड़ा। जानकारी के मुताबिक घटना के पहले मुसलिम समुदाय के लोगों ने पंचायत की। उसमें फैसला लिया गया कि चोरी की घटना को अंजाम देनेवालों को जूतों की माला पहना कर पूरा गांव घुमाया जाये।

## अवैध रूप से चल रही आरा मिल का सामान जब्त



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर उत्तरी वनक्षेत्र के मझिआंव के अधौरा गांव में अवैध रूप से संचालित आरा मिल को शुक्रवार को वन कर्मियों ने जब्त कर वन क्षेत्र कार्यालय भवनाथपुर लाया। सूचना के आधार पर वनक्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में छापेमारी किया गया, जहां से अवैध आरा मशीन, विभिन्न प्रजातियों के लकड़ी के साथ संचालक मेराल थाना क्षेत्र के कमरमा निवासी संजय शर्मा पिता अमेरिका शर्मा को भी गिरफ्तार किया गया। सभी जब्त मशीन, लकड़ी व संचालक को वन क्षेत्र कार्यालय लाया गया, जहां से जेल भेजने की प्रक्रिया जारी है। छापेमारी में वनपाल ओमप्रकाश उरांव,वनरक्षी सुनील राय, हीरालाल, संजीत कुमार, दयाशंकर सिंह सहित वनकर्मी शामिल थे।

# पलामू संसदीय क्षेत्र में भाजपा को और अधिक मजबूत करने की जरूरत : वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** भारतीय जनता पार्टी की मझिआंव नगर मंडल, मझिआंव ग्रामीण मंडल, बरडीहा मंडल और कांड मंडल के मंडल एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक स्थानीय शिवेसर चंद्रवंशी इंटर कालेज में तथा बरडीहा मंडल सलगा मोड़ कांडी मंडल , लक्ष्मी चंद्रवंशी कन्या विद्यालय में आयोजित की गयी। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन की रीढ़ होते हैं। उनकी मेहनत से ही संगठन फलता-फूलता है। पलामू संसदीय क्षेत्र में भाजपा को और अधिक मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मेहनत करनी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल और गतिशील नेतृत्व में देश तेजी से विकास ही राह पर आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार ने जनहित में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं जिसे बूथ स्तर के कार्यकताओं को घर पर तक पहुंचाने की जरूरत है।

भाजपा प्रदेश कर समिति के सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में मिले मतों के प्रतिशत को बढ़ाने के लिये बूथ स्तर पर कार्य करने जुट जायें देश में 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव बड़ा महत्वपूर्ण है। ये चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला है। देश की हर लोकसभा सीट भाजपा के लिए महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प है, जिसमें हम सभी को अपना 100 प्रतिशत देना है।

भाजपा गढ़वा जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता अथवा बूथ अध्यक्ष कोई साधारण कार्यकर्ता नहीं बल्कि आने वाले समय का बड़ा नेता है। वह कल का प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री है। इस चुनाव में हमारे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता खुद को किसी का गुलाम ना समझे वह अपने आप को नेता समझे और किसी व्यक्ति के लिए नहीं राष्ट्र के लिए देश हित में कार्य करें।

बैठक की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यक्षउमा यादव ने और संचालन पवन गुप्ता नगर मंडल ने किया। बरडीहा में अध्यक्षता मंडल संजय यादव ने किया मंच संचालन सुदामा चौधरी और कांडी, में मंडल अध्यक्ष पप्पू पांडे मंच संचालन रामलाला दुबे ने किया।

प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी गढ़वा जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी वीरेंद्र नाथ दुबे दिवाकर दुबे उर्फ चंचल दुबे, सांसद प्रतिनिधी सोभा देवी पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र पासवान, भगवान तिवारी न्यू वार्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी रामलाला दुबे ललित बैठा अर्जुन दास बिश्रामपुर के सांसद प्रतिनिध अनुज पांडे ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## शोक संतप्त परिवार से मिले भाजपा नेता



गढ़वा (आजाद सिपाही)। सादर प्रखंड के करूआ खुर्द गांव के रवाना टोला निवासी अनिल चौहान के पुत्र ( 25 वर्ष ), संतोष चंद्रवंशी के पिता अशोक चंद्रवंशी (65 वर्ष ) और श्रीकांत उपाध्याय और भुवनेश्वर उपाध्याय की माता जी (103 वर्ष ) के आकस्मिक निधन के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता पलामू लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक अलखनाथ पांडेय ने शोक संतप्त परिवार के घर जाकर सभी परिवारजन से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किए। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रजेश उपाध्याय, भाजपा नेता धनंजय तिवारी, रौशन धर दुबे, रामसरीख चंद्रा, भीखम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मेराल के प्रसिद्ध देवी धाम मंदिर प्रांगण में होगा रासलीला का आयोजन, जुटे मंदिर समिति के लोग



मेराल (आजाद सिपाही)। चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर मेराल स्थित प्रसिद्ध मां शायरदेवी धाम के प्रांगण में वार्षिक महोत्सव सह श्री राम चरित्र मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ का आयोजन देवी धाम संचालन समिति द्वारा किया जायेगा। आयोजन की तैयारी को लेकर शनिवार को समिति के अध्यक्ष संजय भगत की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष संजय भगत ने बताया कि 9 अप्रैल को प्रातः 8 बजे से जल यात्रा सह शोभायात्रा निकल जाएगी तथा शाम 6 बजे से मानस मंडली गढ़वा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव के अवसर पर 9 अप्रैल से 17 अप्रैल प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से वृंदावन धाम के कलाकारों द्वारा रात्रि 8 बजे से श्री कृष्ण लीला का जीवंत प्रस्तुति देंगे। वहीं 17 अप्रैल को यज्ञ की पूणार्हुति एवं 3 बजे से महाभंडारा तथा 18 अप्रैल को दुगोला चैता महासंग्राम का आयोजन किया जायेगा। बैठक में सचिव कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, मनोज जायसवाल, मुखिया राम सागर महतो, मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, मोती चंद प्रसाद, महेंद्र, विवेक सहित कई लोग थे।

## तीर्थ करने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी बस को अलखनाथ पांडेय ने झंडी दिखाकर रवाना किया




गढ़वा। सादर प्रखंड के दिलदाग पंचायत के बनपुरवा गांव से विंध्याचल, चित्रकूट, प्रयागराज, अयोध्या, बनारस तीर्थाटन के लिए तिलदाग पंचायत से 50 श्रद्धालु भक्तगण को ले जा रही बस को वरिष्ठ भाजपा नेता सह पलामू लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक अलखनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से बजरंगबली का झंडा दिखाकर सभी यात्रियों के मंगल यात्रा के लिए प्रभु श्री राम से प्रार्थना कर जय श्री राम के उद्घोष के साथ बस को रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथि गण का बनपुरवा गांव के सभी अभीभावक एवं सम्मानित लोगों के द्वारा अंग वस्त्र के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अलखनाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयास के कारण ही अयोध्या में 500 वर्ष बाद रामलला जी का मंदिर बन पाया है। जिससे कि गांव-गांव से लोग अब भगवान राम का दर्शन करने जा रहे हैं। सभी यात्रियों को उनके मंगल मय यात्रा की कामना करते हुए उनकी हर मनोकामना पूर्ण होने के लिए शुभकामना दी। उक्त मौके पर गोरखनाथ दुबे, कामेश्वर दुबे, सच्चिदानंद दुबे, ब्रजेश उपाध्याय, धनंजय तिवारी, रोशन धर दुबे सहित बनपुरवा गांव के कई सम्मानित लोग उपस्थित थे।

## सड़क निर्माण से असंतुष्ट ग्रामीणों ने निर्माण का विरोध किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई ।** प्रखंड के सोनेहरा बाजार से हरादग गांव भया मेराल मुख्य पथ तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमे ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के नाम पर संवेदक पर खाना पूर्ति करने का आरोप लगाया है। इस दौरान ग्रामीण मनोज प्रजापति, वीरेंद्र कुमार, खुर्शीद अंसारी, प्रभात कुमार, हरिशंकर प्रजापति, रमेश प्रजापति, कन्हैया प्रजापति सहित अन्य लोगो ने सड़क निर्माण स्थल पहुंच घटिया सड़क निर्माण कार्य का जम कर विरोध किया। ग्रामीणों ने बताया कि सोनेहरा बाजार से हरादाग मोड़ तक सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें सोनेहरा और करके गांव के बीच में करीब ढाई सौ फीट की दूरी में सीमेंट युक्त सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें भारी अनियमित बरती जा रही है। संबेदक के द्वारा पहले से बनी सड़क को कबाड़ कर उसी मैटेरियल पर रोलर मशीन चला कर ऊपर से मिट्टी के बाद सीमेंट और पानी डाल कर फिर से रोलर चलकर सड़क को तैयार किया जा रहा है जो बिल्कुल टिकाऊ नही है। ग्रामीणों ने बताया कि सोनहरा और करके गांव के बीच में करीब ढाई सौ फीट की दूरी में पहले से बनी सड़क में मिट्टी और सीमेंट देकर तीन दिन पहले सड़क का निर्माण कराया गया है। सड़क ढलाई के तीन दिन गुजर गए लेकिन सीमेंट से बनी सड़क को हाथ की उंगली से सड़क उखड़ जा रहा है। जिससे साफ जाहिर होता है कि सड़क निर्माण के नाम पर संवेदक के द्वारा सिर्फ खाना पूर्ति किया जा रहा है। अगर इस तरह से सड़क निर्माण किया गया तो कुछ माह ही सड़क जर्जर हो जाएगा। वही बताया कि प्रखंड के पिछले वर्ष दो ऐसे सड़को का निर्माण कराया गया था। सड़क में सीमेंट, छरी का चूर्ण व केमिकल डाल कर निर्माण कराया गया था। लेकिन वह सड़क कुछ ही दिनों में पूरी तरह से जर्जर हो गया और आज स्थिति यह है कि सड़क के प्रत्येक कम पर जानलेवा गड्ढा बन गया है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी से मांग किया है कि सीमेंट युक्त सड़क निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए पूर्व के नियमों से सड़क का निर्माण कार्य कराया जाए ताकि सड़क कुछ वर्ष चल सके।

## कल्याण विभाग की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए ग्रामीणों ने दिया सीओ को आवेदन



भंडरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित कल्याण विभाग के भूमि में लक्ष्मण उरांव द्वारा किये गये अवैध कब्जा पर अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन दिया जिसका खाता संख्या 155,खेसर 98 तथा रब्बा 39 डिसमिल है, यह जमीन कल्याण विभाग बिहार सरकार में दर्ज है इस पर लक्ष्मण उरांव द्वारा 8 डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान बना रहे हैं। ग्रामीणों के आवेदन के अनुसार जानकारी मिली कि कल्याण विभाग की भूमि पर सरकारी आवास था जिसपर ग्राम सेवाड़ी थाना रंका जिला गढ़वा निवासी लक्ष्मण उरांव पिता मथन उरांव यहां प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के पोस्ट पर कार्यरत थे तथा विभाग द्वारा इन्हें सरकारी आवास निर्गत की गयी थी, जिसपर उनके द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अवैध कब्जा कर सरकारी आवास को तोड़कर कब्जा किया गया, कल्याण विभाग के बालिका छात्रावास के 8 डेसिमल भूमि पर सरकारी आवास को तोड़कर लक्ष्मण उरांव के द्वारा अपना निजी मकान बनाकर अवैध कब्जा किया गया तथा बालिका छात्रावास की भूमि पर अवैध मकान बनाकर फर्जी तरीके से अपना आधार पहचान पत्र और दस्तावेज भंडरिया निवासी बनाया, जबकि लक्ष्मण उरांव ग्राम सेवड़ी रंका थाना के खतियान निवासी है। वहीं बालिका छात्रावास की भूमि पर निजी मकान बनने से प्रखंड भंडरिया के सुद्रवर्ती इलाकों के आदिम जनजाति और अनुसूचित जनजाति छात्राओं को भंडारिया पढ़ाई करने हेतु रहने के लिए अनेकों कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा उन्हें किराये के मकान पर रहकर उन्हें अपना आगे का पढ़ाई करने पर मजबूर है इधर अंचलाधिकारी भंडारिया सीओ साहब से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि चुनाव बाद जांच पड़ताल की जायेगी, अतिक्रमण मुक्त कराई जायेगी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंह विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह उप प्रमुख श्रद्धा देवी भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर सुमित गोस्वामी मुखिया विनय सिंह उप मुखिया रविंद्र सिंह राम आदि अन्य उपस्थित थे।

## तीन लोगों की मौत पर पूरे गांव में मातम


फाइल फोटो : मुन्ना रजवार

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां पंचायत में एक ही दिन तीन लोगों की आकस्मिक मृत्यु से पूरे गांव में मातम छा गया। बीते शुक्रवार को गाँव के बुजुर्ग रामचंद्र चंद्रवंशी की मृत्यु की खबर मिलती है, उसके कुछ ही घंटो बाद सेवानिवृत्त शिक्षक मुरलीधर चौबे (73 वर्ष) पिता स्व गणेश चौबे की मृत्यु हो जाती है। शुक्रवार को ही देर शाम मझिगावां गाँव के ही एक नवयुवक की मृत्यु से पूरा गांव गमगीन हो जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के ही लंगटू रजवार का 25 वर्षीय पुत्र मुन्ना रजवार की मृत्यु शुक्रवार की देर शाम हो जाती है। परिजनों के द्वारा उसे मझिआंव रेफरल अस्पताल ले जाया जा रहा था तभी रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो जाती है। उसके मृत शरीर को देर शाम घर लाया जाता है जंहा नवयुवक के मृत्यु की सूचना से पूरे गांव में मातम छा जाता है। लंगटू रजवार गांव में ही मजदूरी कर परिवार का गुजर बसर किया करते हैं, जिसमें मुन्ना भी मजदूरी कर के ही अपने पिता की मदद करता था। मुन्ना रजवार अपने पीछे माता पिता के साथ एक गर्भवती पत्नी, दो साल की बच्ची, छोटे भाई बहन को छोड़ गया। मृतक का अंतिम संस्कार शनिवार की सुबह किया गया। पुत्र की मृत्यु से पिता लंगटू रजवार पर पहाड़ टूट पड़ा है कि पुत्र के क्रिया कर्म के साथ विधवा बहु व परिवार के अन्य सदस्यों का एक मजदूरी के सहारे कैसे भरण पोषण करेंगे।

## किशोर लड़कियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** बोकारो स्टील प्लांट भवनाथपुर- तुलसिदमार खदान के सीएसआर के तहत प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल, भवनाथपुर में किशोर लड़कियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर सैनेटरी पैड, हार्लिक्स जार आयरन गोली फल आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सेल, भवनाथपुर-तुलसिदमार खदान के महाप्रबंधक मनोज कुमार मुख्य अतिथि बीडीओ नंदजीराम, बीईईओ विजय कुमार पांडेय, एचएम सत्य प्रकाश यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट गर्ल्स स्कूल, भवनाथपुर के कक्षा नवम और दशम की लगभग 300 छात्राओं ने भाग लिया। किशोरियों को अपने प्रारंभिक वर्षों के दौरान बाहरी और आंतरिक दोनों तरह के कई प्रभावों का सामना करना पड़ता है। यह महत्वपूर्ण है कि इस चरण के दौरान होने वाले शारीरिक, सामाजिक और मानसिक परिवर्तनों के बारे में उनकी जिज्ञासाओं का सही जानकारी के साथ उत्तर दिया गया।

डॉ. वीके राम, अतिरिक्त सीएमओ (एमएंडएचएस), माइंस अस्पताल ने सभी छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की। हार्मोन संबंधी परिवर्तनों, यौवन, स्वास्थ्य और स्वच्छता, उचित पोषण, व्यायाम और कई अन्य मुद्दों पर लड़कियों से बातचीत की। डॉ. राम ने धैर्यपूर्वक छात्राओं की बात सुनी और छात्राओं के सामने आने वाली नाजुक समस्याओं पर चर्चा की। डॉ. राम ने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य और स्वच्छता तथा पौष्टिक भोजन पर ध्यान देने के लिए भी प्रोत्साहित किया। सेल भवनाथपुर तुलसिदमार खदान के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने छात्राओं को सलाह दी कि वे दोस्तों के साथ अपनी समस्याओं पर चर्चा न करें क्योंकि इससे उन्हें गलत सलाह मिल सकती है। वे केवल अपने माता-पिता पर भरोसा करें और अपने स्वास्थ्य, स्वच्छता और पढ़ाई पर भी ध्यान दें। उन्होंने छात्राओं को दूसरों का सम्मान करने की आदत विकसित करने और हमेशा जिम्मेदारी से और संस्कारित तरीके से कार्य करने की भी सलाह दी।


शिविर में प्रत्येक छात्राओं को 18 सेनेटरी पैड, 01 हॉर्लिक्स जार और 30 आयरन-फोलिक एसिड कैप्सूल वाला एक पैकेट दिया गया साथ ही एक ग्लूकोज बिस्किट पैकेट, एक सेव, एक केला और एक संतरा प्रत्येक लड़की को पौष्टिक भोजन का सेवन रूप में दिया गया। इस मौके पर बीपीओ रविंद्र मेहता अकाउंटेंट प्रदीप कुमार शुक्ला, अजय कुमार वर्मा, मनोरमा टोप्पो चंद्रधन राम, कृष्णा रावत, सहित विद्यालय के सभी छात्राएं उपस्थित थी।

## मुखिया ने निजी पैसे से खेल मैदान का कराया निर्माण



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने शनिवार को ताली गांव के पंडा नदी किनारे निजी खर्च से जेसीबी मशीन लगाकर खेल मैदान का निर्माण कराया। मुखिया मुंगा साह ने कहा की ताली गांव में खेल मैदान नहीं रहने से बच्चों को खेलने में परेशानी होता था। क्रिकेट खेलने वाले गांव के बच्चो द्वारा हमेशा खेल मैदान निर्माण कराने का मांग की जा रही थी। गांव में खेल मैदान का निर्माण होने से गांव के बच्चो में छिपी प्रतिभा निकलने की मौका मिलेगा ताकि खेल का बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र की पहचान बनायेंगे। मुखिया ने कहा की शीघ्र इस ग्राउंड पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराकर पंचायत क्षेत्र के बच्चों को खेल प्रदर्शन करने का मौका दिया जायेगा। इस अवसर पर वार्ड सदस्य संतोष पासवान, पिंटू सिंह, अरूणजय कुमार, राम नारायण सिंह, गुप्तेश्वर साह, कमलेश कुमार गुप्ता, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## अपना बहुमूल्य समर्थन देकर प्रतिनिधित्व करने का एक बार दें मौका : ममता भुइयां



गढ़वा (आजाद सिपाही)। पलामू लोकसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी ममता भुईयां अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भंडरिया प्रखंड के दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित इंदिरा गांधी चौक से बाजार प्रांगण तक पदयात्रा कर लोगों को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की आम लोगों से मिलते हुए आग्रह किया कि राष्ट्रीय जनता दल के केंद्रीय नेतृत्व ने पलामू लोकसभा क्षेत्र से हमें प्रत्याशी घोषित किया है, आप सब अपना बहुमूल्य समर्थन देकर पलामू लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधित्व करने का मौका एक बार दें। जनसंपर्क अभियान में इनके अलावा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव भुवनेश्वर सिंह, बसंत यादव युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव आदिवासी मोर्चा जिला अध्यक्ष पप्पू ठाकुर राजद के रमुना प्रखंड अध्यक्ष जगदीश यादव राजू घांसी, प्रखंड अध्यक्ष बजरंग यादव, युवा नेता सोनू यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता थे सामिल।


# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने मीडिया को दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि पलामू में चौथे चरण में चुनाव होना है। जिसके लिए 18 अप्रैल 2024 को अधिसूचना की तिथि है। 25 अप्रैल 2024 नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि है। 26 अप्रैल 2024 को नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि है। 29 अप्रैल 2024 को अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि है। जबकि 13 मई 2024 को मतदान की तिथिनिर्धारित है और 4 जून 2024 को मतगणना की तिथि है। उन्होंने बताया कि डिस्पैच सेंटर के रूप में 80 गढ़वा और 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा जबकि 76 डाल्टनगंज और 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय डाल्टनगंज को तैयार किया गया है। सभी के लिए रिसीविंग सेंटर कृषि उत्पादन बाजार समिति पलामू को बनाया गया। गढ़वा जिले में मतदाताओं कि संख्या 1041022 है, वहीं प्रथम बार मतदान करने वाले नये मतदाताओं की संख्या 30142 है। जिसमें 80 गढ़वा में 14790 और 81 भवनाथपुर में 15352 है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा महिला मतदान केंद्र, पी डब्लू डी मैनेज्ड बूथ, यूनिक मतदान केंद्र के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कंपोजिट कंट्रोल रूम के बारे में उन्होंने बताया कि यह 24/7 कार्यरत है। भारत निर्वाचन आयोग के सभी गाइडलाइंस का अनुपालन करते हुए निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 8 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 8 स्टेटिक सर्विलांस टीम और वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो भिविंग टीम के माध्यम से असामाजिक तत्वों, अवैध शराब समेत अन्य गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक संग संयुक्त रूप से इंटर स्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण भी किया जा रहा है। वहीं सी विजिल' के माध्यम से अब तक चार मामले प्रकाश में आया, जिसका डिस्पोजल कर लिया गया। इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान अब तक लगभग 4 लाख 76 हजार रुपये का अवैध शराब जब्त किये गये हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि 16 मार्च 2024 को एमसीसी लागू होने के पश्चात विभिन्न चेकपोस्ट पर अब तक 774 लीटर अवैध देशी शराब जब्त किये गये हैं, 113 लीटर बियर और 35 लीटर विदेशी वाइन, 10 अवैध देशी हथियार जब्त किये गये हैं। जिले में कुल 703 लाइसेंसी हथियारों की संख्या है, जिनमें से अब तक 236 हथियारों को थाने में जमा कराया गया है और शेष हथियारों को भी जमा कराया जा रहा है। 107 के तहत अब तक 101 लोगों पर कार्रवाई की गयी है। 350 नॉन बेलेबल वारंट जारी किये गये हैं। 124 लोगों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये गये हैं। पांच इंटर स्टेट चेक पोस्ट सक्रिय है, जिनमें दो यूपी बॉर्डर, दो छत्तीसगढ़ बॉर्डर और 1 बिहार बॉर्डर पर चेक नाका लगाया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपरोक्त के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतीयश विजय टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केसरी आदि उपस्थित थे।

## किसानों के बीच मूंग का बीज वितरण



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में किसानों के बीच मूंग का बीज वितरण किया गया। जिसका शुभारंभ प्रमुख दीपा कुमारी ने बीज वितरण कर किया। इस मौके पर प्रमुख दीपा कुमारी ने कहा कि किसानों को मूंग का बीज वितरण किया गया है। किसान अपने खेतों में बीज का बुआई कर अच्छी फसल कर सकते है। वहीं बीटीएम रंजीत सिंह ने कहा कि किसानों को उन्नत खेती के लिए मूंग का बीज वितरण किया गया है. किसान मूंग का फसल कर अपनी आय दुगनी कर सकते है. उन्होंने कहा कि प्रखंड के सैकड़ों किसानों के बीच मूंग बीज का वितरण किया गया है। इस मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र देव, राकेश कुमार, भुवनेश्वर राम, छुनु ठाकुर, दिनेश शर्मा, चंदन मेहता, संजय चन्द्रवँशी, सुमंत मेहता, रामप्रवेश साव, तुलशी पाल, बीडीसी भरदुल चन्द्रवँशी, उमेश मेहता सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे

## हनुमान मंदिर के पुजारी की धर्मपत्नी का निधन

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय के रंकाकला गाँव निवासी श्री रघुनाथ अखाड़ा हनुमान मंदिर के पुजारी महंथ बाबा बलराम पांडेय जी की धर्मपत्नी का निधन शनिवार को हो गया है। निधन की खबर सुनते ही बीस सूत्रि प्रखंड उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय जो बलराम पांडेय के भतिजा हैं, के साथ साथ झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, झामुमो युवा अनुमंडल अध्यक्ष सह खरडिहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव , उपाध्यक्ष अरविंद सोनी सहित अन्य लोगों ने आवास पर पहुँच कर श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं शोक संतप्त परिवार को दुख की घड़ी में धैर्य रखने के लिए ढाढस बंधाया। इस मौके पर पांडेय परिवार के सदस्य महिलायें मौजूद थीं।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 31 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in
08

# दो फरार वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के द्वारा अपने- अपने थाना क्षेत्र में वारंटियो/फिरारियो/ स्थायी वारंटी एवं अन्य वांछित अपराध कर्मियों के विरूद्ध सघन छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तार करने हेतू निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार छापामारी अभियान के क्रम में 29.03.2024 को एसटी संख्या 30/23 और महिला थाना (लोहरदगा) कांड सं0-38/19 धारा-376/420/313 भा0द0वि0 के स्थायी वारंटी नंदलाल महतो, उम्र करीब 30 वर्ष, पे०- अरूण महतो, सा०- हेंदेहास, थाना- सेरेंगदाग, जिला- लोहरदगा और एसटी संख्या 96/06 एंव सेन्हा थाना कांड सं0-108/05 दिनांक 30/12/2005 धारा- 341/324 /307/34 भा0द0वि0 के स्थायी वारंटी लाल मोहन लोहरा, उम्र- 36 वर्ष, पे0- गंदुरा लोहरा, सा०- हेन्देहास थाना- सेरेंगदाग, जिला- लोहरदगा को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को 30.03.2024 को न्यायालय में उपस्थापन किया गया। छापामारी दल में सेरेंगदाग थाना के पुलिस पदाधिकारी और सैट - 76(1) सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का वार्षिक परीक्षाफल घोषित



बारियातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षा 2023 -24 का परीक्षाफल का प्रकाशन शनिवार को किया गया। अध्यक्षता कर रहे प्रसाद के द्वारा कक्षा अरुण से सप्तम तक में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त भैया /बहनों को प्रगति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा अरुण में प्रथम स्थान अर्पित कुमार द्वितीय विवान कुमार, तृतीय सूरज कुमार कक्षा उदय में प्रथम स्थान कोमल कुमारी, द्वितीय अर्पित राज तृतीय कश्यप प्रसाद, कक्षा प्रथम में प्रथम दिव्या कुमारी द्वितीय स्थान शौर्य कुमार गुप्ता तृतीय दिव्या सिन्हा कक्षा द्वितीय में प्रथम लक्ष्मी प्रिया, द्वितीय प्रियांशु कुमार, तृतीय विजय कुमार कक्षा तृतीय में स्थान प्रिंस कुमार द्वितीय निगम कुमार, तृतीय श्रेयांश कुमार कक्षा चतुर्थ में प्रथम अनु कुमारी, द्वितीय नितिन कुमार, तृतीय परिधि कुमारी कक्षा पंचम में प्रथम चाहत कुमारी द्वितीय अंशु कुमारी, तृतीय शौर्य राज कक्षा षष्ठ में प्रथम सचिन राज, द्वितीय आराध्या कुमारी, तृतीय,अनुराग कुमार कक्षा सप्तम में प्रथम आयुष कुमार, द्वितीय सत्यम कुमार और तृतीय प्रियांशी राज ने स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जीतेंद्र राम ने भैया /बहनों को बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, आप सभी लक्ष्य को निर्धारित करके पढ़ाई करें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सतत प्रयास लग्न और परिश्रम से करने पर जीवन के हर क्षेत्र में सफल मिलेगी।

## हेरनहोप्पा में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन फेल, ग्रामीणों में बढ़ी परेशानी

बारियातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बालुभांग पंचायत के गुरवे व हेरनहोप्पा ग्राम में सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जिवन मिशन के तहत लगा नल जल योजना से अब तक पानी न मिलने से ग्रामीणों में बढ़ी परेशानी। ग्रामीण महावीर गंझू, रंजित गंझु, पचन गंझु, महेश यादव ,हरदेव यादव संजय यादव, सहित अन्य ने बताया कि जल जिवन मिशन के तहत शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए सरकार द्वारा हर घर नल से जल योजना के तहत हेरनहोप्पी व गुरवे ग्राम में लाखों के लागत से जलमिनार लगाया गया है। जिसे देख कर हम ग्रामीण खुश थे की पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। पर जलमिनार लगे महिनों गुजर गया और बूंद भर पानी की मोअसर नहीं हुआ है। दोनों गांव मिलाकर लगभग पांच सौ लोग निवास करते हैं। और जलमिनार लगने के बावजूद आज भी पेयजल के लिए हमलोगों को भटकना पड़ रहा है। जलमिनार लगाने वाले संवेदकों से कई बार शिकायत किया पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। आगे बताया कि कुछ जलमिनार में मोटर तक नहीं लगाया गया है। गर्मी का मौसम शुरू हो गया है और पेयजल के लिए हमलोगों को काफी परेशानी हो रही है। उक्त ग्रामीणों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त से जलमिनार को चालु कराने का मांग किया है।

## चोरों का निवाला बन गया है कुडू का जलमीनार, प्रशासनिक उदासीनता का जीता जागता नमूना है

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। करोड़ों रुपये की लागत से बना कुडू का जलमीनार स्थानीय लोगों की प्यास बुझाने में सक्षम तो नहीं हो सका। अब उसके समानों को चोरी कर लिया गया है। दरवाजे और खिड़की की चौखट -कीवाड़ी तो चुराया गया हीं जल मीनार की टंकी तक जाने की सीढ़ी भी चोरों ने अपना निवाला बना लिया। हारूण रशीद ऑपरेटर ने बताया कि इसकी सूचना लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग एवं पुलिस प्रशासन को दे दी गयी थी। ज्ञात हो कि रेफरल अस्पताल भवन में लगे लोहे के समान भी चोरों द्वारा गायब कर दिये गये। वाहनों की चोरी चर्चा में आ जाने पुलिस प्रशासन क्रियाशील हो जाता है। लेकिन इस प्रकार की चोरियॉ जल्दी चर्चा में नहीं आती है, जिसके कारण चोरों के लिए ऐसे क्षेत्र सेफ जोन साबित होते हैं।

## पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करने के संबंध में समीक्षा बैठक हुई

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करने के संबंध में समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में रेलवे, विद्युत, स्वास्थ्य, ट्रैफिक, एंबुलेंस, जेल, पोस्ट/टेलीग्राम, अग्निशमन समेत अन्य आवश्यक सेवाओं से संबंधित विभागों के नोडल अफसर शामिल हुए जिनके द्वारा अपने-अपने विभागों के पदाधिकारियों व कर्मियों की संभावित सूची से अवगत कराया गया जो लोहरदगा जिला में दिनांक 13.05.2024 को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करना चाहते हैं। साथ ही, छूटे हुए पदाधिकारियों/कर्मियों की सूची ईडीसी/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग को उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, वरीय पदाधिकारी ईडीसी/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग-सह-परियोजना निदेशक, आईटीडीए, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, कारा अधीक्षक अमित कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य संबंधित विभागों व सेवाओं के पदाधिकारी/नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पांच लाख का इनामी माओवादी गिरफ्तार

**लातेहार पुलिस ने नागेश्वर भोक्ता को लोहरगढ़ा तथा मिरचईया के जंगलों में छापेमारी कर पकड़ा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार पुलिस को नक्सलियों के विरुद्ध एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पांच लाख के इनामी नक्सली को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। दरअसल लातेहार एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी संगठन का रीजनल कमेटी सदस्य छोटू खेरवार का दस्ता गारू थाना क्षेत्र के लोहरगढ़ा तथा मिरचईया के जंगलों में भ्रमण कर रहा है। जो कि लोकसभा चुनाव में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से किसी नक्सली घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। इसी के आधार पर आगे की कार्रवाई के लिए एसपी ने एक पुलिस टीम का गठन किया। टीम ने लोहरगढ़ा तथा मिरचईया के जंगलों में छापेमारी अभियान चलाया। जहां से पुलिस ने दस्ते के एक सदस्य को खदेड़ कर धर दबोचा है। हालांकि दस्ता के अन्य लोग भागने में सफल रहे। गिरफ्तार नक्सली की पहचान नागेश्वर भोक्ता उर्फ नागेश्वर गंझू के रूप में हुई है। गिरफ्तार नक्सली पर सरकार ने पांच लाख रुपये का ईनाम भी घोषित किया हुआ था। गिरफ्तार नक्सली पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 17 से अधिक मामले दर्ज है। पुलिस नागेश्वर की गिरफ्तारी को एक बड़ी सफलता के रूप में देख रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता नागेश्वर भोक्ता, उर्फ नागेश्वर गंझू उर्फ नेशनल भुईया उर्फ जीनियस, उम्र-28 वर्ष, पिता- स्व० बाजो गंझू उर्फ नवल भुईया, सा०-झीरमतकोमा, थाना-बारियातू जिला-लातेहार।

**छापामारी दल में शामिल सदस्यों के नाम :** थाना प्रभारी, गारू पुअनि देवेंद्र कुमार- 04 पुअनि रंजन कुमार पासवान- 05. पुअनि अजीत कुमार- गारू थाना, लातेहार थाना प्रभारी, बारेसाढ़ थाना। वेंकेटश कुमार- 02 पु०अ०नि० सोनू कुमार- अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरवाडीह 06. सैट-01 पुलिस केन्द्र, लातेहार / सैट-06 गारू थाना/सैट-02 बारेसाढ़ थाना के लोग शामिल थे।

# देश की आजादी में टाना भगतों की गाथा को भुलाया नहीं जा सकता : वैद्यनाथ राम

**निंद्रा में नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत गौरव स्मृति मेला महोत्सव का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के निंद्रा में स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मारक समिति के तत्वावधान में नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत गौरव स्मृति मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में लातेहार विधायक वैद्यनाथ राम और बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, मुखिया पुतुल देवी, सुनीता खलखो, संगीता टाना भगत, संगीता देवी, शितमोहन मुंडा, कमल मुंडा, रंथू उरांव सहित कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में सबसे पहले टाना भगत समुदाय के लोगो के द्वारा कलश में जल भरकर स्मारक स्थल पर लाया गया। उसके बाद टाना भगतो के द्वारा स्मारक स्थल पर अपनी पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना किया। विधायक वैद्यनाथ राम ने झंडोत्तोलन किया। उसके बाद सभी नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत के प्रतिमा पर सभी अतिथियों ने माल्यार्पण किया। उसके बाद सभी अतिथियों को खोड़हा टीमो के द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत करते हुए मेला स्थल तक ले जाया गया। जहां रंका टाना भगत ने फीता काटकर मेला महोत्सव का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवशंकर टाना भगत तथा संचालन मुखदेव गोप ने किया। मेला महोत्सव में सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। वहीं टाना भगत महिलाओं ने भजन प्रस्तुत किया। मुखदेव गोप ने नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत भोला टाना भगत, बिरसा टाना भगत, शनि टाना भगत, मकु टाना भगत, साधु टाना भगत, एतवा टाना भगत, ठिबरा टाना भगत, थोलवा टाना भगत, छोटेया टाना भगत ने स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में अपनी अहम भूमिका निभायी थी। उन्होंने नौ स्वतंत्रता सेनानी के इतिहास और संघर्ष के बारे मे बताया। विधायक वैद्यनाथ राम ने कहा कि लातेहार जिला के सुदूरवर्ती पंचायत डुमारो में एक साथ नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगतो का आजादी की लड़ाई में योगदान अतुलनीय है। इस मौके पर समाजसेवी रोहित यादव एतवा टाना भगत, करण लोहरा, सुशील उरांव, रामभजन सिंह, प्रफुल्ल यादव, मनोहर गोप, अनिल गंझू, बिरसा टाना भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

# समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता: कालीचरण

आजाद सिपाही संवाददाता



कालीचरण सिंह, भाजपा प्रत्याशी चतरा लोकसभा क्षेत्र

**बालूमाथ ।** चतरा संसदीय क्षेत्र का बेटा हूं। क्षेत्र की समस्याओं से मैं अवगत हूं। मैं जीवन में निःस्वार्थ सेवा करने का आदी हूं। ठंड हो, तपती गर्मी हो या वैश्विक कोरोना की आपदा, मैं लगातार उसका सामना करता रहा हूं। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व स्वंय देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने क्षेत्र की जनता की स्थानीय उम्मीदवार की मांग को स्वीकार करते हुए मुझे अवसर प्रदान किया है। भारत की संसद में चतरा की आवाज न केवल गूंजेगी बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के नेतृत्व में समस्याओं का समाधान होगा। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार कालीचरण सिंह ने आज प्रेस से रूबरू होते हुए कहा। कालीचरण सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली पीने की साफ पानी, बेरोजगारी, विधि व्यवस्था की समस्याएं और अन्य नाना प्रकार की समस्याओं के समाधान के साथ आम जनता के लिए टोरी रेलवे स्टेशन में ओवर ब्रिज का निर्माण हमारी प्राथमिकता होगी। मैं ऐसा माहौल निर्माण करूंगा कि संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को सांसद महसूस होगा। चतरा लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं। चतरा, सिमरिया, लातेहार पांकी और मनिका। विशेष रूप से चतरा जिले की जनता की चिरप्रतिक्षित मांग जिला मुख्यालय सहित जिले को रेलवे से जोड़ने की है। आजादी के बाद से अब तक यह मांग पूरी नहीं हुई है। किया चतरा की जनता का यह सपना कालीचरण सिंह के एमपी घोषित होने के बाद साकार होगा।

**टोरी रेलवे स्टेशन में ओवर ब्रिज का निर्माण हमारी प्राथमिकता होगी :** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली पीने की साफ पानी, बेरोजगारी, विधि व्यवस्था की समस्याएं और अन्य नाना प्रकार की समस्याओं के समाधान के साथ आम जनता के लिए टोरी रेलवे स्टेशन में ओवर ब्रिज का निर्माण हमारी प्राथमिकता होगी।

# न्याय संविधान की रक्षा और गरीब बेसहारों के लिए होना चाहिए : राजेंद्र बहादुर पाल

**प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश को लोहरदगा जिला अधिवक्ता संघ ने भावभीनी विदाई दिया**

**राजेंद्र बहादुर पाल का कार्यकाल लोहरदगा मे मील का पत्थर साबित होगा : डॉ. प्रमोद पुजारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला अधिवक्ता भवन में 30 मार्च 24 दिन शनिवार को प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि न्याय का कार्य करते समय इंसान पदाधिकारी नहीं रहता है, बल्कि संविधान के रक्षक गरीबों बेसहारों के प्रति न्याय करने वाला बन जाता है, कभी पक्षपात, जाति धर्म से उठा हुआ विचार न्यायिक पदाधिकारी का होना चाहिए जो मैंने किया और कभी किसी के दबाव मे अपना निर्णय नहीं किया इससे मुझे आत्मसंतुष्ठी है, उन्होंने कहा किमेरी 28वर्ष तीन महीना 15 दिनों की सेवा मे किसी भी अधिवक्ता के साथ लड़ाई या गलत व्यवहार नहीं हुआ, अधिवक्ता न्याय की कड़ी होते है। उन्होंने लोहरदगा की आम जनता को कहा कि डालसा गरीबों और बेसहारों का सहारा होता है, उनसे मार्गदर्शन लीजिए सहायता प्राप्त कीजिए, उन्होंने खूंटी और लोहरदगा को बेस्ट रेटिंग देते हुए कहा कि लोहरदगा को 100% नंबर दिया जा सकता है। लोहरदगा बहुत ही रामणिक और बेहतरीन स्थानों मे एक है। राजेंद्र बहादुर पाल ने जानकारी दिया की मेरी पहली पोस्टिंग 1999 मई मे बेतिया जिला मे हुआ था, वहां से दुमका, गोड्डा, पलामू, रामगढ़, देवघर तथा लोहरदगा 10 वां स्टेशन रहा जहां से मैं अपनी न्यायिक सेवानिवृत हो रहा हूं। आगे मेरी पढ़ने लिखने में अभिरूचि है, दूसरी कार्यकाल भी सामाजिक रूप से अच्छा करूंगा। इस अवसर पर लोहरदगा अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. प्रमोद पुजारी ने कहा कि जिला और सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल का कार्यकाल बेदाग और भेदभाव रहित रहा है, राजेंद्र बहादुर पाल मृदुभाषी रहे है, इनके कार्यकाल में न्यायिक भवन की आधारशीला रखी गयी। जो लोहरदगा जिला बार एसोसिएशन के लिए मील का पत्थर साबित होगा, उन्होंने इनके उज्जल भविष्य की सुखद कामना किये है। वहीं बार एसोसिएशन के जिला महासचिव लाल दीपक नाथ शहदेव ने कहा कि जिला और सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल का सेवाकाल अधिवक्ता और आम जनता के लिए हमेशा सहदय रहे है। इस अवसर पर स्मृति चिन्ह और शाल ओढ़ा कर तथा प्रशास्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर न्यायिक पदाधिकारी मे अरविंद कुमार( डी जे 3), अखिलेश तिवारी (डी जे 1), सुभाष (कुटुंब न्यायाधीश ), पूजा कुमारी लाल, अर्चना कुमारी, सुचिता निधि तिग्गा, राजकल्याण, राजेश कुमार डालसा सचिव उपस्थित थे। वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा की न्याय यात्रा जो उन्होंने शुरू किया था और उसे आखिरी लक्ष्य को पूरा करने का संकल्पना लेकर निकले थे उसे लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। झारखंड के आदिवासी बाहुल्य जिला में न्यायालय की गरिमा को प्रतिष्ठित करते हुए दुरस्त और दुर्गम क्षेत्रों के लोगों के प्रति पहचान और हस्ताक्षर बनें सामान्य ग्रामीणों के लिए भी आप पंच और मार्गदर्शक रहे। परिवर्तन ही प्रकृति का नियम है, इसलिए जो भी पीछे छूट गया उस पर शोक मनाने की जगह, जो आपके पास है उसका आनंद उठाना सीखियं। इस अवसर पर अधिवक्ता मुनिंद्र प्रसाद, राकेश अखौरी, तरुण देवघरिया, प्रवीण भारती, अनिल पांडेय, विवेक, गौतम देवघरिया, अजय अग्रवाल (पूर्व महासचिव) सहित अन्य गन्यमान्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

## वोटर अवेयरनेस फोरम अंतर्गत सभी नोडल पदाधिकारियों की बैठक आयोजित



लोहरदगा(आजाद सिपाही)। वोटर अवेयरनेस फोरम अंतर्गत सभी नोडल पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा सभी नोडल पदाधिकारियों को अपने-अपने कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम को एक्टिवेट करने और फोरम की प्रत्येक सप्ताह बैठक करने का निर्देश दिया। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग द्वारा बताया गया कि अपने-अपने अधीनस्थ कर्मियों को फोरम की बैठक में अपने मोबाईल में वोटर हेल्पलाईन एप, सक्षम एप और सी-विजिल एप डाउनलोड करने, अगर कोई पदाधिकारी या कर्मी मतदाता सूची में अब तक जुड़ नहीं पाये हैं, तो उन्हें फार्म-6 भर कर जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल के बारे जानकारी दिये जाने, कर्मी को मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की जानकारी दिये जाने आदि की जानकारी दी गयी। आज की बैठक में सभी कार्यालयों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बूथ वोलेंटियर को मिला विशेष चुनावी निर्देश




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नगर क्षेत्र लोहरदगा के 38 बूथों के बीएजी व बुथ वॉलिंटियर्स के साथ नगर परिषद सभागार में बैठक की गयी। जिसमें प्रशासक सह स्वीप नोडल पदाधिकारी जयपाल सिंह द्वारा 13 मई 2024 के मतदान को 90% तक पहुंचाने की अपील की गयी। साथ में अपने घर और मुहल्ले वासियों को जागरूक करते हुए बीएजी और वोलेंटियर को अपने दायित्व निर्वहन की बात कही गयी। जिनका नाम उक्त मतदान केंद्र के मतदाता सूची में अंकित है, के साथ बैठक कर उन्हें मतदान दिवस की जानकारी करना, मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक और प्रेरित करना, मतदान हेतु किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचने, निर्भीक और निष्पक्ष होकर मताधिकार का प्रयोग करने तथा मतदान दिवस को मतदान केंद्रों पर तीन कतार क्रमशः पुरुष, महिला एवं तीसरी कतार, दिव्यांग, बुजुर्ग, गर्भवती/धात्री महिला हेतु होगी, ताकि किसी भी मतदाता को मत डालने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े इत्यादि बिंदुओं पर चर्चा के बाद बैठक समाप्त की गयी।

## वृद्ध महिला की कुआं में गिरने से मौत

भंडरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के उदरंगी पंचायत के हाटी कुंबाटोली गांव में शनिवार की सुबह शौच के लिए गई वृद्ध महिला की कूंवे में गिरने से मृत्यु हो गई। ग्रामीणों की मदद से परिजनों ने शव को घर लाया गया। सूचना मिलने के बाद पहुंची भंडरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया। शव की पहचान हाटी कुंबाटोली गांव निवासी छंदू मुंडा की 80 वर्षीय पत्नी छूनिया मुंडाइन के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि छुनियां शनिवार की सुबह शौच के लिए खेत को ओर गयी थी, पर काफी देर तक वह नही लौटी। घटना की जानकारी ग्रामीणों से मिलने के बाद परिजन घटना स्थल पहुंच कर शव को ग्रामीणों की मदद से कुएं से बाहर निकाला। घटना के गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

## ईंट लदा ट्रैक्टर पलटा, चालक-मजदूर बाल-बाल बचे

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा और बगड़ू थाना अंतर्गत सीमावर्ती क्षेत्र में चरहु के समीप अनियंत्रित हो ईंट लदा ट्रैक्टर पलटा कोई हताहत नही, चालक और मजदूर बाल बाल बचे। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि सेन्हा और बगड़ू थाना क्षेत्र के चरहु सीमावर्ती के समीप तालाब के पास ईंट लदा ट्रैक्टर पलटी कर गया। वहीं ट्रैक्टर में सवार मजदूर और चालक बाल बाल बचे। प्राप्त सूचना के आलोक में पुलिस घटनास्थल पहुंच जायजा लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गयी है।

## स्टेटिक सर्विलांस टीम ने ट्रक पकड़ा

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक में निर्मित अस्थाई चेक पोस्ट के समीप स्टेटिक सर्विलांस टीम के द्वारा ओभर बॉक्साइड लोडेड ट्रक को पकड़ कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया और पुलिस द्वारा अग्रतर कारवाई हेतु संबंधित विभाग को सूचनार्थ किया गया। आसन्न लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए चुनाव आयोग के निदेशानुसार जिला प्रशासन के तत्वधान में प्रखंड प्रशासन द्वारा कण्डरा में अस्थाई वाहन जांच चेक पोस्ट बनाया गया है। जहां जिला में प्रवेश करने वाली सभी वाहनों की बारीकी से जांच स्टेटिक सर्विलांस टीम के द्वारा किया जा रहा है। उसी निमित शुक्रवार देर शाम घाघरा से लोहरदगा की ओर जा रही ट्रक जे एच 06 सी 6617 बॉक्साइड लोड ट्रक को रोक कर कागजात की मांग किया गयी, तो चालक गाड़ी छोड़ भाग खड़ा हुआ। स्टेटिक सर्विलांस टीम के अजय कुमार द्वारा बताया जाता है कि बॉक्साइड लोडेड ट्रक में चलान के अनुसार ओभर लोड था। जिसकी जांचोपरांत गस्ती दल को सूचित कर जब्त ट्रक को सुरक्षित सेन्हा थाना परिसर में रखा गया है।

## पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार लोकसभा आम चुनाव, 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी से सभी को अवगत कराया। साथ ही एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी अधिकारियों और कार्यालय प्रधानों को संबंधित आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराया। इसके अलावा बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची पोस्टल बैलेट कोषांग को तय समय अनुसार उपलब्ध करने की बात कही। आगे उन्होंने जानकारी दी कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जायेगा, जिसमें आवश्यक जानकारी भरकर डाक मतपत्र शाखा में जमा किया जायेगा। बैठक में उपायुक्त ने एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी मे आने वाले कार्यालयों के कार्यालय प्रधानों से कहा कि वे अपने सभी कर्मचारियों का नाम मतदाता सूची में शामिल होना सुनिश्चित करें। अगर किसी का भी मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है तो फॉर्म 6 भरकर अपना नाम दर्ज करें। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, संबंधित विभाग के अधिकारी व कोषांग के कर्मी आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 31 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


## नवनियुक्त शिक्षक/शिक्षिकाओं के स्वागत को लेकर एक समारोह का आयोजन



कामडारा (आजाद सिपाही)। राजकीय उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कुरकुरा मे आज शनिवार को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका इंदिरा कुमारी बड़ाईक के नेतृत्व पर नवनियुक्त शिक्षक/शिक्षिकाओं की स्वागत को लेकर एक समारोह का आयोजन किया गया। इस स्वागत समारोह मे प्लस टू के लिये नियुक्त किये गये शिक्षक व शिक्षिकाएं क्रमश: रंजीत ठिठियो(भौतिक शास्त्र),ज्योत्सना बाखला(रसायन शास्त्र),दीपा तिर्की (जीव विज्ञान) एवं सोनी कुमारी(भूगोल) का सबसे पहले स्कूली छात्र-छात्राओं और विद्यालय परिवार के द्वारा स्वागत गान और माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जो क्षेत्र के लोगों के लिये काफी हर्ष की बात है। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अरबिंद कुमार साहु ने कहा कुरकुरा प्लस टू मे विज्ञान विषय की पढ़ाई शुरू हो रही है जो काफी गौरवान्वित क्षण है। श्री साहु ने बताया कि इस विद्यालय मे जैसे शिक्षकों की संख्या बढते जा रही है,अब वैसे-वैसे विद्यार्थियों की संख्या भी बढ़ते जा रही है। जो काफी हर्ष की बात है। इस स्वागत समारोह के सफल संचालन मे शिक्षक राजेश बखला के द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।इस स्वागत समारोह मे शिक्षक रंथु गोप, साधनसेवी मृत्युंजय नाग सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## वन क्षेत्र के लोग वनों के महत्व को समझें और सदुपयोग करें : पांडयान



गुमला (आजाद सिपाही)। वन संरक्षक डा.आर थंगया पांडयान ने कहा है कि वन क्षेत्र के विकास में बाधक आक्रमणकारी झाड़ीनुमा पौधे और औषधीय उत्पादों के तस्करी एवं सहज व्यापार के प्रति वन क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। जंगल के महत्व, संरक्षण और वन कानून विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का उदघाटन करते हुए वन संरक्षक ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जिस दिन वन क्षेत्र के लोग वन के महत्व को समझ जाएं और उसका सदुपयोग करें तो वन क्षेत्र के लोगों का विकास आसान हो जाएगा। अभी वन क्षेत्र के उत्पादों का लाभ बाहर के व्यापारी उठा रहे हैं। कार्यशाला में आए अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए महुआ चुनने के लिए जंगल में आग नहीं लगाने के लिए वन क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। साधनसेवी डा.पंकज कुमार, डा.गीता कुमारी, प्रो.सत्यनारायण सिंह आदि ने वन व वनोत्पाद के महत्व, पर्यावरण एवं रोजगार आदि पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डा.प्रसन्नजीत मुखर्जी ने किया। इस अवसर पर डा.आशुतोष झा, सुशील कुमार पांडेय, संतोषी पांडेय, अजित मिंज आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

## झारखंड नवनिर्माण दल स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में कार्यक्रम का करेगा आयोजन

गुमला ( आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा 4 अप्रैल 2024 को गुमला में स्वतंत्रता सेनानी वीर बख्तर साय व मुंडन सिंह की जयंती के अवसर पर तथा भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल 2024 को मनाई जाएगी। वहीं 16 अप्रैल 2024 को रांची में स्वतंत्रता सेनानी वीर ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव का शहादत दिवस मनाने का भी निर्णय दल द्वारा लिया गया है। स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारतीय संविधान की रक्षा तथा 2024 का घोषित लोकसभा चुनाव पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे।

## दत्तक माता-पिता ने कानूनी रूप से बच्ची को लिया गोद, डीसी ने दी शुभकामना



गुमला ( आजाद सिपाही) । बाल संरक्षण आयोग गुमला के पहल पर एक नाबालिक बालिका को दत्तक माता-पिता का छत्रछाया मिला। दत्तक माता-पिता ने गोद लेने की प्रक्रिया पूर्ण कर गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के समक्ष प्रस्तुत होकर प्रमाण पत्र ग्रहण किया। इसके उपरांत बालिका को अपने घर ले गए। अब उक्त बालिका की अच्छी से देखभाल परवरिश और पढ़ाई लिखाई होगी। वही उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे शुभकामनाएं दी। वही दत्तक माता-पिता गोद को गोद लेकर काफी खुश दिखे। मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई गुमला के बाल संरक्षक पदाधिकारी एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## सुगम्य चुनाव को लेकर डीसी ने जिला निगरानी समिति को दिये कई निर्देश



सिमडेगा ( आजाद सिपाही)। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सुगम्य चुनाव पर जिला निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सभी दिव्यांग मतदाता व्यक्तियों के लिए सुलभ और समावेशी चुनाव प्रक्रिया के लिए जिले में किए जा रहे उपायों की निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए सुगम्य चुनाव जिला निगरानी समिति को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, जिला शिक्षा अधीक्षक, नगर परिषद् प्रशासक पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# शैडो एरिया में होगी बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी सुविधा

**पोस्टल बैलेट पेपर वोटिंग को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** वैसे चिन्हित शैडो एरिया जहां नेटवर्क कनेक्टिविटी स्लो है उन चिन्हित स्थानों में नेटवर्क की सुविधा जल्द से जल्द दुरुस्त की जाएगी। इसके लिए उपायुक्त ने दूरसंचार से संबन्धित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। आगामी लोकसभा चुनाव के निमित जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शैडो क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा अच्छादित करने एवं पोस्टल बैलेट पेपर से चुनाव प्रक्रिया किए जाने आदि से संबंधित विषयों पर विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गुमला, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित विभिन्न मोबाइल नेटवर्क के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें। लोकसभा आम चुनाव, 2024 में समावेशी मतदान करते हुए शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी से सभी को अवगत कराया। साथ ही एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मियों का मतदान लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी अधिकारियों एवं कार्यालय प्रधानों को संबंधित आवश्यक प्रक्रिया से अवगत कराया। एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की सूची पोस्टल बैलेट कोषांग को तय समय अनुसार उपलब्ध करने की बात कही। एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में विद्युत, बीएसएनएल, रेलवे, डाक, दूरदर्शन, प्रसार भारती, दूध, स्वास्थ्य, खाद्य, वायु, राष्ट्रीय राजपथ, अग्नि, यातायात, एंबुलेंस सेवा व मीडिया शामिल है।उन्होंने जानकारी दी कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म 12 डी जारी किया जाएगा, जिसमें आवश्यक जानकारी भरकर डाक मतपत्र शाखा में जमा किया जाएगा। उस आधार पर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए पात्र हो पाएंगे। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## बड़काडीह डोल पूजा को लेकर कलश यात्रा निकाली

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखण्ड के बड़काडीह डोल पूजा को लेकर आयोजन समिति द्वारा शनिवार को कलश यात्रा निकाला। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और बच्चिया शामिल हुई। कलश यात्रा की शुरूवात बड़काडीह गांव स्थित श्री राधे कृष्णा मंदिर से जय श्री राधे कृष्णा, जय श्री राम के उद्घोष के साथ शुरूवात हुइ। जो घाघरा गुमला मुख्य पथ होते हुए मकरा मोड़ स्थित गुड़गुड़ चुवा तक पहुंची। जहाँ आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोउच्चार के साथ कलश में जल भरी कराई। जहां कलश यात्रा पुनः मंदिर परिसर पहुंची जहां आचार्य प्रमोद पाठक द्वारा बताया गया की कलश यात्रा के उपरांत पूजन पाठ अनुष्ठान और शाम चार बजे डोल पूजा माता राधा भगवान कृष्ण बलराम के सभी बिग्रहों का पूजन होगी। वही पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि डोल पूजा बहुत ही ऐतिहासिक पूजा है। यह काफी पुरानी परंपरा से चलते आ रही है। पूर्वजों के द्वारा दी गई धरोहर को हम सभी को संरक्षित रखने की जरूरत है। देर शाम भव्य भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी 31 मार्च को उक्त पूजा स्थल के बगल में ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा।मौके पर शिवटहल साहू, नरेंद्र साहू,सुरेंद्र साहू, झरी उरांव, शिव नारायण साहू, पारस राम, दशरथ बैठा, बिरसई उरांव, शिवनारायण साहू, सर्वेश राम, केवल सिंह, नीता देवी, रीना देवी, कौशल्या देवी, रूपा कुमारी सहित कई श्रद्धालु शामिल थे।

## सीआरपीएफ जवान प्रदीप तिर्की की प्रतिमा पर फूलमाला पहना कर शहीद दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** संत जोसेफ विद्यालय प्रांगण में शनिवार को सीआरपीएफ 218 बटालियन के द्वारा शहीद प्रदीप तिर्की की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर शहीद दिवस मनाया गया। मौके पर सीआरपीएफ बटालियन के डीआईजी डी एन लाल ने कहा की आज ही के दिन छत्तीसगढ़ के दन्तेवादाड़ा में आई डी ब्लास्ट में सात जवान शहीद हो गए जिसमे मुख्य आरक्षी प्रदीप तिर्की भी शहीद हो गए थे शहीद प्रदीप तिर्की ने देश सेवा करते हुऐ अपना बलिदान दिया है जो हमारे लिए एक प्रेरणा है। यह बलिदान सोभाग्यशाली सैनिक को ही प्राप्त होती है ।हमे उनकी शहादत को याद रखना है उनकी याद में विद्यालय परिसर में प्रतिमा लगाई गई है जिसे बच्चों में देश प्रेम की भावना जागे और युवा प्रदीप तिर्की से प्रेरित हो। दूसरी ओर मौके पर उपस्थित बसिया एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा कि प्रदीप तिर्की देश सेवा करते हुए शहीद हुए है। शहीद कभी मरते नही वे हमारे दिलों में बसते हैं वीर सपूत प्रदीप तिर्की एवम उनके परिजन को नमन है ।उन्होंने कहा कि वर्दी पहनने वाले बहुत कम ही लोगो को यह सम्मान मिल पाता है जिन्होंने अपने सेवा काल मे शहीद हुए हैं शहीद के परिजन अपने को अकेले नही समझे बसिया पुलिस प्रशासन आपके साथ हैं।

## 5 वर्षीय छात्र बरगद के पेड़ से गिरा, किया गया रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत टोटाम्बी केउंद टोली निवासी सुरेंद्र उरांव का 5 वर्षीय पुत्र आशिक उरांव बरगद के पेड़ से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन तत्काल उसे लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचे। जहां प्राथमिक इलाज के उपरांत उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना शुक्रवार की अपराह्न 5:00 बजे की है। घटना में छात्र के कमर व छाती में काफी चोट लगी है। घटना के बाद वह बेहोश हो गया था। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। परिजन रात 9:00 बजे उसे रिम्स ले गए। परिजनों ने बताया एंबुलेंस में ऑक्सीजन की सुविधा नहीं होने के कारण रिम्स ले जाने में विलंब हुआ। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कुछ बच्चे बरगद पेड़ के नीचे खेल रहे थे। तभी खेल-खेल में बरगद पेड़ में झूल रहे लता में सभी चढ़ने लगे। आंशिक भी लता में चढ़ने लगा। कुछ दूर चढ़ने के बाद उसका हाथ फिसल गया और वह जमीन पर गिर गया।

## विदेश सेवा अधिकारी ने बिरसा मुंडा सेंट्रल लाइब्रेरी में की करियर काउंसलिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बिरसा मुंडा सेंट्रल लाइब्रेरी के सभागार में शनिवार को कैरियर काउंसलिंग की गई। जिसमें विदेश मंत्रालय भारत सरकार में कार्यरत भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी सौरभ दास ने विदेश सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सौरभ दास पूर्व में नैरोबी एवं मास्को में सेकेंड सेक्रेटरी रह चुके हैं और अपनी विदेश सेवा के क्रम में दुनिया के अनेक विकसित और विकासशील तथा पिछड़े देशों की यात्रा भी कर चुके हैं । उनके द्वारा बताया गया कि दुनिया के लगभग 200 देशों के साथ डिप्लोमेटिक समन्वय तथा उन देशों की सरकारों-राजनेताओं के साथ भारत के बेहतर राजनैतिक तथा व्यापारिक सम्बन्ध, आयात निर्यात सम्बन्धी नीतियों तथा बेहतर सम्बन्ध में विदेश सेवा के अधिकारियों की भूमिका होती है । उनके द्वारा यूपीएससी सहित इंजीनियरिंग, मेडिकल तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए टिप्स दिए एवं विशेष रूप से यूपीएससी की तैयारियों के लिए प्रिलिम्स एवं मेंस परीक्षा के प्रश्नपत्रों के पैटर्न पर चर्चा की गई । उनके द्वारा प्रतियोगी परीक्षा तैयारी कर रहे छात्रों के द्वारा परीक्षा तैयारी की स्टेटजी सम्बन्धी सवाल के जवाब में उनका मार्गदर्शन करते हुए उत्तर लिखने के कौशल हेतु बार बार प्रैक्टिस से दिमाग को ट्रेंड करने तथा कम शब्दों में प्रश्नों के मूल स्वरूप को समझते हुए मौलिक और ठोस जवाब लिखने के लिए नियमित अभ्यास पर चर्चा की तथा नोट्स मेकिंग सम्बन्धी सुझाव दिए । साथ ही उनके द्वारा अपनी तैयारियों की रणनीति भी सभी के साथ साझा की गई । उनके द्वारा इस काउंसलिंग के क्रम में सभी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा सम्बन्धी रिसर्च फील्ड के बारे में भी जानकारी देते हुए इसे एक बेहतर विकल्प बताया गया । उन्होंने काउंसलिंग के क्रम में बैंकिंग, टीचिंग, कामर्स, फिशरी, मर्चेंट नेवी सहित अन्य स्टेट सर्विस की परीक्षाओं पर भी परिचर्चा की।

## 02 अप्रैल को किया जायेगा अखाड़ा पूजन: गौरव केसरी



**गुमल (आजाद सिपाही)।** रामनवमी को लेकर श्री महावीर मंडल समिति की बैठक श्री महावीर चौक में अयोजित हुई। बैठक अध्यक्ष गौरव केसरी (रजत) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि 02 अप्रेल यानी मंगलवार को धूमधाम से अखाड़ा पूजन किया जायेगा। बैठक में रोड चंदा हेतु प्रभारियों का मनोनयन भी किया गया। जिसमें राज जयसवाल,हर्ष कसेरा, अभिषेक कुमार डीजे, सौरभ गुप्ता, अंकित कुमार, ऋषभ बजाज ,पोलू सहित अन्य सदस्यो की नियुक्ति की गई । विशेष सहयोग सह सदस्य चंदा जमा करने हेतु उपाध्यक्ष- राहुल केसरी,आदर्श कसेरा,कौशल मंत्री, अनिकेत कुमार, सुमित कुमार को नियुक्त किया गया। सरकारी अनुमति, मंदिर की सफाई, रंग-रोगन,विद्युत आदि की व्यवस्था करने के लिए सचिव रूपेश साहू ,कोषाध्यक्ष हर्ष केसरी एवं अन्य सदस्यों को नियुक्त किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मुख्यसंरक्षक मनोज केसरी, केशरी समेत अन्य सभी पूजा समिति के सदस्य शामिल हुए ।

## दो नाबालिग लड़कों को पुलिस ने पकड़ा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शनिवार की अहले सुबह लगभग 3:00 बजे गस्ती पेट्रोलिंग पुलिस ने सिसई रोड संत पात्रिक स्कूल के समीप से चार नाबालिक लड़कों को स्कूटी के साथ पकड़ा। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर चारों लड़कों ने शहर के एक मोहल्ले में रहने की बात बताई। वहीं पुलिस ने स्कूटी को जप्त कर लिया।तभी मौके से दो लड़के वहां से फरार हो गए। जबकि दो लड़कों को पुलिस पकड़ कर थाना ले आई।पूछताछ के क्रम में दोनों लड़कों ने बताया रात के लगभग 2:00 बजे मोहल्ले के दोनों लड़के स्कूटी से हमारे घर आए और घूमने चलने की बात कह कर स्कूटी में बैठा कर घूमाने लगे। वही पूछताछ के क्रम में पकड़े गए लड़कों ने बताया लगभग तीन-चार महीने पूर्व हम लोगों ने सदर अस्पताल परिसर से लगभग 15 किलो लोहे के छड़ की चोरी की थी। आज भी चोरी करने के उद्देश्य से घर से निकले थे। लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया। वहीं पुलिस लड़कों से पूछताछ कर रही है। सभी लड़कों की उम्र 16 वर्ष से कम है। जानकारी के मुताबिक सभी लड़के गरीब परिवार से हैं और उनके परिजन मोटिया मजदूरी कर जीविका चलाते हैं।

## आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के बाकिर लिटिया टोली निवासी 24 वर्षीय डियर उरांव उर्फ दुर्गा उरांव पिता मांगा उरांव को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी 2016 में आर्म्स के साथ पकड़ा गया था। वही कुछ माह पहले जेल से बेल में बाहर आया था और गोवा कमाने चला गया था। कई बार कोर्ट द्वारा उपस्थित होने का नोटिस भेजा गया लेकिन वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हो रहा था। इसके बाद कोर्ट ने गिरफ्तारी का वारंट जारी कर दिया था।

## युवक को महिला के साथ गलत संबंध के शक में दो युवकों ने मारपीट कर किया घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के खोरा भभुआ टोली निवासी 18 वर्षीय बंदी उरांव को गांव के ही दो युवकों ने अपनी भाभी के साथ गलत संबंध होने के शक में मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक किसी तरह जान बचाकर भाग कर झाड़ी में जाकर छुप गया इसके कुछ देर बाद वह अपने एक परिचित के घर गया और दूसरों के मोबाइल से 100 नंबर में डायल कर घटना की सूचना दी। इसके बाद गुमला थाना के एस आई दाखिन बेसरा गांव पहुंचकर युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया। युवक ने बताया महिला का पति इसी माह 13 तारीख को घर में आकर महिला के साथ गलत संबंध होने की बात कह कर मारपीट कर चुका है। इसके बाद शुक्रवार की रात महिला का देवर और एक अज्ञात युवक अखाड़ा के समीप मुझे रोक लिया और पहले मेरा मोबाइल छीन लिया इसके बाद मेरे साथ जमकर मारपीट की। मैं किसी तरह जान बचाकर वहां से भागा। वही मामले को लेकर युवक ने गुमला थाना में प्राथमिक की दर्ज करने की बात कही।

## स्पोर्ट्स अकादमी से राष्ट्रीय हैंडबॉल रेफरी के लिए चयन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्पोर्ट्स अकादमी गुमला के संस्थापक एव निदेशक सैयद जुन्नू रैन ने कहा यह गुमला जिला के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। लगातार गुमला जिला से दो खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्तर पर रेफरी के लिए चयन का अवसर मिला। इसी अवसर में 52वीं सीनियर पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप में लक्ष्मण नगर के विक्रम राज ठाकुर का चयन हुआ है। खेल का आयोजन 31 मार्च से 4 अप्रैल तक बिहार के बेगुसराय में आयोजित होगी जिसमे रेफरी की भूमिका निभायेंगे। वही जुन्नू रैन द्वारा बताया गया की गुमला के तरफ से राष्ट्रीय स्तर पर इससे पहले विध्यांचल नगर निवासी दीपक कुमार भी हैंडबॉल फेडरेशन इंडिया में रेफरी की भूमिका निभाई है और बेहतर प्रदर्शन किया।वही 45 वीं जूनियर में खिलाड़ी के रूप में संतोष उरांव को भी बेहतर प्रदर्शन करने पर गुमला जिला में सभी ने स्वागत किया साथ ही झारखंड पूरे प्रतियोगिता में सातवें स्थान पर रही। वही झारखंड हैंडबॉल फेडरेशन के सचिव साथ ही भारतीय हैंडबॉल के टेक्निकल कमिटी के माननीय खुर्शीद खान ने इस मौके पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की साथ ही गुमला जिला में स्टेट हैंडबॉल टूनामेंट कराने की बात कही। इस अवसर पर स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक और झारखंड हैंडबॉल फेडरेशन के सह सचिव द्वारा टॉवर चौक से मिठाई खिला कर व माला पहना कर रवाना किया गया। मौके पर हफीजुर रहमान द्वारा बेहतर प्रदर्शन कर और गुमला जिला का मान बढ़ाने को कहा। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग के फहिमा अकैडमी के निदेशक भी मौजूद थे। साथ ही रवाना करने में सीनियर खिलाड़ी दीपक कुमार, अनीश साहू, रवि गुप्ता, अरीब आब्दीन, संतोष , शशांक, आलोक, हर्षिकेश मौजूद थे।

# महायज्ञ को लेकर सिगसिगी में निकली भव्य कलश शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** सिगसिगी में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। कलश शोभा यात्रा की शुरूआत सिगसिगी यज्ञ स्थल से हुआ। कलश शोभा यात्रा को पलामू सांसद वीडी राम,भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी,आचार्य विष्णुचित जी महाराज,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय व समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखा कर रवाना किया। कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ रेलवे स्टेशन होते हुये कोयल नदी तट पहुचा,जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया। इसके बाद नगर भ्रमण करते हुये यात्रा वापस यज्ञशाला परिसर पहुंचा,जहां पूरे विधि विधान से कलश की स्थापना करायी गयी। साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मंडप प्रवेश तथा अग्नि मंथन का अनुष्ठान भी हुआ। कलश शोभा यात्रा में समाजसेवी पिंटू चौधरी,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,बचनदेव चौधरी,समिति के सचिव विनय चंद्रवंशी,पंकज कुशवाहा,शैलेश पांडेय,राहुल गुप्ता,गया महतो,सुनिल तिवारी सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत क्रिकेट मैच का हुआ शुभारंभ



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम में शनिवार को दो दिवसीय क्रिकेट मैच का उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने हवा में गुब्बारे उड़ा कर क्रिकेट मैच का शुभारंभ किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाकर सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की टीम पर नेहरू युवा केंद्र की टीम भारी पड़ती नजर आ रही। इसके बाद प्रशासन व मीडिया, शिक्षा विभाग व लायंस क्लब के साथ ही हेल्थ व चैंबर ऑफ कॉमर्स के बीच मैच खेला जायेगा। सभी मैच देर रात तक खेला जायेगा और आज जो टीम क्वालीफाई करेगा वो दूसरी क्वालीफाई हुई टीमों के साथ कल फाइनल खेला जायेगा।

## पासवान समाज ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों को दी आर्थिक सहायता



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के बेनिकला गांव निवासी स्व० सिकेश्वर पासवान के परिजनों को हुसैनाबाद पासवान समाज की ओर से आर्थिक सहायता दी गयी। विदित हो कि उनकी बीते दिनों बंगलौर में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। परिजनों की माली हालत को देखते हुये आर्थिक सहयोग की। मौके पर पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान, पूर्व नपं अध्यक्ष छठन पासवान, निर्मल कुमार, शंकर पासवान, पंकज पासवान, अनिरूद्ध पासवान, नरेश पासवान, विमलेश पासवान, उपेन्द्र पासवान, हरि पासवान, संजय पासवान, कमाता पासवान, अवधेश पासवान, प्रमोद पासवान,पप्पू पासवान, ललन पासवान आदि मौजूद थे।

## लक्ष्मी शिशु वाटिका स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल का वार्षिक रिजल्ट प्रकाशित किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य व निदेशक शशीकेश कश्यप ने सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को पुरस्कार प्रदान किए। मौके पर उन्होंने कहा कि परीक्षा बच्चों के जीवन मे कठिन संघर्ष करने व स्वमूल्यांकन करने का अवसर प्रदान करता है।

### राज मोहन पोलू हत्याकांड मामला

## तीन आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने 27 मार्च को हुए राज मोहन पोलू और बिजली मिस्त्री राकेश दास हत्याकांड का खुलासा किया है ।पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता कर मामले की जनाकारी दी। चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया था इस कांड में संलिप्त तीन अपराधी रवि चन्द्रवंशी, राहुल चन्द्रवंशी और विशाल कुमार को गिरफ्तार किया है साथ ही पुलिस ने टूटा हुआ रायफल का अग्र भाग,खून लगा हुआ अभियुक्त रवि चन्द्रवंशी जीन्स और शर्ट,एक देशी कट्टा और स्मार्ट फोन बरामद किया है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के नेतृत्व में एसडीपीओ मनी भूषण प्रसाद और चैनपुर थाना प्रभारी सोनू चौधरी की टीम ने हत्यकांड में संलिप्त तीनो आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। वही सभी गिरफ़्तार अपराधियों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, किया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल के शैक्षणिक सत्र 2023 - 24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम शनिवार को एक सादे समारोह में घोषित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल के निदेशक अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह व प्राचार्य दीपक कुमार तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्वलित कर किया। 96 प्रतिशत अंकों के साथ अश्वी आनंद सिंह स्कूल की टॉपर रही। स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी वर्ग के टॉपरों को पुरस्कृत किया गया। बाबुल सिंह ने बताया कि इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। यह सुखद परिणाम बच्चों के लगन और कड़ी मेहनत,शिक्षको का कुशल मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग से संभव हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि कम शुल्क में बेहतर अनुशासन और संस्कार पूर्ण शिक्षा देना ही हमारा लक्ष्य है। मौके पर शिक्षक अजीत तिवारी, शैलेश चौबे, सुरेंद्र शर्मा, पियूष पांडेय, नंदकुमार ठाकुर, लतीफ अंसारी, आभा चौबे,चंचल दीक्षित, अंजली ठाकुर, विकाश पांडेय, रिया मिश्रा, सोनाली पांडेय, निशिका सिंह, वैशाली कुमारी, राजीव रंजन ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## महावीर मंदिर प्रबंधन समिति की हुई बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** श्री श्री राम चरित्र मानस नवाह परायण यज्ञ करने हेतु महावीर मंदिर प्रबंधन समिति की एक बैठक हुई। बैठक मे नवाह परायण यज्ञ तृतीय वर्ष भी धूमधाम से मनाने का संकल्प दोहराया गया। नवाह यज्ञ के रूपरेखा तैयार करने में सभी सदस्यों ने अपना-अपना राय दिया। पिछले वर्ष की भांति ही सर्वप्रथम 8 अप्रैल को सुबह 7 बजे पूरे विधि विधान के साथ जल यात्रा निकाला जाएगा। 9 अप्रैल को कलश स्थापना कर नवाह यज्ञ आरंभ किया जाएगा जो 17 अप्रैल नवमी को पूणार्हुति हवन के साथ समापन होगा। 18 अप्रैल को शोभा यात्रा निकाला जाएगा। बैठक की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी जी ने किया बैठक का समापन जिला संघचालक दिनेश प्रसाद कश्यप के आशीर्वचनों के साथ हुआ । बैठक में मंदिर प्रबंधन समिति के संरक्षक उदयनाथ विश्वकर्मा, सचिन कुमार आनंद उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, राजेंद्र पाल, अजीत कुमार अग्रवाल, पप्पू सोनी, सचिव उत्तम कुमार, राजीव कुमार ठाकुर, संजय कुमार सोनी, काशी सोनी, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, अजय कुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता, संतोष गुप्ता, अविनाश कुमार सिन्हा, आशु कुमार, कुलवंत कुमार, संतोष पाल, पुजारी गोपाल पाठक आदि मौजूद थे।

## 67वीं अखिल भारतीय रेलवे टी-20 पुरुष क्रिकेट चैंपियनशिप 2023-24 का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



भुवनेश्वर 30/03 पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, खुर्दा रोड द्वारा आयोजित 67वीं अखिल भारतीय रेलवे टी20 पुरुष क्रिकेट चैंपियनशिप (एलीट पूल-ए) 2023-24 का उद्घाटन रेलवे स्टेडियम में किया गया है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन खुर्दा रोड के मंडल रेल प्रबंधक श्री एच. एस. बाजवा ने किया। उद्घाटन समारोह में खोरधा रोड महिला कल्याण संघ की अध्यक्षा श्रीमती गुर सिमरन कौर, पूर्व तट रेलवे खेल संघ, भुवनेश्वर के महासचिव श्री अजय कुमार सामल, अतिरिक्त मंडल रेलवे प्रबंधक (इंफ्रा) श्री शुभ्रा ज्योति मंडल, खेल अधिकारी और वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक, खोरधा रोड श्री हिमाद्री भूषण बिस्वाल, शाखा अधिकारी और खोरधा रोड महिला कल्याण संघ के सदस्य उपस्थित थे।

इस एलीट पूल-ए लीग मैच में कुल 6 रेलवे क्षेत्र अर्थात दक्षिण पूर्व रेलवे, पूर्व तट रेलवे, उत्तर पूर्व रेलवे, उत्तर सीमांत रेलवे, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और मेट्रो रेल/कोलकाता भाग ले रहे हैं। 30.03.2024 से 04.04.2024 तक 6 क्षेत्रों के बीच कुल 15 लीग मैच खेले जाएंगे। कुछ लीग मैच खोरधा रोड रेलवे स्टेडियम में और कुछ लीग मैच सेंचुरियन यूनिवर्सिटी ग्राउंड में आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर श्री एच. एस. बाजवा ने सभी टीमों को उनकी स्वस्थ भागीदारी के लिए बधाई दी और कहा कि डिवीजन ने खिलाड़ियों की सुविधा के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। आने वाले दिनों में होने वाले टूनामेंटों के लिए खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्टेडियम में विकास कार्य चल रहे हैं।

भारतीय रेलवे विभिन्न क्षेत्रों की 27 टीमों के लिए 4 अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न लीग मैचों का आयोजन कर रहा है, जैसे कि खुर्दा रोड पर पूल-ए, प्रयागराज में पूल-बी, कपूरतला में पूल-सी और खड़गपुर में पूल-डी।

आज का पहला लीग मैच पूर्व तट रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे के बीच खेला गया पूर्व तट रेलवे ने यह मैच 12 रन से जीत लिया। पूर्व तट रेलवे के श्री गिरिजा पी राउत मैन ऑफ द मैच रहे ।

खोरधा रोड डिवीजन के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक अनिल कुमार एस ने मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी प्रदान की। टूनामेंट के सभी मैचों का संचालन खेल सचिव एम. जाकीरुद्दीन के साथ-साथ पूर्व तट रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है।

## विश्व हिंदू परिषद की एक दिवसीय प्रांत कार्यसमिति की बैठक हुई संपन्न



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शनिवार को पलामू जिला संघ कार्यालय मे प्रांत के द्वारा एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद कार्यक्रम विभाग के अध्यक्ष शिव प्रसाद ने की वहीं संचालन जिला संयोजक संदीप गुप्ता ने की। बैठक में सर्वसम्मति से उपेंद्र यादव को छत्तरपुर प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष पद के लिए चयन किया गया। वहीं इस से पहले प्रखंड के अध्यक्ष पप्पू सिंह थे जो पलामू जिला सह मंत्री के रूप में चयन हुए। जिन्हे प्रांत से आये झारखंड विहिप प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्रा के द्वारा अंगवस्त्र देकर दोनो को सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्रा ने कहा कि झारखंड सहित देश में घुसपैठ, धर्मांतरण, जिहाद, गोवंश हत्या, गोवंश तस्करी धर्म रक्षा निधि संग्रह राम जन्मोत्सव कार्यक्रम 9-24 अप्रैल, हनुमान जन्मोत्सव, स्थापना दिवस समारोह, षष्टी पुष्टि समारोह, प्रशिक्षण वर्ग गिरिडीह 5 से 10 जून, धर्मांतरण व कम्युनिस्ट विचारधारा हिंदू समाज के लिए बड़ी चुनौतियां हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए विश्व हिंदू परिषद सशक्त संगठन बनाएगा। हम हिंदू नहीं हैं, ऐसा विमर्श खड़ा करके समाज को भ्रमित किया जा रहा है इसे सुधारने की जरूरत है। हिंदू धर्मावलंबी अपने धर्म एवं संस्कृति की जीवंत स्थिति को निरंतरता बनाए रखने के लिए सदैव संघर्षशील रहे हैं। मौके पर पलामू विहिप के सभी प्रखंड के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे।

## परीक्षा ही सफलता की कुंजी है: कुशजी पांडेय



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में कक्षा- अरुण से नवम तक के छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष मुख्य अतिथि अवकाशप्राप्त प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता,संरक्षक चंद्रेश्वर प्रसाद,उपाध्यक्ष सत्येन्द्र चंदेल,प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय,भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी छात्रों ने अध्ययन करके अपने भविष्य का निर्माण किया, ऐसे छात्र निश्चित तौर पर सफलता के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे ।मौके पर राजकुमार सिंह, दीपक पाण्डेय, मृत्युंजय प्रसाद,संजय सिन्हा, चंदन कांस्यकार, प्रचार मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक, रंजीत मिश्र,शशि कुमार एवं अन्य शिक्षक- शिक्षिकाए मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन, हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों के साथ उपस्थित रहेंगे

## अभिषेक ने हॉकी इंडिया के छठे वार्षिक पुरस्कारों के लिए नामित होने का श्रेय टीम को दिया

एजेंसी



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों के बहुप्रतीक्षित छठे संस्करण के लिए मंच तैयार है, जो रविवार को नई दिल्ली में होने वाला है। इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में अभूतपूर्व कुल पुरस्कार राशि 7.56 करोड़ रुपये है। आठ श्रेणियों में कुल 32 खिलाड़ियों को इन वार्षिक पुरस्कारों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन नामित व्यक्तियों की पूरे 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में ओलंपियन रघबीर लाल, ए.एस.बख्शी, हरबिंदर सिंह, अशोक दीवान, जफर इकबाल, अजीत पाल सिंह, रोमियो जेम्स, जगबीर सिंह, एम.पी. सिंह, और विनीत कुमार सहित हॉकी के दिग्गज शामिल होंगे। ।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप टिर्की, महासचिव भोला नाथ सिंह और कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन, हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों के साथ उपस्थित रहेंगे। अन्य उल्लेखनीय उपस्थित लोगों में आर विनील कृष्णा, आईएएस, आयुक्त-सह-सचिव डीएसवाईएस, ओडिशा, डॉ अतुल्य मिश्रा, आईएएस, अतिरिक्त मुख्य सचिव, तमिलनाडु सरकार, और मेघनाथ रेड्डी, आईएएस, सदस्य सचिव एसडीएटी, तमिलनाडु शामिल हैं।

नामितों में भारतीय फारवर्ड अभिषेक भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से वर्ष 2023 में एक अलग छाप छोड़ा है। उनके निरंतर प्रदर्शन के लिए, अभिषेक को दो श्रेणियों-हॉकी इंडिया धनराज पिल्ले पुरस्कार फॉरवर्ड ऑफ द ईयर 2023 और हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवार्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर 2023, में नामित किया गया है।

अभिषेक ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ₹इस साल दो श्रेणियों में नामित होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं हॉकी इंडिया के सहयोगी स्टाफ, हमारे कोचों और मेरे साथियों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने लगातार मेरा समर्थन किया और जब भी मुझे जरूरत पड़ी, हमेशा सलाह दी। उनके निरंतर समर्थन के कारण, मुझमें आत्मविश्वास आया और मैं स्वतंत्र रूप से प्रदर्शन करने में सक्षम हुआ।

एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला में छह मैचों में तीन गोल करने वाले अभिषेक ने हांग्जो एशियाई खेलों में अपना फॉर्म जारी रखा, जहां उन्होंने 7 मैचों में 9 गोल किए, जिससे उनकी टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद मिली। पिछले महीने राउरकेला में एफआईएच पुरुष हॉकी प्रो लीग 2023/24 में स्पेन पर भारत की रोमांचक 2 - 2 (8 - 7 शूट आउट) की जीत के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था। अभिषेक ने कहा, यह मेरे लिए एक अच्छा साल था। हर बार जब मैं भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर उतरता हूं, तो मेरा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना होता है कि मैं अपनी टीम को वांछित परिणाम दिलाने में मदद करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं। व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक, यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि टीम अच्छा प्रदर्शन करे और वे मुझे सही समय पर वांछित स्थिति में ढूंढने में सक्षम हों, और इस वर्ष मैंने इसी पर काम किया।

## राष्ट्रीय खो खो चैम्पियनशिप प्री-क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले तय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** यहां के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में चल रही 56वीं राष्ट्रीय खो खो चैम्पियनशिप में रविवार को प्री-क्वॉर्टर फाइनल और दूसरे हाफ में क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले खेले जायेंगे। पुरुष वर्ग के प्री-क्वॉर्टर फाइनल में रेलवे, महाराष्ट्र पुलिस, विदर्भ, ओडिशा, पुडुचेरी, कर्नाटक, तमिलनाडु, यूपी, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की टीमें पहुंचने में कामयाब रहीं।

वहीं, महिला वर्ग के प्री-क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र, पंजाब, तमिलनाडू, यूपी, ओडिशा, दिल्ली, राजस्थान, विदर्भ, केरला, आंध्र प्रदेश और एयर पोर्ट अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया की टीमों ने प्रवेश किया। शनिवार को खेले गये पुरुष वर्ग के लीग मुकाबले में तेलंगाना और चंडीगढ़ के बीच एक रोचक मैच देखने को मिला। तेलंगाना के नरेश ने महज 1.50 मिनट में 4 अंक और राजेंद्र ने 6 अंक अर्जित कर तेलंगाना टीम के स्कोर को 28 अंक पहुंचा दिया, लेकिन जवाबी सत्र में चंडीगढ़ केवल 26 अंक ही बना सकी और मैच को 2 अंक से गंवा बैठी।


## बीडीओ ने किया स्कूल का निरीक्षण, पकड़ी गड़बड़ियां



आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** धनबाद डीसी के निर्देश पर शनिवार को बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने बलियापुर प्रखंड अंतर्गत स्थित सिंगियाटांड़ उर्दू मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए विद्यालय प्रबंध समिति को प्राप्त आवंटन की जांच की गई। जिसमें कई प्रकार की अनियमितताएं पाई गई। प्राप्त आवंटन से संबंधित कैश बुक और क्रय की गई सामग्री से संबंधित भंडार पंजी विद्यालय में संधारित नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त छह महीना पहले ही सामग्रियों का क्रय किया गया है। पर क्रय की गई सामग्री विद्यालय में उपलब्ध नहीं है। इसी तरह विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए 10 हजार रुपए की खेल सामग्री क्रय करने का वाउचर दो महीने पहले का दिखलाया गया। पर एक भी खेल सामग्री विद्यालय में उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक दुगाई माझी से पूछताछ करने पर पता चला कि आपूर्तिकर्ता द्वारा अभी तक आपूर्ति ही नहीं की गई है। जबकि भुगतान क्रमशः छह महीने और दो महीने पहले ही हो चुकी है। उक्त मामले में फर्जी अभिश्रव के आधार पर भुगतान करना प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है। जिसके लिए संबंधित प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरण किया गया है। स्पष्टीकरण का जवाब प्राप्त होने के बाद विभागीय कार्रवाई के लिए जिला के वरीय अधिकारी को अनुशंसा की जाएगी।

## गोमिया में दूसरे दिन भी राजस्थान गेस्ट हाउस में चलाया गया जांच अभियान



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर दूसरे दिन भी गोमिया के पुलिस इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में कई होटलों में सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने होटल के सभी कमरों की तलाशी ली और रजिस्टर को खंगाला। इस दौरान राजस्थान गेस्ट हाउस, राहुल लॉज आदि की तलाशी ली गई। इस संबंध में गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र के होटलों एवं अन्य जगहों में पुलिस द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है। बताया कि राजस्थान गेस्ट हाउस में अलग-अलग कमरों की जांच की गई। जहां अलग-अलग कमरों में ठहरे चार व्यक्तियों एवं दो महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद ही कुछ बताया जा सकता है। बताया कि सभी होटल संचालकों को सख्त हिदायत दी गई है कि होटल में अविलंब सीसीटीवी कैमरा लगा लें और रजिस्टर को अपडेट रखें। होटल में ठहरने वाले प्रत्येक लोगों का मोबाइल नंबर के साथ आधार कार्ड का फोटो कापी जमा ले लें। इस अभियान में गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता, आइइएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार महतो, बेरमो महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी, अवर निरीक्षक अभिषेक किशोर व विमल शर्मा, सअनि संजय मंडल, सअनि दिलीप दास सहित सशस्त्र बलों के जवान शामिल थे।

## प्रदीप वर्मा अध्यक्ष और मुकेश बने सचिव



**कतरास (आजाद सिपाही)।** झामुमो बाघमारा प्रखंड कमेटी की बैठक शनिवार को काली मंदिर के समीप संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी ने की। इसमें धनबाद जिला समिति की अनुशंसा के आलोक में झारखंड युवा मोर्चा बाघमारा प्रखंड कमेटी का गठन एवं विस्तार की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष लक्ष्मण मोदक, नरेश यादव, सचिव मुकेश कुमार गुप्ता, संगठन सचिव शंभू महतो, सह सचिव मो सोनू खान, कोषाध्यक्ष शुधांशु पांडे को मनोनीत किया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य में गंगा चौहान, मिथिलेश पांडे, बसंत दास, कृष्णा मुर्मू, प्रदीप चौहान, पांचू नोनिया, शमीम अंसारी, नीलकंठ गोस्वामी, दारा मांझी, भोला रजवार शामिल हैं। इस मौके पर प्रखंड सचिव रंजीत महतो, विजय कुमार महतो, रितेश कुमार अग्रवाल, प्रदीप महतो, प्रफुल चंद्र महतो, रतीलाल मरांडी, नारायण रजवार, मो शफीक आदि थे।

## खदिया में युवक डूबा



**सिंदरी (आजाद सिपाही)** गोशाला ओपी क्षेत्र के नूतनडीह बस्ती के समीप बालू बंकर 8 नंबर खदिया में शनिवार की सुबह 8.30 बजे नहाने के दौरान एक स्थानीय युवक उसमें डूब गया। उसकी पहचान साधन सहीस (34) के रूप में हुई है। वह पेशे से दैनिक मजदूर था। इसकी सूचना पाकर गोशाला ओपी प्रभारी अनिल मंडल सदलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने खदिया के पानी में घुसकर खोजने का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। पता चला है कि साधन अपनी पत्नी, दो छोटी बेटियों, मां एवं भाई के साथ रहता था। घाटना के समय परिवार के सभी सदस्य अपने मूल निवास स्थान पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के सतरा में थे। खबर पाकर परिजन भी पहुंच गए हैं।

### कार्रवाई : बिहार के मुंगेर से अवैध हथियार लाकर बेचते थे धनबाद में

# हथियारों की तस्करी में लिप्त महिला बेटे के साथ गिरफ्तार

### देशी पिस्टल, मैगजीन व 14 जिंदा कारतूस जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही आचार संहिता भी लागू हो चुका है। चुनाव को शांतिपूर्ण व भयमुक्त संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जर्नादनन ने अवैध हथियार की खरीद-बिक्री व इस्तेमाल पर पूर्ण रोक लगाने के लिए निरसा एसडीपीओ के नेतृत्व में एक स्पेशल जांच टीम गठित की है। जिसमें निरसा थाना प्रभारी, गोविंदपुर थाना प्रभारी व गल्फरबाड़ी ओपी प्रभारी को शामिल किया गया। उक्त टीम ने चौकसी दिखाते हुए हथियारों की तस्करी व खरीद-बिक्री में लिप्त 50 वर्षीय एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक महिला का बेचा बताया जा रहा है। इस संबंध में शनिवार ोक संवाददाता सम्मेलम कर घटना की जानकारी दी। बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि निरसा स्थित आरती होटल, कंचनडीह के सामने भुईयाधौड़ा की रहने वाली 50 वर्षीय एक महिला और उसका पुत्र बिहार के मुंगेर जिले से अवैध देशी कट्टा, पिस्टल लाकर निरसा व उसके आसपास के थाना क्षेत्रों के बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर विशेष जांच टीम ने छापामारी करते हुए उषा देवी नामक महिला और उसके पुत्र कृष्णा यादव को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 7.65 एमएम के दो कंट्री मेड पिस्टल, 7.65 एमएम के 2 खाली मैगजीन और 7.65 एमएम के 14 जिंदा कारतूस जब्त किया। वहीं, छापामारी दल में गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद, निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, गल्फरबाड़ी ओपी प्रभारी नितिश कुमार, निरसा थाना के पवन तिर्की, आरक्षी लव कुमार सिंह, शिल्पी भगत, अशोक सोरेन, सिद्धेश्वर कुमार मेहता, राजेश कुमार सिंह के अलावा गोविंदपुर एवं गल्फरबाड़ी ओपी की टीम शामिल रही। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला प्रशासन ने 12 चेक पोस्ट के साथ ही अंतर जिला एवं इंट्रा डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट भी बनाए है। साथ ही 21 फ्लाइंग स्क्वायड टीम की तैनाती की गई है। अन्य राज्य या जिले से धनबाद में प्रवेश करने वाले वाहनों की जांच कर अवैध हथियार, नकदी, शराब व अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को लेकर घूम रहे लोगों पर कार्रवाई की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि अब तक आर्म्स एक्ट, एससी/एसटी, दंगा, वाहन चोरी करने वाले 2400 अपराधियों की सूची बनाई गई है। पुलिस द्वारा एक-एक व्यक्ति के घर जाकर जांच की जा रही है। साथ ही 14 अपराधियों के विरुद्ध क्राइम कंट्रोल एक्ट लगाने की अनुशंसा की गई है।



पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस के आला अधिकारी।

## चार टन अवैध कोयला सहित पिकअप जब्त, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगोदर सरिया के नेतृत्व में छापामारी टीम ने शनिवार की सुबह सात बजे सरिया-धनवार मुख्य सड़क पर पंदना खुर्द ग्राम के नजदीक औचक वाहन जांच अभियाना चलाया। इस दौरान एक पिकअप वाहन को रोका गया, जिसमें करीब चार टन अवैध कच्चा कोयला लगा था। सठीक दस्तावेज नहीं दिखा पाने के कारण पुलिस ने कोयला और वाहन को जब्त कर लिया गया। इस बाबत बिरनी थाना में भादवि की धारा 175, 414, 34 व 30 (2) के तहत मामला दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान राजकुमार राय (चालक), पिंटु यादव और नागेंद्र कुमार सिंह के रूप में हुई है। राजकुमार गिरिडीह जिले के जमुआ थाना क्षेत्र के धुरगडगी का रहने वाला है, जबकि पिंटु और नागेंद्र सरिया थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। सभी आरोपितों को बाद में न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। साथ ही उनके पूछताछ कर घटना में लिप्त अन्य आरोपितों की तलाश में छापामारी की जा रही है। वहीं, छापामारी दल में सरिया बगोदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धजय कुमार राम, बिरनी के थाना प्रभारी राजीव कुमार, आरक्षी गौतम कुमार चौधरी, आरक्षी आशोक कुमार दास और चौकिदार रामदेव राम आदि शामिल थे।




## मेरे ऊपर लगे आरोप सिद्ध होते हैं तो राजनीति से ले लूंगा सन्यास : ढुल्लू

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** धनबाद लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक शनिवार को चास स्थित पंचवटी मैरेज हाल में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय व संचालन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने किया। बैठक में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष व चंदनकियारी विधायक अमर बाउरी, मुख्य सचेतक व बोकारो विधायक बिरंची नारायण, बाघमारा विधायक व धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, लोकसभा प्रभारी सुरेश साव, संयोजक सत्येंद्र सिंह व सह संयोजक रोहित लाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अंबिका खवास आदि मौजूद थे। बैठक में चुनाव जीतने के लिए बोकारो एवं चंदनकियारी विधानसभा प्रबंधन समिति का गठन किया गया। वहीं, अपने संबोधन में कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। हम सभी को गिलहरी की तरह योगदान देकर जीत हासिल करनी है। इसके लिए आज से ही सभी लोग चुनाव तैयारियों में जुट जायें। जनता से संपर्क कर मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों को दें। वहीं, लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि वे रामभक्त हूं। गरीबों की सेवा करना काम है। उनके उपर जो भी आरोप है आंदोलनात्मक है। अगर सिद्ध होते हैं तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा। सबकी सुरक्षा की गारंटी और विकास मेरा काम है। वहीं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि इस बार आठ लाख से भी अधिक मतों से धनबाद लोकसभा क्षेत्र जीतेंगे। मौके पर मुकुल ओझा, कृष्ण कुमार मुन्ना, सागर सिंह, आरती राणा आदि मौजूद थे।



### धनबाद सीट पर पूर्णिमा नीरज सिंह कर रहीं दावेदारी

# हाइकमान के बुलावे पर विधायक गयीं दिल्ली, उम्मीदवारी को लेकर होगी चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा सीट पर एनडीए ने अपने उम्मीदवार का एलान कर दिया है, लेकिन इंडिया गठबंधन ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। सियासी गलियारों में चर्चा है कि झरिया से कांग्रेस की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, धनबाद लोकसभा सीट पर दावेदारी ठोक रही हैं। इस बीच सूत्रों के हवाले से ताजा जानकारी मिली है कि पूर्णिमा नीरज सिंह, हाइकमान के बुलावे पर दिल्ली गयी हैं। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली में पूर्णिमा नीरज सिंह, धनबाद लोकसभा सीट पर दावेदारी के सिलसिले में विचार-विमर्श करेंगी। बताया जा रहा है कि पूर्णिमा नीरज सिंह ने दिल्ली में झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात की। दोनों के बीच लंबी बातचीत भी हुई है। हालांकि, अभी स्पष्ट नहीं है कि उनके बीच क्या बात हुई है।



बता दें कि पूर्णिमा नीरज सिंह बीच-बीच में पार्टी संगठन के कामकाज पर नाराजगी जाहिर करती रही हैं। बीजेपी द्वारा प्रत्याशियों के नाम की घोषणा से पहले तक चर्चा ये भी थी कि पूर्णिमा नीरज सिंह बीजेपी में शामिल हो सकती हैं। उनको, धनबाद से उतारने के कयास थे। हालांकि, पार्टी ने इस सीट पर बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो को प्रत्याशी बनाया है।

बता दें कि झारखंड में बीजेपी ने चाईबासा से गीता कोड़ा, दुमका से सीता सोरेन और कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी को प्रत्याशी बनाया है। इंडिया गठबंधन ने अभी तक किसी महिला उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है। कांग्रेस पार्टी इस बात के लिए आलोचना का सामना भी कर रही है। पूर्णिमा नीरज सिंह कुछ वक्त से पार्टी संगठन के फैसलों और कामकाज पर सवाल उठाती रही हैं। नाराजगी जाहिर करती रही हैं। पिछले बजट सत्र के दौरान उन्होंने बीजेपी में जाने के सवाल पर कहा था कि अभी तो कांग्रेस में हूं लेकिन आगे का नहीं जानती। कांग्रेस पार्टी में धनबाद में फिलहाल, पूर्णिमा नीरज सिंह ही बड़ा चेहरा नजर आती हैं। ऐसे में कयास हैं कि पार्टी, इस संसदीय सीट से उनको प्रत्याशी बना सकती है। हालांकि, अभी सबकुछ कयास हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### लोस चुनाव: चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में कर्मियों को दिलायी गयी मतदाता शपथ

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने को लेकर शनिवार को चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में पदाधिकारी, कर्मी सहित सफाई कर्मियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इसकि जानकारी कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान ने दी। बताया कि देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। कहा कि शत प्रतिशत कर्मी वोटर लिस्ट में हैं। वे अवश्य मतदान करेगें। वहीं, मतदाता शपथ लेने वालों में कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान, सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन, सहायक अभियंता अंकित पराशर, कनिय अभियंता उत्तम कुमार, सीएमएम अरूण बड़ाईक, सब्बा प्रवीण, प्रिंस कुमार, सुपरवाइजर रवि प्रजापति, अनिल साव, चिन्मय बनर्जी, अमर दास, बैजू साव, अनुप कुमार आदि थे।

### आज भी खुला रहेगा चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय

**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** मार्च महीने का अंतिम दिन होने के कारण चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय रविवार को भी खुला रहेगा, ताकि राजस्व की प्राप्ति हो सके। इसकि जानकारी विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान ने दी। कहा कि क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी होल्डिंग टैक्स बकाएदार उपभोक्ता 31 मार्च तक बकाए राशि जमा नहीं करेगें तो उनके एकाउंट को नगर परिषद फ्रीज कर देगा। उन्होने कहा कि क्षेत्र के 53 सरकारी व गैर सरकारी बकाएदार उपभोक्ताओं पर विभाग का 7 लाख रुपया बकाया है। इन बकाएदारों को विभाग द्वारा अंतिम तीसरा नोटिस भेजी गई थी। सरकारी व गैर सरकारी उपभोक्ता जो भी होल्डिंग टैक्स के बकाए पैसे को अभी तक जमा नहीं किए हैं वे नगर परिषद कार्यालय में आकर बकाया राशि जमा कर दें। अन्यथा नगर परिषद द्वारा बाध्य होकर उनके एकाउंट को फ्रीज करना पड़ेगा। लगे हाथ उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### लोक अदालत का आयोजन, 33 मामलों का निष्पादन



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** रांची झालसा के निर्देशानुसार शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह गिरिडीह जिला विधिक सेवा प्राधिकार अध्यक्ष के मार्गदर्शन में किया गया। इस बाबत गिरिडीह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सोनम बिसनोई ने कहा कि मासिक लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक मामलों, सिविल वाद, क्लेम वाद, एन आई एक्ट वाद एवं बिजली विभाग, वन विभाग, उत्पाद विभाग, श्रम विभाग, माप-तौल विभाग, टेलीफोन विभाग से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाता है। इसके लिए मासिक लोक अदालत के सफल संचालन के लिए कुल-06 पीठों का गठन किया गया था। इस दिन मासिक लोक अदालत में कुल 33 मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें 13 लाख 12 हजार 800 रुपए की राजस्व की प्राप्ति हुई।

## लोकतंत्र के महापर्व में मीडिया की भूमिका अहम

### मतदाताओं को जागरूक व निष्पक्ष मतदान में सहयोग करें : डीसी

**मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला में एमसीएमसी, पेड न्यूज/फेक न्यूज व आइटी एप्लीकेशन के संबंध में दी गई जानकारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विजया जाधव की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एक कार्यशाल का आयोजन किया गया। जिसमें मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानीटरिंग कमेटी एवं विभिन्न आइटी एप्लीकेशन की जानकारी दी गई। मौके पर डीडीसी संदीप कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार और नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर डीसी विजया जाधव ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए मीडिया की भूमिका अहम है। मतदाताओं को बिना किसी प्रलोभन एवं नैतिक मतदान के लिए उनके मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करने में वे अपनी भूमिका निभाएं। कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव-2024 में मीडिया कर्मियों को भी आवश्यक श्रेणी में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कवरेज के लिए जारी प्राधिकार पत्र धारक जिले के सभी मीडिया कर्मी अपने कर्तव्य पर रहते हुए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। उन्होंने मीडिया कोषांग द्वारा मीडिया कर्मियों को उपलब्ध कराएं गए फॉर्म 12डी को समय पर भरकर उपलब्ध कराने की बात कहीं। वहीं, डीडीसी संदीप कुमार ने कार्यशाला में इलेक्शन एक्सपेंडिचर मोनीटरिंग के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत रूप से भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से मीडिया प्रतिनिधियों को अवगत कराया। आदर्श आचार संहिता के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यशाला में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय ने मीडिया प्रतिनिधियों को मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मानीटरिंग कमेटी के कार्य/दायित्व के संबंध में विस्तार से बताया। जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार ने निर्वाचन आयोग के विभिन्न आइटी अप्लीकेशन के उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। सी-विजिल एप, ईएसएमएस, वोटर हेल्प लाइन एप आदि के संबंध में बताया। इस मौके पर विभिन्न प्रिंट एवं ईलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़ (कार्मिक कोषांग)

**- :: प्रेस विज्ञप्ति :: -**

लोकसभा निर्वाचन चुनाव–2024 के निमित्त चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त किये गये मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों के द्वारा अपनी अस्वस्थता/बीमारी/दिव्यांगता की वजह से निर्वाचन कार्य से विमुक्ति हेतु रामगढ़ जिला निर्वाचन अंतर्गत कार्मिक कोषांग में अभ्यावेदन समर्पित किया जा रहा है।

प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त किये गये वैसे सभी मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों को सूचित किया जाता है कि जिन्होनें अपनी अस्वस्थता/बीमारी/दिव्यांगता की वजह से निर्वाचन कार्य से विमुक्ति हेतु अपना अभ्यावेदन कार्मिक कोषांग में समर्पित किया है, उन सबों की मेडिकल जांच हेतु गठित मेडिकल बोर्ड के द्वारा दिनांक 04.04.2024 से 06.04.2024 को पूर्वाह्न– 11:00 स्थल– सिविल सर्जन कार्यालय में किया जाएगा।

अतः सभी संबंधित मतदान पदाधिकारियों/कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को मेडिकल बोर्ड के समक्ष अपने चिकित्सा संबंधी कागजात/प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर अपनी स्वास्थ्य की जांच कराना सुनिश्चत करेंगे, ताकि मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा एवं प्रतिवेदन के आलोक में निर्वाचन कार्य से मुक्त करने संबंधी निर्णय लिया जा सके। उक्त तिथि के पश्चात किसी आवेदन/दावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, रामगढ़।

PR.NO.323440Election(23-24):D

### सांस्कृतिक उत्सव 'एमिटी-2024' का आयोजन

# समाज के हित के लिए काम करना चाहिए : डॉ नीलमाधव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा प्रबंधित स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज (एसपीएस) द्वारा शनिवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव एमिटी-2024 का उद्जापन किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में पूर्व राज्य औषधि निरीक्षक डॉ नीलमाधव दास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और छात्रों से चिकित्सा उपकरण निगरानी और फामाली सतर्कता के क्षेत्र में फार्मासिस्टों के लिए उत्पन्न होने वाले अवसरों को देखने के लिए कहा। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि उन्हें समाज के हित के लिए काम करना चाहिए।



एसपीएस के डीन प्रो सुदाम चंद्र सी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि साहित्यकार ममता दास मुख्य वक्ता थीं और सोआ छात्रमंगल डीन प्रो ज्योतिरंजन दास सम्मानित अतिथि थे ।

इस अवसर पर संस्थान की वार्षिक पत्रिका 'एरॉन-2024' का विमोचन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसपीएस के प्रोफेसर (डॉ.) लक्ष्मीधर महारणा ने किया। जबकि उद्धजापन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्टार नाइट रही।

# प्रियदर्शी मिश्र भाजपा में शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** उत्तर भुवनेश्वर के पूर्व विधायक प्रियदर्शी मिश्र ने बीजेडी से इस्तीफा दे दिया और बीजेपी में शामिल हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को सुबह बीजेडी से इस्तीफा दिया और दोपहर को बीजेपी में शामिल हो गये। प्रियदर्शी भाजपा कार्यालय में प्रदेश चुनाव अधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, भुवनेश्वर संसद अपराजिता षड़ंगी और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। प्रियदर्शी ने कहा कि उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा, क्योंकि उन्हें बीजेडी द्वारा नजरअंदाज किया गया और बार-बार उपेक्षित किया गया।



# के सूर्या राव कांग्रेस छोड़ कर बीजेडी में हुए शामिल



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के पूर्व विधायक के सूर्य राव बीजेडी में शामिल हुए। के सूर्य राव अपने समर्थकों के साथ शंख भवन जाकर वहां बीजेडी में शामिल हुए। के सूर्य 2014 से 2019 तक परालाखेमुंडी से विधायक थे। वह वहां बहुत लोकप्रिय हैं। उनके आज बीजेडी में शामिल होने से पारालाखेमुंडी विधानसभा और ब्रह्मपुर लोकसभा दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

# चिरंजीवी बिस्वाल ने कांग्रेस को अलविदा कहा



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जगतसिंहपुर विधायक चिरंजीवी बिस्वाल ने कांग्रेस छोड़ दी। चिरंजीवी 2004 से 2009 तक तिर्तोल से और 2014 से 2019 तक जगतसिंहपुर से कांग्रेस विधायक रहे। विधानसभा में विपक्षी दल के नेता के तौर पर भी चिरंजीवी ने कांग्रेस की आवाज बुलंद की। चिरंजीवी बिस्वाल राज्य कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष भी थे।

# विधायक धनेश्वर बीजेडी छोड़ बीजेपी में शामिल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पूर्व राज्यसभा सांसद और केसिंगा और नर्ला विधानसभा क्षेत्रों से 5 बार विधायक चुने गये धनेश्वर माझी शुक्रवार को बीजू जनता दल छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओडिशा के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। मोदी और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में देश और राज्य के लोगों का आस्था और विश्वास बढ़ रहा है। ओड़िशा की जनता का भरोसा मोदी सरकार और मोदी गारंटी पर बढ़ रहा है। वहीं दूसरी ओर बीजेडी राज्य के विकास में बड़ी बाधा बन गयी है। श्री माझी ने कहा कि बीजेडी में लोकतंत्र पूरी तरह से नष्ट हो गया है। प्रदेश कार्यालय में आयोजित विलय समारोह में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समीर महांति, पूर्व मंत्री सूरमा पाढ़ी, प्रदेश उपाध्यक्ष बिरची नारायण त्रिपाठी, प्रदेश सचिव सरोज कर, प्रदेश मीडिया समन्वयक सुजीत दास, आजाद हिंद पाणिग्राही ने पार्टी की ओर से नये सदस्यों का स्वागत किया।

# आकाश दास नायक ने बीजेडी से दिया इस्तीफा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** जाजपुर कोरेई के पूर्व विधायक आकाश दास ने बीजेडी से इस्तीफा दे दिया। आकाश ने कहा कि उन्होंने अपने स्वाभिमान और कोरेई की जनता के हितों के लिए पार्टी से इस्तीफा दिया है। इस्तीफा पत्र पार्टी अध्यक्ष को भेज दिया गया है। आकाश 2014 से 2019 तक कोरेई विधायक चुने गये थे। 2019 में आकाश ने इस बात पर गुस्सा जाहिर किया था कि उनका टिकट बिना किसी कारण के रद्द कर दिया गया और 2019 में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आकाश को मनाने के लिए मो कॉलेज अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी सौंपे थे। उन्होंने कहा कि वह आने वाले दिनों में कोरेई लोगों से चर्चा करेंगे और उन्हें अपनी रणनीति से अवगत करायेंगे। कई बार उन्होंने पार्टी में अहम जिम्मेदारियां संभालीं, यहां तक कि चुनाव प्रचार भी किया, लेकिन पार्टी ने शायद उनकी अहमियत नहीं समझी। इस पर गुस्सा जाहिर करते हुए आखिरकार आकाश ने पार्टी छोड़ दी।



# ओड़िशा कांग्रेस ने उम्मीदवारों से मांगे 50 हजार

- विधायक बोले- फंड नहीं चुनाव लड़ने के लिए बलिदान देना होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओपीसीसी) ने लोकसभा और ओड़िशा विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से 50 हजार रुपये जमा करने को कहा है। कमेटी अध्यक्ष शरत पटनायक ने संभावित उम्मीदवारों को लेटर भी जारी किया है। पटनायक ने कहा कि ओपीसीसी पार्टी की ओर से शॉर्टलिस्ट किये गये उम्मीदवारों से 50 हजार के चेक ले रही है, ताकि प्रचार से जुड़ी सामग्री दी जा सके।

कांग्रेस को 147 ओड़िशा विधानसभा सीटों और 21 लोकसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों से करीब 3 हजार आवेदन मिले थे। हालांकि, पटनायक ने उन शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की संख्या का खुलासा नहीं किया, जिन्होंने राशि का भुगतान किया।

हालांकि, सूत्रों ने कहा कि कई उम्मीदवारों ने पहले ही 50 हजार के चेक जमा कर दिए हैं। पटनायक ने कहा, उम्मीदवारों के नाम तय होने के बाद टिकट नहीं पाने वाले उम्मीदवारों को चेक लौटा दिए जायेंगे।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और विधायक तारा प्रसाद बाहिनीपति ने फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि कांग्रेस उम्मीदवारों को पार्टी के लिए कुछ बलिदान देना होगा। बाहिनीपति ने कहा, ये चेक आधिकारिक तौर पर स्वीकार किए जा रहे हैं और छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। चूंकि पार्टी के पास पर्याप्त धन नहीं है, इसलिए उम्मीदवारों को कुछ बलिदान देना होगा।

# बीजेडी डरा-धमका कर वोट हथियाने की कर रही कोशिश : प्रदीप पाणिग्राही

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में बीजू जनता दल सरकार 24 वर्षों से चुनाव जीतने के लिए अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रही है। बीजेडी ने विडियो, पुलिस अधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अपनी पार्टी के काम में लगा रही है। जब चुनाव आता है, तो प्रशासनिक अधिकारी बीजेडी कर्मचारियों की तरह काम करते हैं और जब चुनाव खत्म हो जाता है तो उनका तबादला दूसरी जगह कर दिया जाता है। यह घटना कोई नई बात नहीं है, लेकिन कई सालों से सत्ता में रही सत्ताधारी बीजेडी इतना घटिया काम कर रही है। आम चुनाव को स्वतंत्र, निरपेक्ष, भय मुक्त और निष्पक्ष बनाना जरूरी है। लेकिन ऐसा किये बिना, बीजेडी लोगों को डराने-धमकाने और पुलिस और प्रशासन का इस्तेमाल करके वोट चुराने की कोशिश कर रही है। मौजूदा चुनाव के लिए भी ऐसी चाल चल पड़ी है। गंजाम जिले और अन्य इलाकों में दक्षिण मध्य पुलिस के पूर्व आइजी द्वारा भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराया-धमकाया जा रहा है। विधायक और ब्रह्मपुर लोकसभा उम्मीदवार प्रदीप पाणिग्राही ने कहा कि इस संबंध में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सूचित किया जायेगा और यदि आवश्यक हुआ, तो भारत निर्वाचन आयोग को भी सूचित किया जायेगा। बीजेडी के पक्षपातपूर्ण हितों के लिए, राज्य सरकार अक्सर गंजाम जिले सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में कुछ पुरुखा अधिकारियों को तैनात करती है। चुनाव के बाद, उन्हें पुरस्कार पोस्टिंग से तबादला किया जाता है। श्री पाणिग्राही ने कहा कि आम चुनाव कैसे पारदर्शी, निष्पक्ष और निरपेक्ष होंगे, इसकी जांच सीइओ और इसीआइ को करनी चाहिए और कार्रवाई करनी चाहिए।



# सांसद अनुभव महांति का बीजेडी से इस्तीफा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** अभिनेता और सांसद अनुभव महांति ने बीजेडी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अनुभव महांति ने शनिवार को बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक को अपना इस्तीफा पत्र भेज दिया। अनुभव केंद्रापड़ा से सांसद थे। धीरे-धीरे बीजेडी को अलविदा कह रहे हैं बहु सारे दिग्गज नेता। आकाश दास नायक के बाद, केंद्रापड़ा बीजू जनता दल (बीजेडी) के सांसद अनुभव महांति ने बीजेडी को अलविदा कहा। उन्होंने पार्टी छोड़ने को लेकर बीजेडी सुप्रीमो नवीन पटनायक को इस्तीफा पत्र लिखा। पत्र में बिना कारण लिखे त्यागपत्र स्वीकार करने का उल्लेख है। 2019 में, बॉलीवुड सुपरस्टार अनुभन महांति केंद्रापड़ा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गये, लेकिन बाद में पारिवारिक कलह के कारण वह पार्टी कार्यक्रम से दूर रहे। यहां तक कि अपने फेसबुक पोस्ट में भी उन्होंने जय श्रीराम लिख कर चर्चा को और बढ़ा दिया। राजनीतिक समीक्षकों का मानना है कि बीजेडी छोड़ने के बाद वह बीजेपी में शामिल हो सकते हैं।



# माफिया डॉन मुख्तार अंसारी सदा के लिए दफन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गाजीपुर।** उत्तरप्रदेश के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को शनिवार को गाजीपुर के मुहम्मदाबाद यूसुफपुर के कालीबाग के कब्रिस्तान में माफिया डॉन मुख्तार अंसारी सदा के लिए दफन कर दिया गया। 30 हजार लोग मुख्तार के जनाजे में पहुंचे। उमड़ी भीड़ में दो तरह के लोग भी थे। किसी को मिट्टी देनी थी, तो किसी को उस माफिया को मिट्टी में मिलते देखना था, जिसकी जरायम की दुनिया में तूती बोलती थी।

इस दौरान डीएम आर्यका अखौरी ने मुख्तार के बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी से परिवार के लोगों को ही कब्रिस्तान में ले जाने को कहा। इसे लेकर अफजाल और डीएम के बीच तीखी बहस हो गयी। अफजाल ने कहा कि मिट्टी देने के लिए दुनिया में कोई परमिशन नहीं लेता है। जवाब में डीएम ने कहा कि धारा 144 तोड़ने वालों पर एफआइआर कराऊंगी। दोनों के बीच करीब 10 मिनट बहस चली। इसका वीडियो भी सामने आया है।



**बेटे ने मुख्तार के जनाजे पर इत्र छिड़का, मूंछों पर ताव दिया :** मुख्तार का शव बांदा से शुक्रवार की रात 1 बजकर 15 मिनट पर गाजीपुर स्थित पुश्तैनी घर लाया गया। शनिवार सुबह मुख्तार के पैतृक घर जिसे बड़ा फाटक कहते हैं, वहां मुख्तार का शव अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। बेटे उमर ने जनाजे पर इत्र छिड़का। मुख्तार की मूंछों पर आखिरी बार ताव दिया। जनाजा निकलने के बाद प्रिंस टाकीज मैदान पर नमाज-ए-जनाजा की रस्म अदा की गयी। इसके बाद मुख्तार अंसारी को शनिवार सुबह 10:45 बजे गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया।

**किसी के लिए था मसीहा, तो किसी के लिए आतातार्इ :** मुहम्मदाबाद की रामदुलारी बेटी के साथ इसलिए पहुंची थी कि कभी मुख्तार ने उसकी मदद की थी। रामदुलारी का कहना रहा कि दो बेटियों की शादी में पांच-पांच हजार रुपये की मदद इस परिवार से हुई है। इसे कैसे भूल सकती हूं। आगे कहा कि वह तो गरीबों के मसीहा थे। कासिमाबाद निवासी राजेश की नजर में उसकी पहचान एक आताताई से अधिक कुछ नहीं। राजेश ने कहा कि जिसने मानवता कुचलने में संकोच नहीं किया, जिसके रग-रग कानून को चोट पहंचाने वाले हों, मनवता को बेधने का काम किया हो वह किसी का हितैषी कैसे हो सकता है। अष्ट शहीद इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र अदीलाबाद निवासी अरुण कुमार इन दोनों विचारों से परे होकर साथियों संग पहुंचे थे। अरुण ने कहा कि मुझे नहीं पता कि आखिर उनका कौन सा रूप वास्तविक रहा, लेकिन सच्चाई है कि सदा से उनका नाम सुनता आया, लिहाजा जिज्ञासा हुई कि पहुंचना चाहिए, देखना चाहिए कि आखिर वह कैसा रहा। मुहम्मदाबाद कस्बा निवासी वीरेंद्र मौर्य की नजर में वह लोगों के मददगार थे।





आवश्यकता

रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है

संपर्क करें -

मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626 मोहशीन अंसारी:6203 921 912,

Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!


















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**